e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 284
शनिवार
19.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार

जिंदगी एक शिक्षक की तरह होती है जो, समय समय पर सबकी परीक्षा लेती है!

एनडीए में सीटों के बंटवारे पर लगी मुहर, इंडिया गठबंधन में जारी है मंथन

68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाजपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए सीट शेयरिंग की घोषणा हो गई है. रांची में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने इसका एलान किया है. एनडीए गठबंधन में बीजेपी को 68 सीट, जेडीयू 2, एलजेपी 1 और आजसू को 10 सीटें मिली हैं.

जेडीयू को तमाड़ और जमशेदपुर पश्चिमी सीट मिली है. जबकि एलजेपी को चतरा सीट मिली है. वहीं आजसू को गोमिया, रामगढ़, मनोहरपुर, जुगसलाई, ईचागढ़, डुमरी, लोहरदगा, सिल्ली, पाकुड़, मांडू सीट मिली है. जबकि चिराग पासवान की पार्टी एलजेपीआर चतरा से चुनाव लड़ेगी.

झारखंड विधानसभा के 81 सीटों के लिए बीजेपी ने सीटों का बंटवारा कर लिया है. सीट शेयरिंग की घोषणा होने के बाद अब बीजेपी जल्द ही अपने उम्मीदवारों के नाम की भी घोषणा कर सकती है. झारखंड में 13 नवंबर को पहले चरण का मतदान होना है. इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है. पहले चरण के लिए 25 अक्टूबर तक नामांकन प्रक्रिया चलेगी. इसके बाद 28 अक्टूबर को पर्चे की स्क्रूटनी की जाएगी. 30 अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं. वहीं दूसरे चरण के लिए 20 नवंबर को मतदान होना है. इसके लिए 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी. नामांकन की आखिरी तारीख 29 अक्टूबर होगी. दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है.

आजसू 10, जदयू 2 और लोजपा 1 सीट पर लड़ेगी चुनाव

बीजेपी जल्द करेगी प्रत्याशीयों की घोषणा : हिमंता

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जल्द ही प्रत्याशियों की सूची जारी होने की बात करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि महाराष्ट्र की सूची के साथ एक दो दिनों के अंदर में पार्टी के द्वारा यहां की भी सूची जारी की जाएगी. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस राज्य को कुशासन से मुक्त कराया जाएगा और चुनाव के लिए एनडीए के सभी सहयोगी दल चुनाव मैदान में एकजुट होकर उतरने जा रहे हैं.

जेडीयू को को मिला दो सीट

जेडीयू को तमाड़ और जमशेदपुर पश्चिमी सीट मिली है. जबकि एलजेपी को चतरा सीट मिली है. वहीं आजसू को गोमिया, रामगढ़, मनोहरपुर, जुगसलाई, ईचागढ़, डुमरी, लोहरदगा, सिल्ली, पाकुड़, मांडू सीट मिली है. जबकि चिराग पासवान की पार्टी एलजेपीआर चतरा से चुनाव लड़ेगी.झारखंड विधानसभा के 81 सीटों के लिए बीजेपी ने सीटों का बंटवारा कर लिया है.

हेमंत ने युवाओं को ठगने का काम किया : बाबूलाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में चल रही कुशासन को खत्म कर सुशासन लाने की बात कहते हुए कहा कि जो हेमंत सोरेन ने अपने पिता की कसम खाकर राज्य के नौजवानों को पांच लाख नौकरी देने का वादा कर 2019 में सत्ता में आए वही ठगने का काम किया. महिला उत्पीड़न राज्य में चरम पर है और भ्रष्टाचार का बोलबाला है ऐसे में एनडीए पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच जाने का काम करेगी.

झामुमो में शामिल हुए एनडीए के 2 दिग्गज नेता

रांची। झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद से भाजपा और आजसू दोनों को जबरदस्त झटका लगा है। शुक्रवार को भाजपा से जुमआ विधायक केदार हाजरा और आजसू के चंदनक्यारी से पूर्व विधायक रहे उमाकांत रजक ने झामुमो का दामन थाम लिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन की उपस्थिति में दोनों नेताओं ने सैकड़ों समर्थकों के साथ झामुमो पार्टी ज्वाइन किया। बताया जा रहा है कि उक्त नेताओं ने टिकट नहीं मिलने के कारण यह निर्णय लिया है। हालांकि आजसू नेता उमाकांत राजक ने बहुत इंतजार किया। लेकिन उसे कोई लाभ नहीं मिलता दिखा। इसलिए वे पार्टी छोड़कर झामुमो में चले गये। पार्टी छोड़ने वाले दोनों नेताओं को झामुमो टिकट देगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह शुरुआत है। भाजपा के विधायक और आजसू के पूर्व विधायकों के साथ उसके नेता कार्यकर्ता गण को भी पता है कि उनकी पार्टी में कोई मान सम्मान नहीं बचा है। जहां मान सम्मान ना बच्चा हो,वैसी पार्टी में बने रहने से पार्टी छोड़ना बेहतर है। यही वजह है कि दूसरे दलों से हमारी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा में आ रहे हैं और इसका सिलसिला जारी है। हमारी पार्टी जनहित की पार्टी है। विकास करने वाली पार्टी है। इसलिए सभी जुड़ रहे हैं।

कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर हुई चर्चा

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक शुक्रवार को कांग्रेस भवन में हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह चुनाव समिति के चेयरमैन केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित थे। बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि बैठक में विधानसभा वार उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा हुई। समिति के सदस्यों के जरिये प्रत्येक विधानसभा के लिए नामो की अनुशंसा की गई। इसके बाद उम्मीदवारों के चयन के लिए अंतिम निर्णय के लिए सर्वसम्मति से शीर्ष नेतृत्व को अधिकृत किया गया। बैठक में शामिल सदस्यों ने विधानसभा वार सीटों के संदर्भ में गठबंधन पर समीकरणों के साथ चर्चा की। साथ ही शीर्ष नेतृत्व द्वारा घोषित उम्मीदवार की जीत के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर बल दिया गया।

अंतिम चरण में सीट बंटवारे पर बातचीत : उद्धव

मुंबई : महाराष्ट्र में चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है और राज्य के दोनों बड़े गठबंधन अपनी सहयोगी पार्टियों के साथ सीट-बंटवारे को लेकर गहन चर्चा कर रहे हैं। इस कड़ी में शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने राज्य में महा विकास अघाड़ी गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर बड़ा दावा किया है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि एमवीए सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत अंतिम चरण में है, कल या अगले 2 से 3 दिनों में सीट बंटवारे की डील पक्की हो सकती है। इधर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर गतिरोध के बीच शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को आगाह किया कि सहयोगियों के बीच सौदेबाजी को टूटने की स्थिति तक नहीं पहुंचने दिया जाना चाहिए। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में राजनीतिक परिदृश्य बदल गया है और लोगों ने विपक्षी एमवीए को सत्ता में लाने का फैसला किया है, जिसमें कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) शामिल हैं।शिवसेना (यूबीटी) नेता ने आगे कहा कि उन्होंने सीट बंटवारे की बातचीत में शामिल अपने पार्टी नेताओं से यह नहीं सुना है कि सौदा पक्का करने में कोई बड़ी समस्या थी।

प्रधानमंत्री मोदी को पुतिन ने दिया ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने का न्योता

इस दौरे के दौरान पीएम मोदी ब्रिक्स सदस्यीय देशों के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं।

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22-23 अक्तूबर को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए रूस का दौरा करेंगे। बता दें कि इस बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन रूस के कजान में किया जा रहा है। इस दौरे के दौरान पीएम मोदी ब्रिक्स सदस्यीय देशों के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं। पीएम मोदी इससे पहले जुलाई में भी रूस का दौरा कर चुके हैं। आठ जुलाई को पीएम मोदी ने रूस का दौरा किया था। वह राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन को आयोजित करने के लिए रूस पहुंचे थे। इस दौरान पीएम मोदी ने पुतिन के साथ वार्ता की, जिसके दौरान व्यापार और रक्षा सौदों सहित द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। अपनी इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से भी सम्मानित किया गया था। इसके अलावा पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी चर्चा हुई। बता दें कि फरवरी 2022 में मास्को की तरफ से यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली रूस यात्रा थी। इसके एक महीने बाद ही उन्होंने यूक्रेन का दौरा किया था। पोलैंड की यात्रा खत्म कर वे ट्रेन से 10 घंटे का सफर करके यूक्रेन पहुंचे थे। अपनी इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की।

सभी जमानतीय एवं गैर जमानतीय वारंट व कुर्की का निष्पादन सुनिश्चित करें सभी एसपी : के. रवि कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन 2024 में आदर्श आचार संहिता लागू है। इस दौरान सभी वरीय पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक अपने क्षेत्राधिकार में लंबित सभी जमानतीय एवं गैर जमानतीय वारंट इश्तेहार एवं कुर्की का निष्पादन सुनिश्चित कर लें। वह शुक्रवार को सभी जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक के साथ निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पूर्व में भी कई बार ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण सूचना प्रकाश में आई है कि चुनाव के दौरान हिंसा एवं अपराध में वैसे व्यक्ति शामिल रहे हैं, जिनके विरुद्ध जमानतीय एवं गैर जमानतीय वारंट इस्तेहार एवं कुर्की की कार्रवाई लंबित थी। इसके अतिरिक्त पदाधिकारी अपने क्षेत्रों के प्रत्याशियों, उनके प्रस्तावकों एवं समर्थकों के भी वारंट इश्तेहार, कुर्की संबंधी लंबित मामलों का सत्यापन कर लें, जिससे इनके द्वारा नामांकन अथवा चुनाव प्रचार के दौरान किसी प्रकार का प्रभाव नहीं डाला जा सके।श्री कुमार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के संधारण में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरते। राज्य में सभी चेकपोस्टों पर सघन जांच करें, अवैध खनन, अवैध राशि के लेनदेन, अवैध शराब एवं प्रतिबंधित नशे की सामग्री पर सख्ती से कार्रवाई करें।इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी श्री ए वी होमकर ने कहा कि सभी जिले के पुलिस अधीक्षक अपने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाते हुए सभी जमानतीय एवं गैर जमानतीय वारंट इस्तेहार एवं कुर्की का निष्पादन कर रिपोर्ट समर्पित करें।

तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन

रांची - विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए नामांकन के पहले दिन शुक्रवार को कुल तीन लोगों ने अपनी उम्मीदवारी का पर्चा दाखिल किया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने निर्वाचन सदन, धुर्वा में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि जमशेदपुर पश्चिमी, रांची और कांके विधानसभा क्षेत्र से एक-एक व्यक्ति ने नामांकन पत्र भरा है। प्रथम चरण के चुनाव के लिए 25 अक्टूबर तक नामांकन होगा। नामांकन अवकाश के दिन को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक होगा।उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक सवा करोड़ रुपये के अवैध सामान और नकदी की जब्ती की गयी है।

पलामू पुलिस ने माओवादियों द्वारा छुपा कर रखे गए राइफल और गोली किया बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पुलिस ने विधानसभा चुनाव के दौरान बड़ी घटना को अंजाम देने की माओवादियों की योजना को विफल कर दिया.पुलिस ने माओवादियों द्वारा छुपाकर रखे गए हथियार और गोली बरामद किया. हथियारों का यह खेप पलामू के पिपरा थाना क्षेत्र के झरना पहाड़ी से बरामद किया गया है. माओवादियों ने हाल ही में हथियारों को साफ कर उन पर ऑयल लगाया था, ताकि उनमें जंग न लगे।जानकारी के अनुसार माओवादी विधानसभा चुनाव के दौरान बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे. पुलिस ने मौके से एक 303 राइफल, 54 एसपीआरजी पीपीयू लिखा हुआ, 26 एसपीआरजी एसएंडजी लिखा हुआ व 914 0.22 एमएम की गोलियां बरामद की गई हैं।पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि बरामद हथियारों का इस्तेमाल विधानसभा चुनाव के दौरान माओवादियों द्वारा किया जा सकता था. बरामद राइफलें पुलिस से लूटी गई थीं।

हथियारों का यह जखीरा 15 लाख रुपये के इनामी माओवादी नितेश यादव, 10 लाख रुपये के इनामी माओवादी संजय गोदराम और इंताज अंसारी उर्फ ठेंगन ने इकट्ठा किया था।पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि बरामद गोली पर कुछ नंबर लिखे हैं. जब इस नंबर और कोड की जांच की गई तो पता चला कि यह नंबर अमेरिका और सर्बिया में बनी गोलियों पर लिखा जाता है. मामले की फोरेंसिक जांच कराई जाएगी. बरामद राइफल पर नंबर भी लिखे हैं, जिससे पता लगाया जा रहा है कि बरामद राइफल कहां से लूटी गई थी।माओवादियों से बरामद 0.22 एमएम की गोली को पुलिस अहम मान रही है. एसपी ने बताया कि इस गोली का इस्तेमाल लैंडमाइंस और मोर्टार बनाने में होता था. पुलिस की छापेमारी अभियान में एसडीपीओ अवध किशोर यादव, इंस्पेक्टर द्वारिका राम, थाना प्रभारी विमल कुमार और जगुआर टीम शामिल थी।

सीधा प्रसारण शुरू करने की तैयारी में सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी): सुप्रीम कोर्ट अब नियमित अदालती कार्यवाही का सीधा प्रसारण शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट की सभी बेंचों की कार्यवाही का सीधा प्रसारण करने की सुविधा के लिए एक ऐप के जरिए परीक्षण किया जा रहा है। फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट में संवैधानिक पीठ में होने वाली सुनवाई का ही सीधा प्रसारण किया जाता है। आज परीक्षण के तौर पर सभी बेंचों की सुनवाई का प्रसारण का परीक्षण किया गया।

क्विक न्यूज

सत्येंद्र जैन को जमानत मिलने पर आआपा नेताओं ने जताई खुशी

नई दिल्ली : मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट से शुक्रवार को जमानत मिलने के बाद दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के परिवार के लोगों के साथ आम आदमी पार्टी के नेताओं ने भी खुशी जताई है। सत्येंद्र जैन की बेटी श्रेया जैन ने मीडिया में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि,हमें हमेशा से पता था कि ऐसा होगा, यह बस समय की बात है। हम बहुत खुश हैं कि अदालत ने हमें न्याय दिया है। दीवाली आने वाली है, लेकिन मुझे लगता है कि इस साल यह हमारे लिए जल्दी आ गई। इसके पहले सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम ने कहा यह हमारे लिए मुश्किल समय था, हमने बहुत लंबे समय तक इंतज़ार किया।

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान का हिस्सा बनने की अपील की

नई दिल्ली : दिल्ली हाट में शुक्रवार को आयोजित विशेष खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने सभी देशवासियों से खादी व लोकल उत्पादों को अधिक से अधिक खरीदने की अपील की।दिल्लीवासियों से विशेष आग्रह किया कि वे त्योहारों की खरीदारी के लिए इस खादी प्रदर्शनी में पधारें और स्वदेशी खादी उत्पादों की खरीदारी कर प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप 'वोकल फॉर लोकल' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान का हिस्सा बनें।

अरबों रुपये के सहकारी घोटाले में नेपाल के गृहमंत्री रवि लामिछाने गिरफ्तार

काठमांडू : अरबों रुपये के सहकारी घोटाले में नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने को गिरफ्तार कर लिया गया है। रवि की गिरफ्तारी की खबर के साथ ही पार्टी मुख्यालय पहुंचे सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध में जमकर नारेबाजी की है। पार्टी मुख्यालय से गिरफ्तार करके उन्हें पोखरा ले जाया जा रहा है, जहां रविवार को जिला अदालत में पेश किया जाएगा।सहकारी घोटाले में दोषी पाए जाने के बाद राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष तथा पूर्व गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया गया था। केंद्रीय अनुसंधान विभाग ने शुक्रवार की शाम को काठमांडू स्थित पार्टी मुख्यालय से रवि लामिछाने को गिरफ्तार किया है। रवि की गिरफ्तारी की खबर पाकर पार्टी मुख्यालय पहुंचे समर्थकों ने विरोध में जमकर नारेबाजी की।

मध्य प्रदेश सरकार बनाने जा रही है आकर्षक फार्मा पॉलिसी: मुख्यमंत्री

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश में केमिकल, फार्मा, पेट्रो-केमिकल और प्लास्टिक जैसे उद्योगों के लिए बेहतरीन इको-सिस्टम विद्यमान है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बीना में भारत पेट्रोलियम की 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की पेट्रो-केमिकल परियोजना का भूमि-पूजन किया गया, जिसका कार्य आरंभ हो गया है। प्रदेश में 35 हजार करोड़ की गेल इंडिया की वृहद पेट्रो-केमिकल परियोजना का काम तेजी से जारी है, इससे 25 हजार व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

प्रदूषण स्तर कम करने के लिए अतिरिक्त ट्रेनें चलाएगी दिल्ली मेट्रो

नई दिल्ली : मौजूदा त्योहारी सीजन में प्रदूषण स्तर कम करने के लिए दिल्ली मेट्रो ने अतिरिक्त ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। साथ ही जनता से अपील की है कि त्योहारी सीजन के दौरान सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें।दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मुताबिक त्योहार के मौसम और शहर में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को देखते हुए दिल्ली मेट्रो अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन करेगा। इसमें विशेष अवसरों और ग्रेप फेज-II और III लागू होने के बाद यात्रियों की सुविधा के लिए मेट्रो ट्रेनों की आवाजाही बढ़ाई जाएगी। जब भी ग्रेप चरण-II लागू होगा, तब से डीएमआरसी सभी लाइनों पर हफ्ते के दिनों में 40 अतिरिक्त मेट्रो ट्रेन चलाएगा। इसके अलावा जब ग्रेप चरण III या उच्चतर लागू होने की नौबत आएगी तो 20 अतिरिक्त ट्रेनें चलाई जाएंगी।

रांची का तापमान

अधिकतम 27°
न्युनतम 20°

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, शनिवार, 19 अक्टूबर 2024 | पेज 2

प्रमंडलीय आयुक्त ने गढ़वा और भवनाथपुर में किया विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा गढ़वा जिले के 80-गढ़वा एवं 81-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन किया। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निबंधन, मतदान दिवस के दिन परिवहन की सुविधा, मतदान केन्द्रों पर रैंप, व्हील चेयर, चेयर की उपलब्धता का आकलन किया। साथ ही वोलेंटियर का सहयोग लेने संबंधी जानकारी ली। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर कार्यरत बीएलओ एवं उपस्थित पदाधिकारियों से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने मतदान केंद्रों के मतदान कक्ष में मतदान के दिन के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पंखा को ठीक एवं चालू स्थिति में रखने का निर्देश दिया। आयुक्त ने मतदान केन्द्रों पर महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय व्यवस्था को भी देखा और वहां रनिंग वाटर की व्यवस्था एवं शौचालय जाने के रास्तों में साइनेज लगाने का निर्देश दिया। इसके अलावा कुछ मतदान केन्द्रों की रैंप को मरम्मत करवाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर चिकित्सा किट, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट आदि अन्य आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने बीएलओ से मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या से भी अवगत हुए। साथ ही जो मतदाता मतदान केन्द्र पर पहुंचने में असमर्थ हैं, उनके लिए फॉर्म 12डी को भरवाने का निर्देश दिया, ताकि मतदान केंद्रों पर पहुंचने में अक्षम मतदाताओं का होम वोटिंग कराया जा सके। आयुक्त ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं की मामूली कमियों को तत्काल दूर करने का निर्देश देते हुए कहा कि आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं होने से मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह एवं रूझान बढ़ेगा। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराए जा रहे न्यूनतम सुविधाओं के संबंध में मतदाताओं को जागरूक करने का भी निर्देश दिया। आयुक्त ने 80-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के आर.के सीएम एक्सीलेंस स्कूल, गढ़वा, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय मेन रोड, गढ़वा एवं रामा साहू सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस, गढ़वा तथा 81- भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पीएमश्री राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रमना, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रमना के मतदान भवन में अवस्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया। आयुक्त के भ्रमण के दौरान गढ़वा के उपायुक्त शेखर जमुआर, आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पाण्डेय, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, प्रमंडलीय जनसम्पर्क कार्यालय के एपीआरओ बिजय कुमार ठाकुर तथा संबंधित मतदान केन्द्रों पर बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

बिश्रामपुर विस क्षेत्र के आठ प्रत्यासियों ने खरीदा नामांकन पत्र

विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): विधानसभा चुनाव का नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई. पहले दिन बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के कुल आठ प्रत्यासियों ने नामांकन पत्र खरीदा. पूर्व विस प्रत्यासी अंजू सिंह के लिए अंजू अभिमन्यु टीम के मीडिया प्रभारी राहुल दुबे ने नामांकन पत्र लिया.साथ में टीम के युवा नेता मंटू सिंह भी मौजूद रहे. दूसरा नामांकन पत्र भाकपा माले मास लाइन के उम्मीदवार डॉ अनिल मिस्त्री ने खरीदा. इसके अलावा बसपा नेता गोपाल राम, राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह, राजीव रंजन पांडेय, रौशन सिंह, सिराजुद्दीन खान व शाहने आरा खान ने भी नामांकन पत्र खरीदा है।

नंददेव सर एकेडमी शिक्षा संस्थान मे नि-शुल्क होगा नामांकन

नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता): नौड़ीहा बाजार प्रखंड के न्यू पेट्रोल के समीप स्व नंददेव सर एकेडमी शिक्षा संस्थान नि- शुल्क नामांकन जारी है। यह शिक्षा संस्थान मे क्लास 6 से 12 वी तक डिजिटल क्लास की सुविधा मुहैया की गई है, और निर्धन व मेघावी छात्र-छात्राओं की शिक्षा नि- शुल्क दी जाएगी। सभी विषयों की शिक्षा योग्यताधारी शिक्षकों के द्वारा दिया जायेगा। इसकी जानकारी नंददेव सर एकेडमी शिक्षा संस्थान के निर्देशक उपकार रवि ने दिया।

सात दिवसीय रुद्र चंडी महायज्ञ की शुरूआत भव्य शोभायात्रा के साथ किया गया

बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर परिसर में सर्वजन कल्याण के लिए सात दिवसीय रुद्र चंडी महायज्ञ की शुरूआत गुरूवार को भव्य शोभायात्रा के साथ हुई । गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा क्षेत्र भ्रमण के बाद यज्ञ स्थल पर पहुंच कर समाप्त हुआ। यहां कलशों की स्थापना की गई।रूद्र चंडी महायज्ञ की तैयारी पिछले लंबे समय से चल रही थी। गुरुवार की सुबह आचार्य और गणमान्य लोग यज्ञ स्थल पर पहुंचे। यहां महाशक्ति पीठ विंध्याचल धाम के साधक स्वामी श्री सत्येंद्रानंद जी महाराज ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर यज्ञ की शुरूआत कराई। इसके पहले महायज्ञ स्थल से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल भक्त भक्ति गीतों पर झूमते हुए पूरे इलाके का भ्रमण किया। शोभायात्रा राजा पहाड़ी शिव मंदिर से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए हनुमान मोड़ आकर पुनः यज्ञ स्थल पर खत्म हो गया। शोभायात्रा के दौरान जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बाद ध्वजारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान सत्येंद्रानंद जी महाराज ने कहा कि रुद्र चंडी महायज्ञ लोक कल्याण के लिए कराया जा रहा है। महायज्ञ से आसुरी शक्तियों का नाश होता है। जनकल्याण के लिए समाज के हर वर्ग को इसमें भागीदारी करनी चाहिए। वही शोभा यात्रा में पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह, कमिटी के संरक्षक डॉ संतोष कुमार, अध्यक्ष सौरभ पांडेय, उपाध्यक्ष गोपाल पाठक, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, सचिव नंदलाल प्रसाद,अशोक जायसवाल, उपसचिव शिवम् कुमार, सदस्य अश्विनी कुमार, नितेश कुमार, हिमांशु कुमार, रामचंद्र विश्वकर्मा, सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

किसान ब्रिगेड ने किया चुनाव पर चर्चा संगोष्ठी का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ संजय सिंह की अध्यक्षता में आज हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के कर्नल ब्रिगेड और किसान ब्रिगेड की एक अहम बैठक हुई. बैठक में कर्नल संजय सिंह ने कहा कि उन्होंने भाजपा में उन्होंने तम-मन-धन से काम किया. पार्टी की सेवा की. वे चाहते थे कि भाजपा के माध्यम से ही हुसैनाबाद की सेवा करें, लेकिन हाल के दिनों में जो कुछ घटनाक्रम हुए हैं, उसको देखते हुए वे अब बड़ा फैसला लेने को मजबूर हुए हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा के माध्यम से हुसैनाबाद के भ्रष्टाचार से मुक्त कराना चाहते थे. इसके लिए किसान ब्रिगेड, महिला ब्रिगेड और युवा ब्रिगेड का माध्यम से काम कर रहे थे, लेकिन भाजपा ने एक भ्रष्टाचारी और दागी और हुसैनाबाद को 25 सालों से शोषण, अशिक्षा और किसान विरोधी नेता को शामिल करके हमारी उम्मीदों को तोड़ा है. कर्नल संजय सिंह ने कहा कि आज किसान ब्रिगेड, महिला ब्रिगेड और यूथ ब्रिगेड की बैठक में आगे रणनीति तय की जायेगी और विधानसभा चुनाव में अपना प्रतिनिधि उतारेंगी. विचार-विमर्श के बाद उम्मीदवार का नाम तय किया जायेगा. उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद की जनता को तय करना है कि वह अपना मान सम्मान एक दागी के हाथों में देगी या अपना सच्चा प्रतिनिधि चुनेगी.इस अवसर पर हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दल एनसीपी राजद बीएसपी भाजपा के सैकड़ों लोगों ने किसान ब्रिगेड की सदस्यता ग्रहण किया उन्हें कर्नल संजय कुमार सिंह ने फूल माला देकर उनका किसान ब्रिगेड में स्वागत किया मौके पर बिन्देश्वरी यादव विनोद पासवान पूर्व प्रमुख सतनारायण पासवान पंसस सतेन्द्र भुईयां जुगनू मेहता पंसस राजा राम पासवान उपेन्द्र मेहता रनधीर पटेल संतोष राम संगीता शाहबुद्दीन अंसारी सराजु अंसारी इशरार अहमद उर्फ गुड्डू देवी देवन्ती देवी मीना देवी लालमती देवी सहित सैकड़ों संख्या में किसान ब्रिगेड के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में विस चुनाव का नामांकन शुरु : एसडीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : झारखंड के पलामू जिलार्न्तगत हुसैनाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या 79 में चुनाव को लेकर शुक्रवार को नामांकन कराने का काम अनुमंडल कार्यालय हुसैनाबाद में शुरु कर दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी कृष्णकांत कनवड़िया ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर या सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सह हैदरनगर के बीडीओ विश्व प्रताप मालवा को अभ्यर्थी या उनके किसी प्रस्थापक द्वारा 25 अक्टूबर तक लोक अवकाश दिन से भिन्न किसी भी दिन 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न के बीच अनुमंडल पदाधिकारी, हुसैनाबाद सह निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष, प्रथम तल, अनुमण्डल कार्यालय, हुसैनाबाद में परिदत्त किये जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन पत्र के प्रारुप पूर्वोक्त स्थान व समय पर अभिप्राप्त किये जा सकेंगे। नाम निर्देशन पत्र संवीक्षा का प्रपत्र इसी कार्यालय में 28 अक्टूबर को 11.00 बजे पूर्वाह्न से लिये जायेंगे। अभ्यर्थिता नाम वापस लेने की सूचना या तो अभ्यर्थी द्वारा या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा या उसके निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा जो अभ्यर्थी द्वारा उसे परिदत्त करने के लिये लिखित में प्राधिकृत किया गया हो, उपरोक्त ऑफिसरों में से किसी को 30 अक्टूबर को 3 बजे अपराह्न के पूर्व परिदत्त किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन लड़े जाने की दशा में 13 नवंबर को कुल 342 मतदान केन्द्रों में से 6 मतदान केन्द्र संख्या 222, 223, 320 - 322, 327 में प्रातः 7 बजे पूर्वाह्न से 4 अपराह्न के बीच उनका मतदान होगा। शेष 336 मतदान केन्द्रों पर प्रातः 7 बजे पूर्वाह्न से 5 बजे अपराह्न के बीच मतदान होगा। इस संबध में विधिवत लिखित सूचना भी सार्वजनिक कर दिया गया है।

आचार संहिता का करें नियमित पालन : एसडीपीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर : आदर्श आचार संहिता का करें पालन उल्लंघन करने वाले पर करें कानूनी कार्रवाई। उक्त बातें एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने कहीं। वे शुक्रवार को चैनपुर थाना कक्ष में पुलिस कर्मियों के साथ आचार संहिता को लेकर बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में आचार संहिता लागू हो चुका है पुलिस के कंधे पर शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेवारी है। पुलिस क्षेत्र में आचार संहिता के पालन करने को लेकर तत्परता से कार्य करें कोई भी आचार संहिता का उल्लंघन करें तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दे पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब, अवैध वाहन सहित चुनाव को प्रभावित करने वाले को कुकृतियों पर पैनी नजर रखेगी। मौके पर चैनपुर इंस्पेक्टर जीतराम महली, थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, एएसआई बाबूलाल दुबे, संजय कुमार, मनोज कुमार, छात्रधारी कुमार, अनिल विद्यार्थी, सी के चौधरी, सहित चैनपुर थाना के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

झारखंड युवा विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष 23 अक्तूबर को करेंगे नामांकन दाखिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : झारखंड युवा विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा प्रत्यासी रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकाश दुबे आगामी 23 अक्तूबर को अपना नामांकन दाखिल करेंगे.इसकी जानकारी खुद विकाश दुबे ने पत्रकारों को दी. श्री दुबे ने शुक्रवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के दर्जनों गांव का भ्रमण कर लोगों को नामांकन रैली में चलने हेतु आमंत्रित किया. श्री दुबे ने कहा कि सेवाभाव के साथ राजनीत मे आया हूं. बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के विकास का मॉडल भी साथ लेकर आया हूं. हमारे पास विकास का सिर्फ विजन ही नहीं है बल्कि उसका रोड मैप भी तैयार है. मौका मिला तो बगैर किसी भेदभाव के न्याय के साथ क्षेत्र का विकास होगा. जिसमें सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जायेगी. उन्होंने दावा किया कि नामांकन रैली में दस हजार से भी ज्यादा लोग शामिल होंगे. मौके पर पार्टी के कई कार्यकर्ता और काफी संख्या मे आम लोग मौजूद थे।

केतार पुलिस ने अवैध महुआ शराब बनाने को लेकर किया छापेमारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

केतार : थाना अंतर्गत ग्राम-पंचायत परती कुशवानी में शुक्रवार को थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी एवं उनके दलबल के साथ अवैध देशी महुआ शराब बनाने को लेकर छापामारी किया गया। इस दौरान परती कुशवानी गांव निवासी 42 वर्षीय शिवरतन चौधरी पिता गराई चौधरी के घर शिकायत के आलोक में छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में करीब 200 केजी जावा महुआ विनष्ट भी उक्त प्रशासन के द्वारा किया गया। साथ ही करीब 35 लीटर अवैध देसी महुआ शराब को जप्त करते हुए केतार थाना कांड संख्या 66/24 दर्ज किया गया है।

विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर हुसैनाबाद में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद, पलामू : विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर अनुमंडल प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। संबंधित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ अनुमंडलीय सभागार में भूमि उप समाहर्त्ता गौरांग महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में 45 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 45 सेक्टर पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। इसमें निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिया गया। मौके पर श्री महतो एवं हुसैनाबाद के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल प्रशासन स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने को लेकर प्रतिबद्ध है। निर्वाचन कार्य में सभी की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, सभी अपने निर्वाचन दायित्वों का सही से अनुपालन करें। उन्होंने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी प्रशिक्षण सत्र में अपने कार्य दायित्व को समझ कर,ससमय अपने कार्यों को पूरा कर अनुमंडल कार्यालय में प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। उन्होंने पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारीकी से अध्ययन करने, उसका पालन करने का निर्देश दिया गया। मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में अपने जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से समझें। सेक्टर पदाधिकारी को अपने सेक्टर के अधीन समस्त मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने, वेल्नेरेबिलिटी मैपिंग, उन गांव/मोहल्लें को चिह्नित करना, जिनमें डरा धमकाकर मतदान से रोका जाता है एवं विधिसम्मत क्या कार्रवाई की जा सकती है, इसपर प्रकाश डाला गया। पंकज कुमार ने कहा कि मतदान केन्द्र के पहुंच मार्ग का भौतिक सत्यापन, वल्नेरेबिलिटी मैपिंग एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के मापदंड के बारे में पूर्ण जानकारी रखें। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता बिना भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें इसे सुनिश्चित करना है। मतदान के लिए किसी भी प्रकार का प्रलोभन या डरा- धमकाकर मतदान से वंचित रखने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया।

बिशुनपुरा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी का किया उद्भेदन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : 12 अक्टूबर को पिपरी कला स्थित दुर्गा पूजा पंडाल के बगल से हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल तथा रमना थाना क्षेत्र के रोहिला ग्राम से दूसरी मोटर साइकिल की चोरी 23 सितंबर को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ली गई थी। उक्त बातें अपने कार्यालय कक्ष में एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में बिशुनपुरा थाना में कांड सं0- 51/24 दर्ज किया गया था। चोरी की दोनो घटनाओं को लेकर पुलिस उपाधीक्षक श्री वंशीधर नगर के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक अंचल नगर उंटारी रतन कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी हेतु एक टीम का गठन किया गया। उपर्युक्त दोनो कांडों में छापामारी के क्रम में चोरी गयी मोटरसाइकिल बरामद करते हुए कांड में शामिल दो अप्राथमिकी अभियुक्त राजा बाबू उर्फ मो0 कैफ अंसारी उम्र 23 वर्ष ग्राम पिपरी टोला थाना विशुनपुरा तथा इकबाल अंसारी उर्फ करार उम्र 23 वर्ष ग्राम ठंडवा पो0 ठंडवा थाना- रमना,दोनो जिला- गढ़वा को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों अभियुक्तों के पास से बिना नम्बर प्लेट की काले रंग का हीरो स्पलेंडर तथा काले रंग का हीरो होंडा JH02N1786 को बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।छापेदारी दल में पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह, पु.अ.नि अमित प्रशांत, स.अ.नि मनोज कुमार पांडेय, हव.श्याम सुंदर राम तथा आरक्षी राजकिशोर शर्मा शामिल थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
राजधानी
रांची, शनिवार, 19 अक्टूबर 2024| पेज 3

संक्षिप्त खबरें

डोरंडा थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी का एनएसयूआई ने किया स्वागत

रांची। शुक्रवार को जिला महासचिव एवं कॉलेज प्रभारी अब्दुल रबनावाज के नेतृत्व में डोरंडा थाना प्रभारी जयदीप उरांव को मोमेंटो देकर स्वागत किया। विदित हो के नए थाना प्रभारी को डोरंडा क्षेत्र एवं डोरंडा कॉलेज की परेशानियों से अवगत कराया गया। जिला महासचिव अब्दुल रबनावाज ने कहा आए दिन कॉलेज में छेड़खानी एवं मारपीट का मामला उजागर होते रहता है ,रांची यूनिवर्सिटी के सबसे ज्यादा संख्या डोरंडा कॉलेज में है। कॉलेज में महिला पुलिसकर्मी की तैनाती होनी चाहिए। डोरंडा में बाइक चोरी एवं अन्य सामान की चोरी की संख्या बढ़ गई है। थाना प्रभारी ने उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके में,अमन राज अल्तमश,मयूर, अदम आदि शामिल थे।

11 से 20 नवंबर तक महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का होगा आयोजन

रांची। 11 से 20 नवंबर 2024 तक बिहार के राजगीर में बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024,राजगीर का आयोजित है। जिसमे मेजबान भारत के साथ, चीन,जापान,दक्षिण कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की महिला हॉकी टीम भाग ले रही है। जिसके ट्रॉफी का भ्रमण ट्रॉफी गौरव यात्रा विभिन्न स्थलों में किया जा रहा है । यह ट्रॉफी गौरव यात्रा का आगमन कल दिनांक 19 अक्तूबर को रांची में आगमन हो रहा है, जिसका स्वागत स्वागत खेलकूद विभाग झारखंड सरकार और हॉकी झारखंड संयुक्त रूप से कर रहा है। इस ट्रॉफी का अनावरण प्रातः 10.00 बजे मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी रांची में मुख्य रूप से संदीप कुमार ,निदेशक खेलकूद एवम युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार, भोलानाथ सिंह महासचिव हॉकी इंडिया, राजकिशोर खाखा संयुक्त निदेशक सह संयुक्त सचिव खेलकूद विभाग झारखंड एवम अन्य अतिथियों के द्वारा किया जायेगा।

स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी: के.रवि कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 18 एवं 19 अक्टूबर 2024 को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम रांची में दो दिवसीय कला महोत्सव ÷आर्ट@81÷ का शुभारंभ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । 81 आर्ट फेस्टिवल में पूरे देश के अलग-अलग स्थानों, मसलन नेपाल, उत्तर प्रदेश, ओडिशा आदि के इक्यासी कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार, युवा और विद्यार्थी आदि भी शामिल हैं। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के .रवि कुमार ने कहा कि आप सभी कला प्रेमियों के माध्यम से सभी वोटरों को कनेक्ट करना 81 आर्ट फेस्टिवल का उद्देश्य है। कला के माध्यम से हमारे युवा मतदाताओं को एक संदेश भी देना है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। साथ ही उन्होंने कहा कि समय के साथ झारखंड में वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है और हम निश्चित तौर पर अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। अलग-अलग राज्यों से आए कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपके बेहतरीन स्लोगन और कला को हम अपने चुनाव जागरूकता अभियान में भी शामिल करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सपरिवार इस कार्यक्रम में आकर शिरकत करें। आम आगंतुक अपने मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश/स्लोगन रिकार्ड करा सकते हैं। उनमें से चयनित किए गए संदेशों/स्लोगनों का उपयोग स्वीप कार्यक्रमों में किया जा सकेगा। प्रमंडलीय आयुक्त, रांची अंजनी कुमार मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झारखंड में वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाना है। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि हमारी यह कोशिश है कि हमारे वोटर झारखंड को कला के माध्यम से समझे और अपने मतदान की उपयोगिता को जानें। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने कार्यक्रम में शामिल सभी कलाकारों को मतदान को लेकर शपथ दिलाई और धन्यवाद ज्ञापित किया। 81 कला महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ,सहायक निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निदेशक, जनसंपर्क आनन्द सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।यह कार्यक्रम 19 तक चलेगा।

रांची में पहले चरण में पांच विधानसभा क्षेत्रों में होंगे चुनाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। राज्य में दो चरणों (13 और 20 नवंबर) को चुनाव होने हैं। रांची जिले में पहले चरण में पांच विधानसभा क्षेत्रों (तमाड़, रांची, हटिया, कांके व मांडर) में विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी। रांची डीसी वरुण रंजन ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 18 अक्टूबर यानी से राज्य में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। पहले चरण के लिए शुक्रवार से झारखंड में 43 सीटों पर नॉमिनेशन की प्रक्रिया होगी जबकि 25 अक्टूबर को पहले चरण के नॉमिनेशन की अंतिम तारीख होगी। 28 अक्टूबर को नॉमिनेशन की स्क्रुटनी की जायेगी। वहीं, 30 अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नॉमिनेशन वापस ले सकते हैं। नॉमिनेशन की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से 3 बजे तक चलेगी। जनरल प्रत्याशी को 10 हजार और एससी-एसटी को 5 हजार फीस जमा करना होगा।

तमाड़ विधानसभा क्षेत्र: तमाड़ निर्वाची कोषांग अनुमंडल कार्यालय बुंडू में अवस्थित होगा, जिसके निर्वाची पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा होंगे। कुल 303 मतदान केंद्र में से 246 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे। वहीं, 57 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जायेगा।

रांची विधानसभा क्षेत्र: रांची निर्वाची कोषांग अनुमंडल कार्यालय सदर कमरा संख्या 202 ब्लॉक-बी रांची समाहरणालय में अवस्थित होगा, जिसके निर्वाची पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार होंगे। कुल 374 मतदान केंद्र हैं, जहां सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे।

हटिया विधानसभा क्षेत्र: हटिया निर्वाची कोषांग अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) कार्यालय कमरा संख्या 103 ब्लॉक-ए समाहरणालय में अवस्थित होगा, जिसके निर्वाची पदाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक होंगे। कुल 496 मतदान केंद्र हैं, जहां सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे।

कांके विधानसभा क्षेत्र: कांके निर्वाची कोषांग उप समाहर्त्ता भूमि सुधार कमरा संख्या 203 ब्लॉक-बी समाहरणालय में अवस्थित होगा, जिसके निर्वाची पदाधिकारी मुकेश कुमार होंगे। कुल 482 से 461 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे। वहीं, 21 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जायेगा।

मांडर विधानसभा क्षेत्र: मांडर निर्वाची कोषांग विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी कार्यालय कमरा संख्या जी-12 ब्लॉक-ए समाहरणालय में अवस्थित होगा, जिसके निर्वाची पदाधिकारी मोनी कुमारी होंगी। कुल 430 में से 420 मतदान केंद्रों न्द्रों पर सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होंगे। वहीं, 10 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जायेगा।

हिंदू मठ-मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने के लिए राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। विश्व हिंदू परिषद, झारखंड प्रांत का एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल से मिलकर हिंदू मठ-मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की मांग की। साथ ही झारखंड में अवैध मत्तांतरण, रोहिंग्या व बांग्लादेशी घुसपैठ सहित कई समस्याओं पर चिंता व्यक्त की गयी, जो जनजातीय सहित पुरे सनातन-हिंदू समाज के लिये एक चुनौती बनती जा रही है। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल को प्रतिनिधिमंडल ने विहिप द्वारा चलाये जा रहे रामायण ज्ञान परीक्षा से संबंधित पाठ्यपुस्तक सुबोध रामायण एवं विश्व हिंदू परिषद, झारखंड की त्रैमासिक पत्रिका अरण्यभूमि भेंट की।प्रतिनिधिमंडल में क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल (झारखंड-बिहार), क्षेत्र सहमंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु (झारखंड- बिहार), झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत एवं प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र थे।

जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा के सामने प्रशासनिक अधिकारियों की वाहनों की लगी पार्किंग

परवेज कुरैशी@ प्रभात मंत्र

रांची। भारतीय संविधान सभा के सदस्य और भारतीय हॉकी टीम की कप्तान, 1928 के एम्स्टर्डम ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले झारखंड के आंदोलनकारी जयपाल सिंह मुंडा किसी नाम के मोहताज नहीं है। उनकी याद में कचहरी स्थित बारी पार्क मैदान जहां वर्तमान में समाहरणालय है, इसके ठीक बगल में एक खुला हुआ मैदान है जिसका नाम जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम रखा गया है। यहां पर जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा स्थापित है। उनके हाथ पे हॉकी स्टिक भी है , लेकिन शुक्रवार को झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 18 एवं 19 अक्टूबर 2024 को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम रांची में दो दिवसीय कला महोत्सव आर्ट 81 का शुभारंभ किया गया । इस मौके पर कई प्रशासनिक अधिकारियों की वाहन संविधान सभा के सदस्य जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा के सामने खड़ी कर दी गई। यूं कहा जाए कि संविधान सभा के सदस्य रहे जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा के सामने प्रशासनिक अधिकारियों की वाहनों की लगी पार्किंग।

मुख्यमंत्री ने राधा स्वामी सत्संग व्यास के आध्यात्मिक प्रमुख से की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को राधास्वामी सत्संग व्यास, अमृतसर, पंजाब के आध्यात्मिक प्रमुख बाबाजी गुरिंदर सिंह ढिल्लों एवं हुजूर जसदीप सिंह गिल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनसे अपने कांके स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर फोटो साझा कर दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी सत्संग एक आध्यात्मिक मार्ग है, जो व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर गहरा रूपांतरण लाने की क्षमता रखता है। यह मार्ग जीवन के प्रति एक नया दृष्टिकोण प्रदान करता है, जो लोगों को आंतरिक शांति और आत्म-जागरुकता की ओर ले जाता है।

कांग्रेस और भाजपा कल करेंगे उम्मीदवारों की घोषणा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : असम के मुख्यमंत्री और भाजपा झारखंड चुनाव सह-प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो से मुलाकात की। चुनाव को लेकर सीट बंटवारे पर भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टी आजसू के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा। पिछले दिनों आजसू सुप्रिमों दो बार दिल्ली दरबार जाकर आ चुके हैं। वहीं आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही सियासी मकहमें में इस बात की भी चर्चा है कि वो जेएमएम के टिकट से चंदनकियारी से चुनाव लड़ सकते है। ऐसे में भाजपा अपने सहयोगी साथियों को मनाने व खुश करने में लगी नजर आ रही है। हिमंता और सुदेश के इस भेंटवार्ता के कारण फिलहाल निकलकर सामने नहीं आएं है पर इसके चुनावी परिप्रेक्ष्य देखे जा सकतें है। बता दें इस मुलाकात के बाद सीट शेयरिंग पर सहमति बन सकती है।

भाजपा आजसू के नेता झामुमो में: बता दें कि आजसू से चंदनक्यारी के पूर्व विधायक उमाकांत रजक और भाजपा से जमुआ के विधायक केदार हाजरा अपनी पार्टी छोड़कर झामुमो में चले गये हैं। वहीं और भी कई नेता विधायकों की पार्टी छोड़ने की बातें सामने आ रही है।

19 के बाद उम्मीदवारों की घोषणा: वहीं कांग्रेस 19 की रात या फिर दूसरे दिन 20 अक्टूबर को उम्मीदवारों की घोषणा करेंगे । कांग्रेस के घोषणा के साथ ही भाजपा भी अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेंगे।

दीपावली-छठ पर सिर्फ दो घंटे आतिशबाजी की अनुमति

प्रभाम मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दीपावली, छठ और गुरु पर्व पर आतिशबाजी के लिए समय निर्धारित कर दी है। इन तीनों पर्व पर दो घंटे तक आतिशबाजी की जा सकेगी जबकि क्रिसमस और न्यू ईयर पर मात्र 35 मिनट तक आतिशबाजी करने का समय तय किया गया है। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने शुक्रवार को बताया कि दीपावली की रात को आठ बजे से दस बजे तक ही पटाखे चलाने की इजाजत होगी। छठ के दिन सुबह छह से आठ, गुरु पर्व पर रात आठ से दस और क्रिसमस और नये साल पर 31 दिसंबर की रात 11 बजकर 55 मिनट से 12ः30 बजे तक आतिशबाजी की अनुमति होगी। उल्लेखनीय है कि झारखंड हाई कोर्ट ने भी पूर्व में रांची में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती से रोक लगाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण संबंधी शिकायतों को गोपनीय रखने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट ने कहा है कि 125 डेसिबल से कम क्षमता वाले पटाखों की बिक्री की अनुमति होगी। साइलेंट जोन में 100 मीटर की परिधि में आतिशबाजी पर रोक रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर वायु प्रदूषण निवारण नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी।

बिशप स्कूल के सफल कराटे खिलाड़ी हुए सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वाधान में बिशप स्कूल बहु बाजार में प्रतिभा सम्मान समारोह सह बेल्ट सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें पिछले दिनों ग्रेडिंग में सफल रहे कराटे खिलाड़ियों के बीच बेल्ट वितरण किया गया। बिशप स्कूल के प्राचार्य आई ए जैकप एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों को बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये । स्कूल प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रतिभा की कमी नहीं है स्कूल के कराटे खिलाड़ियों में बस जरूरत है उसे निखारने की।शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि लक्ष्य को पाने के लिए लक्ष्य को निर्धारित करना जरूरी है। तभी खिलाड़ी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष संसाइ अनिल किस्पोट्टा स्कूल के शिक्षक गण अभिभावक एवं कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।
बेल्ट पाने वाले खिलाड़ियों में मुख्ता येलो बेल्ट प्रियांशु झा ,आकांक्षा कुमारी, राहुल कुमार सोनकर, दिव्यांश राजवंश, अब्दुल अहद, साबिर, श्रेयांश प्रसाद, निखिल टोप्पो, शयनतन सरकार ,नवीन प्रीतेश तिर्की, आयुष्मान मुखर्जी, रव्या ईवा कुजुर, अरहम अख्तर शामिल है । ऑरेंज बेल्ट प्राप्त करने वालों में अभिज्ञान कुमार पलक रुंडा ,आर्यन कुमार, अनुपम डंग ,ओमों टोपनो, श्रेष्ठा शेखर ,सिद्धांत थापा ,रोहित कुमार सोनकर, आद्या आयशा विश्वकर्मा , आसिफ अंसारी , अरनव सिंह, हर्ष राज , माहिका कुमारी, सिमरा सोहेल ,सामर्थ शर्मा , हुजैफा अनवर शामिल हैं।

हटाए जा सकते हैं डीजीपी अनुराग गुप्ता, अनिल पालटा को मिल सकता है मौका

रांची । झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की तबादला को लेकर बहुत जल्द भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी होने की सूचना है। सूत्रों की माने तो झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता को झारखंड चुनाव के दौरान उन्हें चुनाव प्रक्रिया से अलग रखा जा सकता है। वहीं इनके स्थान पर डीजी होमगार्ड अनिल पलटा को फिलहाल चुनाव तक के लिए डीजीपी बनाया जा सकता है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि होनी बाकी है।

महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से मानवता के लिए एक आदर्श जीवन का संदेश दिया : शैलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्कृत विश्वविद्यालय, रांची के संस्कृत विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को वाल्मीकि जयंती-सह-दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर संस्कृत भाषा और संस्कृति के महत्त्व पर विचार-विमर्श हुआ तथा संस्कृत शिक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय संस्कृत महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. शैलेश कुमार मिश्र ने वाल्मीकि के जीवन और उनके महाकाव्य रामायण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि आदि कवि तो हैं ही, उन्होंने अपनी अमर कृति के माध्यम से मानव समाज को नैतिकता, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने का पाठ पढ़ाया।
रामायण के माध्यम से वाल्मीकि जी ने न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रसार किया, बल्कि मानवता के लिए एक आदर्श जीवन का संदेश दिया। डॉ. मिश्र ने छात्रों से आग्रह किया कि वे वाल्मीकि के आदर्शों को आत्मसात करें और समाज में नैतिकता और संस्कारों को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि द्वारा विरचित सात काण्ड एवं चौबीस हजार श्लोकों वाला रामायण हर कवि के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। नारद मुनि के परामर्श पर रामायण के नायक के रूप श्रीराम का चयन उनकी यथार्थवादी तथा लोक-मंगलकारी चिन्तन का ही परिणाम था।

पुलिस महनिरीक्षक सह- राज्य पुलिस नोड्ल पदाधिकारी ने किया कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। आगामी विधान सभा आम चुनाव 2024 की तैयारी के मद्देनजर पुलिस महनिरीक्षक सह-राज्य पुलिस नोड्ल पदाधिकारी, झारखण्ड की अध्यक्षता में राज्य में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में पुलिस महानिरीक्षक- सह- राज्य पुलिस नोड्ल पदाधिकारी, झारखण्ड द्वारा लंबित वारंटों / कुर्कियों के निष्पादन की स्थिति, निरोधात्मक कार्रवाई, History Sheeters, सक्रिय अपराधकर्मियों तथा अन्य उपद्रवियों को चिन्हित करना एवं उनके विरूद्ध की जा रही कार्रवाई, अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट को सक्रिय किये जाने, अवैध मादक पदार्थों, अवैध हथियार, अवैध शराब तथा अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के विरूद्ध चलाये जा रहे सतत् अभियान की स्थिति, आगामी विधानसभा आम चुनाव-2024 के दौरान प्रतिनियुक्ति किये जाने वाले सी0ए0पी0एफ0/ सैप तथा अन्य केन्द्रीय बलों के आवासन व परिवहन की पर्याप्त / वैकल्पिक व्यवस्था, उग्रवादियों के विरूद्ध लगातार चलाये जा रहे नक्सल अभियान की वर्त्तमान स्थिति, नक्सल आसूचना तथा आपराधिक आसूचना के आदान-प्रदान की स्थिति, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी एस ओपी के अनुपालन की स्थिति, Area sanitization plan, Social media monitoring cell की स्थिति, चुनाव संबंधी प्रशिक्षण की स्थिति तथा पूर्व के चुनावों से संबंधित लंबित काण्डों की वर्तमान स्थिति के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त उन्होंने Social media के monitoring हेतु सभी जिलों में अफवाह फैलाये जाने के संबंध में विशेष निगरानी रखने सहित चुनाव पर्यवेक्षक / महत्वपूर्ण व्यक्तियों / उम्मीदवार को पर्याप्त सुरक्षा देने के साथ आगामी विधानसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर आदर्श चुनाव आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन किये जाने संबंधी भी चर्चा की गई। इस बैठक में अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान, प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा सह-नोड्ल पदाधिकारी भीआईपी मॉनिटरिंग, अन्नेपु विजयालक्ष्मी, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण सह-नोड्ल पदाधिकारी प्रशिक्षण, इंद्रजीत महाथा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, झारखण्ड जगुआर, धनन्जय कुमार सिंह, पुलिस उप-महानिरीक्षक, जेवाके स्कूल, नेतरहाट, अश्विनी कुमार सिन्हा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, संचार एवं तकनीकी सेवायें, कार्तिक एस पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष शाखा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया।

आरपीएफ ने घर से भागी युवती को पकड़ कर उसके परिजनों को सौंपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रांची ने ऑपरेशन डिग्निटी के तहत एक युवती को बचाया है। एएसआई सुरेंद्र कुमार ने शुक्रवार को बताया कि रांची के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार को एक सूचना प्राप्त हुई कि एक युवती घर से भागकर रांची स्टेशन पहुंची है। आयुक्त ने महिला की खोजबीन के लिए आरपीएफ पोस्ट रांची को निर्देशित किया। इसके बाद स्टेशन परिसर में तलाशी अभियान शुरू किया गया। तलाशी के क्रम में लापता युवती प्रियांशु कुमारी (19) को प्लेटफ़ॉर्म नंबर एक से सकुशल बरामद किया। पूछताछ करने पर युवती ने बताया कि वह अपनी मां के डांटने के बाद गुस्से में घर से चली गई थी और अब वापस लौटना चाहती थी। उसके परिवार को सूचना देने के बाद प्रियांशु के पिता और रिश्तेदार आरपीएफ पोस्ट पहुंचे। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने और उसकी पहचान सत्यापित करने के बाद युवती को सुरक्षित रूप से उसके पिता को सौंप दिया गया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, शनिवार, 19 अक्टूबर 2024 | पेज 4

दो दिवसीय राजकीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा का उद्घाटन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

मांडर : मांडर में दो दिवसीय राजकीय ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला का उद्घाटन शुक्रवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इस दौरान भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक शिल्पी ने कहा कि जतरा में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मेला बहुत ही मीठा व प्रिय शब्द है। मेले में मिठास होती है, यह मिलने-जुलने, मनोरंजन व सामान की खरीद फरोख्त का माध्यम होता है। मेला में नृत्य-संगीत क्षेत्र की परंपरा व संस्कृति की पहचान होती है। इस ऐतिहासिक जतरा में झारखंड के बाहर से भी स्टॉल लगानेवाले व्यापारी आते हैं। जतरा स्थल में मनोरंजन के खूब साधन मौजूद है। यहां पर बंगाल से आए मछली फसाने के जाल की दुकान काफी संख्या में मौजूद है। वही लोहे के पारंपरिक हथियार वाले दुकानों की भी भीड़ काफी है। कंबल के बड़े बड़े दुकान भी मौजूद हैं। खेल तमाशा, मौत का कुआं, डांसिंग झूला समेत मनोरंजन के बहुत सारे साधन उपलब्ध है। वहीं जगह-जगह मेला की मिठाई कहे जाने वाले गन्ना (केतारी) की दुकान भी काफी तादाद में है। इस बार लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। जानकारी देते हुए धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने बताया कि विधिवत रूप से आज शक्रवार को दो दिवसीय मुड़मा जतरा का शुरुआत किया गया। कल शनिवार को समापन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। मौके पर जिला परिषद एतवारी उरांव, जगराम उरांव, अनिल उरांव, जतरू उरांव, मुड़मा पंचायत के मुखिया बंधन उरांव, शिव उरांव व बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, असम, नेपाल से आये हुए पाहान सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

विधानसभा निर्वाचन 2024 से जुड़े तैयारियों पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को दी गई जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : विधानसभा निर्वाचन 2024 से जुड़े तैयारियों पर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया संग विभिन्न बिंदुओ पर जानकारी साझा की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर अभियर्थियों के नामांकन के लिए अधिसूचना आज दिनांक 18.10.2024 को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कर दी गई है, नाम-निर्देशन की अंतिम तिथि- 25.10.2024 (प्रतिदिन 11ः00 बजे पूर्वाह्न से 03ः00 बजे अपराह्न तक- सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर), नाम-निर्देशन पत्र संवीक्षा की तिथि– 28.10.2024, नाम वापसी की अंतिम तिथि- 30.10.2024, मतदान की तिथि- 13.11.2024 (प्रातः 7ः00 बजे से 05ः00 बजे अपराह्न तक) एवं मतगणना की तिथि- 23.11.2024 है। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से खूंटी के 1, तोरपा के 15 एवं तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के कुछ बूथों पर सुबह 7 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। होम वोटिंग पर जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक के मतदाता या दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने में असमर्थ है, एसेंशियल सर्विसेज से जुड़े मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलट की व्यवस्था की गई है। प्रशासन द्वारा हर गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने के लिए 6 चेक पोस्ट बनाए गए हैं, चुनाव को प्रभावित करने वाले सामग्री यथा अत्यधिक कैश, मादक पदार्थ, कीमती आभूषण, हथियार समेत अन्य की एसएसटी एवं एफएसटी द्वारा गहन जांच की जा रही है। जिसका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। जिससे निर्वाचन आयोग के सभी गाइडलाइंस एवं सभी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए सफलतापूर्वक विधानसभा निर्वाचन 2024 को संपन्न कराया जा सके। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिले में धारा 126 एवं धारा 129 के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले में 306 लाइसेंसी हथियार में अब तक 260 लाइसेंसी हथियारों को जमा कराया गया है, शेष लाइसेंसी हथियारों को भी जमा करवाने की प्रक्रिया की जा रही है। जिले में वर्तमान में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई है एवं चेक नाका बनाया गया है। साथ हीं अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की उपलब्धता को लेकर पत्राचार भी किया गया है।मतदाता शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त माहौल में नैतिक रूप से मतदान करें और किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ना आए।

स्वामी विवेकानन्द के शिक्षा दर्शन पर व्याख्यान

बह्मचार्य राजीव चैतन्य आर के मिशन, मोराबादी

प्रभात मंत्र संवाददाता

कर्रा : पटेल बीएड कॉलेज काटमकुकू लोधमा में विशेष मोटिवेशनल व्याख्यान का आयोजन किया गया. रामकिशन मिशन महाविद्यालय से बह्मचार्य राजीव चैतन्य महाराज ने स्वामी विवेकानन्द के शिक्षा दर्शन पर विस्तार से व्याख्यान किया. स्वामी विवेकानन्द इतने कम समय में भारत ही नहीं पूरे विश्व में प्रचलित हुए। उन्होनें उनके विचार को अपनाने तथा आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ मानवता का होना जरूरी बताया. स्वामी विवेकानन्द जी का प्रसिद्द विचार ÷उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाए÷ इससे छात्र-छात्राएं काफी प्रभावित हुए तथा अनुकरण करने का संकल्प लिया. धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्राचार्या ने बह्मचार्य राजीव चैतन्य महाराज का आभार व्यक्त किया तथा विवेकानन्द के विचार को आदरणीय बताया. इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

न्यायिक हिरासत में भेजे गए लोहे का स्क्रैप चोरी के दो आरोपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : खलारी थाना पुलिस ने लोहे का स्क्रैप चोरी के दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह 6.30 बजे बुढ़मू थाना क्षेत्र के पातकोई निवासी सलमान खान (23 वर्ष) तथा साड़म निवासी सूरज यादव (20 वर्ष) केडीएच वर्कशाप डकरा के पास 90 किलो लोहे के स्क्रैप के साथ सीआईएसएफ द्वारा पकड़ा गया। ये दोनो अपनी मोटरसाइकिल संख्या जेएच01/ 9668 पर स्क्रैप लादकर ले जाने के दौरान पकड़े गए। सीआईएसएफ ने दोनो को खलारी थाना पुलिस को सौंप दिया।

स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रखंडों में सेविका/सहायिका के बीच चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

13 नवंबर को मतदान अवश्य करने का किया गया अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। इसी कड़ी में आज खूँटी जिला के विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सेविका/सहायिका के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी को खूँटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाले मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ हीं मतदान की विशेषता बताते हुए सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया गया एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रीजनल मैथेमेटिक्स ओलंपियाड (आर.एम.ओ.) के लिए किया क्वालिफाई

नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता) : इंडियन ओलंपियाड क्वालिफायर इन मैथेमेटिक्स (आई.ओ.क्यू.एम.) 2024 में सरला बिरला पब्लिक स्कूल, राँची के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा दसवीं के श्लोक सिंह और कक्षा ग्यारहवीं की जान्वी सिन्हा ने रीजनल मैथेमेटिक्स ओलंपियाड (आर.एम.ओ.) के लिए क्वालिफाई किया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को बधाई दी और अगले चरण के लिए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हिंडालको सीएसआर द्वारा सिल्ली प्रखंड के सभी पंचायतों के टीबी से ग्रसित मरीजों के लिए, खाद्य, बास्केट का किया गया वितरण

मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : हिंडाल्को के सीएसआर विभाग ने शुक्रवार को एलुमिना क्लब में सिल्ली प्रखंड के सभी पंचायतों के कुल 35 टीबी से ग्रसित मरीजों के बीच पोषण खाद्य बास्केट का वितरण किया। इस अवसर पर सिल्ली सीएचसी के प्रभारी डॉ प्रियंका एवं हिंडाल्को के एचआर अरुण राय ने सभी मरीजों को संबोधित करते हुए कहा की सभी को समय पर पोषक आहार लेना चाहिए। इस कार्यक्रम में हिंडाल्को के एचआर हेड ने कहा की हमारी कंपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए आज सिल्ली प्रखंड के सभी मरीजों के बीच पोषण किट वितरित कर रही है। हिंडाल्को का यह प्रयास क्षेत्र के स्वस्थ्य और पोषण स्तर को सुधारने कि दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर सीएसआर हेड अनिल सिंह, नितीश सिंह,भरत सिंह,एवं सिल्ली सीएचसी के सुरेन्द्र नाथ महतो, रंजीत उपस्थित थे।

ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को किया जाएगा हर संभव मदद : राजेंद्र उरांव

स्वर्गीय भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन खेले गए तीन मैच

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में चल रहे स्वर्गीय भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन कुल तीन मैच खेला गया।जिसमें पहला मैच लोहरदगा बनाम बरटोला के बीच खेला गया,जिसमें लोहरदगा की टीम एक गोल की बढ़त बनाकर मैच को जीत लिया।मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार प्रवीण कुमार को दिया गया।वही दूसरा मैच ठाकुरगांव बनाम भुरकुंडा के बीच खेला गया,जिसमें दोनों टीम एक-एक गोल कर बराबरी पर रही,जिसके बाद पेनाल्टी शूट मे भुरकुंडा की टीम ने जीत दर्ज की।मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार सोहन उरांव को दिया गया।तीसरा मैच भुरकुंडा बनाम लोहरदगा के बीच खेला गया,जिसमें भुरकुंडा की टीम दो गोल से जीत दर्ज किया। मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार रोहित कुमार को दिया गया।इस जीत के साथ भुरकुंडा की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई है।तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप मे आईआरबी श्री के चतरा पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र उरांव,मंत्री आनंदी यादव,उपाध्यक्ष अरुण कुमार चंद्रवंशी, अंकेक्षक सुशील कुमार पाल के द्वारा मैच का उद्घाटन किया गया एवं मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया।इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष दीपक कुमार महतो,उपाध्यक्ष विकास मिंज,सचिव लखनलाल महतो,उपसचिव नरेश रावत, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार महतो,विकास महतो, संरक्षक सुनील प्रसाद, रामकुमार भुईयां,सेवा उरांव, दीनदयाल नोनिया,भारत गंझू,मुकेश पांडेय,संदीप गुप्ता,सोनू महतो,ब्रह्मदेव उरांव,रामकुमार भुईयां, दीपक उरांव,सरवन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला में बाजी मारी बांसजड़ी की टीम

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : जय सरना कल्ब चोड़ा करम खेलवा मैदान में शुक्रवार को खेले जा रहे फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में मजदूर नेता अब्दुल्ल अंसारी एवं विषिश्ट अतिथि टंडवा जिला परिषद नेहा उरांव उपस्थित थे। फाइनल मैच गुड़गुजड़ी बनाम बांसजड़ी की टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें बांसजड़ी की टीम ने पेनल्टी षूट आउट में 2 गोल से जीत हासिल कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि एवं विषिश्ट अतिथि के द्वारा विजेता टीम को एक बड़ा खस्सी, ट्रॉफी और पांच हजार रुपये नगद राषि का पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा उपविजेता टीम को बड़ा खस्सी एवं चार हजार रुपये नगद राषि पुरस्कार स्वरूप दी गई। वहीं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को खस्सी एवं तीन हजार नगद, चौथे स्थान पर रही टीम को खस्सी के साथ दो हजार नगद राषि एवं पांचवा सथान पर रही टीम को छोटा खस्सी एवं एक हजार रूपये नगद राषि का पुरस्कार भी दिया गया। इस अवसर पर लक्ष्मण उरांव, अनिल उरांव, अली हासन अंसारी, मनीश खलखो, मुकेश लकड़ा, बुद्धदेव उरांव, शुकूनी उरांव, कलीम अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण उरांव के अलावा अनिल उरांव, लच्छु उरांव, रामकिषोर उरांव, गौतम उरांव, सोनु उरांव, कबल महली, अनिल टोप्पो, सुनील, प्रणीन अनुज, कार्तिक, प्रषांत, प्रकाश, बासुदेव सहित अन्य लोगों का सरहानीय योगदान रहा।

आरसीएमयु के प्रतिनिधियों ने अशोका पीओ से की मुलाकात

पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता) : राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को अशोक परियोजना के नए परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह से मुलाकात किया।इस दौरान यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पीओ जेके सिंह का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।इस अवसर पर यूनियन के द्वारा पीओं के साथ बैठक कर कोयला मजदूरों की कई समस्या के बारे में विस्तार से चर्चा की। बैठक में कोयला मजदूरों के आवास आवंटन,आवास मरम्मत,प्रमोशन,कॉलोनी की साफ सफाई,कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट लगाने सहित कई बातों पर चर्चा करते हुए इसके समाधान की मांग की गई।इसके बाद परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह ने उक्त समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया।इस मौके पर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह,शंकर मुखर्जी,आनंद मुंडा,रमेश सिंह,संतोष दास सहित कई लोग मौजूद थे।

सिमरिया विधानसभा प्रत्याशी मनोज चन्द्रा ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा

→ बचरा, बहेरा एंव कल्याणपूर मे किया कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : समरिया विधानसभा क्षेत्र के झामुमों प्रत्याशी मनोज चन्द्रा ने शुक्रवार को पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान कई जगहो पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।जानकारी के अनुसार वह सबसे पूर्व पिपरवार क्षेत्र के बचरा बंसत विहार कॉलोनी स्थित रैयत विस्थापित मोर्चा के कार्यालय पहुंचे,जहां उन्होंने महागठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।इस बैठक में रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन एवं कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदूस ने माला पहनाकर मनोज चंद्रा का स्वागत किया,जिसके बाद मनोज चंद्रा ने आगामी विधानसभा चुनाव से संबंधित बातों पर विचार विमर्श किया। इस मौके पर इकबाल हुसैन, अब्दुल कुदूस, रामचन्द्र उंराव, जेपी महाराज, मुजाहीद ईमाम, मोहम्मद नेजाम, मोहम्मद साहिल,एजाजुल अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।वही बचरा बसंत विहार कॉलोनी स्थित एटक कार्यालय में मनोज चन्द्रा ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।इस बैठक में वरिष्ठ श्रमिक प्रतिनिधि मुद्रिका प्रसाद एवं बाबूलाल राम ने फूलों का गुलदस्ता देकर एवं माला पहनाकर मनोज चंद्रा का स्वागत किया।इसके बाद उन्होंने चुनाव संबंधी बातों पर विचार विमर्श किया।इस संबंध में मनोज चंद्रा ने कहा कि आगामी 22 अक्टूबर को वह झामुमो से सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल करेंगे।इस कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन भी शामिल होंगी।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।इस मौके पर मुद्रिका प्रसाद,बाबूलाल राम, टिकेश्वर ठाकुर,चमन महतो, आईडी मेहता,रामजीत राम सहित कई लोग मौजूद थे।

10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन समारोह दीप प्रज्वलित कर,मुख्य अतिथि श्री राजू उरांव केनरा बैंक शाखा प्रबंधक सिल्ली के द्वारा किया गया। मुख्य अथिति ने यह कहा की आप सभी लोग मन से और संस्थान में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करे तो ज्यादा से ज्यादा फायदा मिलेगा क्योंकि सुबह में योगा और संध्या में भी प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के बाद आप अपना खुद का स्वरोजगार करे,यहां व्यक्तित्व विकास का भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि आप अपना स्वरोजगार बेहतर तरीका से कर सकते है। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने यह कहा कि बकरी पालन आज के दौर में एटीएम का काम करता है इस लिए बेहतर तरीका से कार्य करे,और आप एक सफल उद्यमी बने।मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार वरिष्ठ संकाय,जगदीश चंद्र महतो,महेश रुहिदास,सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।

इनमोसा पिपरवार के प्रतिनिधिमंडल ने किया जीएम से मुलाकात

→चुनाव ड्यूटी मे जाने वाले कर्मियो को टीएडीए देने की मांग

पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता) : इनमोसा पिपरवार क्षेत्रिय कमेटी के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार से औपचारिक मुलाकात किया।इस दौरान इनमोसा पिपरवार क्षेत्रिय कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने पिपरवार क्षेत्र से चुनाव ड्यूटी पर जाने वाले कर्मियों की विभिन्न समस्या से उन्हें अवगत कराया।प्रतिनिधिमंडल द्वारा बीते लोकसभा चुनाव ड्यूटी के लंबित टीएडीए भुगतान एवं आसन विधानसभा चुनाव की अग्रिम राशि का भुगतान कराने की मांग की गई।साथ ही चुनाव ड्यूटी में जाने-आने हेतु वाहन उपलब्ध कराने, पुर्व की भांति सीसीएल कर्मियों का मतदान प्रशिक्षण पिपरवार मे कराने सहित माइनिंग स्टाफ की कई समस्याओं से जीएम को अवगत कराया।समस्या सुनने के बाद महाप्रबंधक संजीव कुमार ने शीघ्र ही आवश्यक करवाई का भरोसा दिया।इस मौके पर क्षेत्रिय अध्यक्ष एसडी राम, क्षेत्रिय सचिव अनिल कुँवर, क्षेत्रिय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,संजीव चंद्रा,मुजाहिद इमाम,एसके सिंह,सुरेश कुमार,निवास प्रसाद सहित इनमोसा के कई लोग मौजुद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, शनिवार, 19 अक्टूबर 2024| पेज 5

ईचागढ़ पुलिस ने दो लुटेरों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल, दो का तलाश जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ पुलिस की तत्परता से कुछ ही घंटों में ट्रक में लुटपाट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के दो लुटेरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताते दे ईचागढ़ थाना के बासाहातु के पास चार अज्ञात बदमाशों द्वारा ट्रक में लूट को अंजाम दिया गया था। अन्य दो फरार बदमाशों का पुलिस द्वारा तलाश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पुछताछ में पुलिस को अपना नाम महताब अंसारी व एतवा कुम्हार दोनों रड़गांव निवासी बताया गया। दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से ट्रक से लुटे गये दो बैटरी, घटना में प्रयुक्त एक दावली, एक पैशन प्रो बाइक बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की रात करीब 1.30 बजे सिल्ली रांगामाटी सड़क पर बासाहातु के पास पंचर हों जाने से खड़ा ट्क में चालक को पेड़ पर बांध कर चार अज्ञात लुटेरों ने ट्रक में रखे 15 हजार रुपए , ट्रक में लगे दो बैटरी खोलकर अपने बाइक पर ले गए। थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि कांड्रा आधुनिक कंपनी से लोहे का समान लेकर हजारीबाग के चौपारण थाना के संजा निवासी ट्रक चालक शैलेश कुमार पटना जा रहे थे, जहां बासाहातु के पास पंचर वाहन से उतारकर चालक को पेड़ पर बांध कर घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस की तत्परता से करीब तीन घंटे के अंदर ही रांची जिला के तमाड़ थाना क्षेत्र के रड़गांव से दो बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया, वहीं अन्य दो भागने में सफल रहा। छापामारी दल में पुलिस इंस्पेक्टर अजय कुमार, थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे व पुलिस वल शामिल थे।

विधानसभा निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा:

चुनाव में प्रत्याशी अधिकतम 40 लाख रूपये तक कर सकेंगे खर्च

- पूर्वी सिंहभूम जिले में 1913 मतदान केन्द्रों पर 18,73,589 मतदाता करेंगे मतदान
- कुछ मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से सायं 04 बजे, वहीं शेष केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से सायं 05 बजे तक मतदान होगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार विधानसभा निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी की गई । इस बाबत समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने विधानसभा निर्वाचन से संबंधी महत्वूर्ण जानकारी प्रेस प्रतिनिधियों को दिया । उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव मौजूद रहे। जारी अधिसूचना के अनुसार 25 अक्टूबर तक प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर सकेंगे, 28 अक्टूबर को स्क्रूटनी की तिथि निर्धारित की गई है, 30 अक्टूबर तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकेंगे। 13 नवंबर को मतदान एवं 23 नवंबर को मतगणना होगी । जिले में चिन्हित कुल 1145 पोलिंग स्टेशन के 1913 बूथ पर पहले चरण में 13 नवंबर को 18,73,589 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एवं दूरी को मद्देनजर रखते हुए 44-बहरागोड़ा, 45-घाटशिला, 46-पोटका, 47-जुगसलाई के कुछ मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से सायं 04 बजे तक मतदान होगा वहीं शेष मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से सायं 05 बजे तक मतदान होगा। विवरणी निम्नवत है:-

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र/ मतदान की अवधि

1. 44- बहरागोड़ा - 5 मतदान केन्द्र संख्या 9-11, 70, 88 में प्रातः 7.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक, शेष 259 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7:00 बजे से सायं 5:00 बजे
2. 45- घाटशिला (अ.ज.जा) - 23 मतदान केन्द्र संख्या 1, 26-28, 94, 96-98, 116, 117, 119-121, 179, 180, 184-186, 191, 223, 227, 228, 257 में प्रातः 7:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक, शेष 268 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7:00 बजे से सायं 5.00 बजे
3. 46- पोटका (अ.ज.जा) - 7 मतदान केन्द्र संख्या 271, 273, 274, 303, 306, 314, 318 में प्रातः 7:00 बजे से सायं 4.00 बजे तक, शेष 319 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7:00 बजे से सायं 5:00 बजे
4. 47-जुगसलाई (अ.जा) - 17 मतदान केन्द्र संख्या 49, 51, 52, 60, 62, 63, 127, 128, 139, 150-152, 155, 357, 367, 380, 381 में प्रातः 7:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक, शेष 364 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7:00 बजे से सायं 5:00 बजे
5. जमशेदपुर पूर्व- प्रातः 7:00 बजे से सायं 5:00 बजे
6. जमशेदपुर पश्चिम- प्रातः 7:00 बजे से सायं 5:00 बजे

विवाहित महिला दो बच्चों छोड़कर विगत एक माह से लापता

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : आदित्यपुर इमली चौक चूना भट्ठा बस्ती से विवाहित महिला अपने दो छोटे बच्चों को छोड़कर विगत एक माह (19 सितंबर) से लापता है. इस संबंध में युवती की माँ लक्ष्मी ठठेरा, पति- मुकेश ठठेरा के द्वारा आदित्यपुर थाना में लिखित शिकायत की गई है, जिसमें सरायकेला निवासी नसीम अंसारी के उपर अपनी विवाहित पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाया गया है. शिकायत के अनुसार, युवती का विवाह खुर्दा (ओडिसा) में हुआ है, जो कि स्वास्थ्य से संबंधित परेशानियों की वजह से अपने पिता के घर आई हुई थी तथा यहाँ अपना उपचार करा रही थी. विवाहित महिला के लापता होने के बाद ईमली चौक, आदित्यपुर पास स्थित चूना भट्ठा बस्ती में मुबारक अली के फैशन टे के यहाँ काम करने वाले नसीम अंसारी ने उन्हें फोन कर बताया कि उनकी पुत्री उसके पास है तथा उसे वह अपने पास हीं रखेगा. इस दौरान किसी को यह बात बताने पर बुरे परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी गई है.

सरायकेला-खरसावां में दो-दो तथा ईचागढ़ में एक नॉमिनेशन फॉर्म बिका

खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण का गजट शुक्रवार को प्रकाशित कर दिया गया है। सरायकेला, खरसावां, ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में नामांकन की प्रक्रिया भी इसी के साथ शुरू हो गई है। सरायकेला अनुमंडल कार्यालय में नामांकन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। साथ ही चार लेयर में सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। नामांकन स्थल के 100 मीटर के दायरे तक प्रत्याशी अपने तीन गाड़ियों के साथ आ सकते हैं। इसके बाद सिर्फ पांच प्रस्तावकों के साथ 100 मीटर की परिधि में प्रवेश कर सकते हैं। सरायकेला खरसावां जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्र 50 ईचागढ़ विधानसभा, 51 सरायकेला विधानसभा तथा 57 खरसावां विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज दिनांक 18 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है। नामांकन पर्चा खरीदने और नॉमिनेशन की प्रक्रिया एक साथ चलेगी। इस निमित्त पहले दिन आज सरायकेला एवं खरसावां विधानसभा क्षेत्र में दो-दो तथा ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में एक नॉमिनेशन फॉर्म की बिक्री हुई।

सरायकेला खरसावां लिटरेचर फेस्टिवल छाप कार्यक्रम शुरू

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : ऑटो क्लस्टर आदित्यपुर स्थित सभागार में आयोजित सरायकेला खरसावां लिटरेचर फेस्टिवल छाप कार्यक्रम के माध्यम से सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्र आदित्यपुर-गम्हरिया में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा युवा एवं महिला मतदाता , दिव्यांग एवं पीडब्ल्यूडी मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के सम्बन्ध में जागरूक करने तथा लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मत की महत्वता के सम्बन्ध में जागरूक करने हेतू जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों (नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत, खेलकूद, रंगोली आदि) का आयोजन कर नैतिक मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के विधिवत्त शुभारंभ के पश्चात मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि तथा उपस्थित आमजनों के बीच जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के द्वारा मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कर सभी को आगामी झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन- 2024 में अपने पुरे परिवार के साथ बढ़-चढ़कर भाग लेने का अपील किया गया। उपायुक्त ने कहा कि लिटरेचर फेस्टिवल का उद्देश्य जिले की गौरवशाली परंपरा को कायम रखने, युवा पीढ़ी का शिक्षा, साहित्य के क्षेत्र में रूचि उतपन्न करने तथा शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतू विभिन्न माध्यम से लोगो को जागरूक करना तथा मतदान के प्रति अपने आस-पास के लोगो को प्रेरित करना है।

जमशेदपुर पश्चिम से राइट टू रिकॉल पार्टी से महेश कुमार ने पहला नामांकन दाखिल किया

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : विधानसभा निर्वाचन 2024 के नामांकन के पहले दिन 49-जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से राइट टू रिकॉल पार्टी के प्रत्याशी के रूप में महेश कुमार ने नामांकन दाखिल किया। वहीं, 44- बहरागोड़ा से एक, 45-घाटशिला से चार, 46- पोटका से चार, 47- जुगसलाई से तीन, 48 जमशेदपुर पूर्व से 3 एवं 49-जमशेदपुर पश्चिम से 10 अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रपत्र का क्रय किया।

पत्रकार अन्नी अमृता ने खरीदा नामांकन पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : आज से चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरु हो रही है. प्रखर पत्रकार सह सामाजिक कार्यकर्ता अन्नी अमृता ने आज 49 जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन फॉर्म खरीदा. उनके साथ अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू और प्रस्तावक कुंदन सिंह मौजूद थे. बता दें कि इस साल की जनवरी में ही अन्नी अमृता ने प्रेस वार्ता कर घोषणा कर दी थी कि वह जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा से बतौर निर्दलीय पत्रकार चुनाव लड़ेंगी.

कोल्हान में एनडीए सीट शेयरिंग फाइनल, आजसू को 3, जदयू को 1, 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाजपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : लंबे इंतजार के बाद आखिरकार एनडीए में झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग का मामला आज फाइनल हो गया। इसका औपचारिक ऐलान रांची में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा के सह चुनाव प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा ने किया। 2014 की तुलना में खास बात यह है कि इस बार के चुनाव में एनडीए गठबंधन में जदयू को भी शामिल किया गया है और जमशेदपुर पश्चिम (49) जैसी सीट उसके खाते में दी गई है। दूसरी सबसे बड़ी बात है कि एनडीए के अंदर कोल्हान में आजसू पार्टी की धाक बढ़ी है और 2014 में जहां एक सीट जुगसलाई के रूप में मिली थी इस बार जुगसलाई के अलावा ईचागढ़ और मनोहरपुर समेत 3 सीटें मिली हैं। कोल्हान की कुल 14 सीटों में से भाजपा 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जिसमें जमशेदपुर पूर्वी, घाटशिला, पोटका, बहरागोड़ा, सरायकेला, खरसावां, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर और चक्रधरपुर की सीट शामिल हैं। इसी के साथ ही जुगसलाई विधानसभा सीट के लिए पिछले कई सालों से तैयारी कर रहे विमल बैठा, नीलू मछुआ, परेश मुखी व 2019 में प्रत्याशी रहे मुचीराम बाउरी को झटका लगा है। लोग बताते हैं कि आजादी के बाद से कोल्हान की जुगसलाई ही एक ऐसी सीट है जिसमें भाजपा कभी नहीं जीत पाई है और इस बार भी उम्मीदों पर विराम लग गया। जबकि अन्य सभी 13 सीटों पर कभी न कभी भाजपा को जीत मिल चुकी है।

आरटीआई कार्यकर्ता कमलेश ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

झारभूमि सेवा ठप्प होने से परेशान हैं लोग, सुधार की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : राज्य के मुख्य सचिव एवं भू राजस्व विभाग के प्रधान सचिव को एक पत्र लिखकर आरटीआई कार्यकर्ता कमलेश कुमार ने अंचल कार्यालयों में मिलने वाली सेवाओं को दुरुस्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि पूर्वी सिंहभूम जिले समेत पूरे झारखंड राज्य के अंचल कार्यालयों में दाखिल-खारिज, सीमांकन, परिशोधन, दाखिल-खारिज अपीलवाद ऑन लाईन के कार्यों में राज्य की जनता के साथ धोखाधड़ी करने की वजह से पूर्व की व्यवस्था को समाप्त कर झारनेट के माध्यम से संचालित किया जाना राज्य के राजस्व का नुकसान कर जन कल्याण के कार्यों में बाधा पहुंचाने की प्रक्रिया को समाप्त करने का अनुरोध किया गया है। कहा कि झारनेट को झारभूमि के साथ जब से जोड़ा गया है तब से प्रक्रिया शुरू होते ही स्वयं लॉग आउट हो जा रहा है तथा किसी भी लॉगिन से फारवर्ड नहीं हो रहा है, जिसके चलते सारी सेवाएं ठप्प हो गई है, क्योंकि झारनेट के द्वारा जहां- जहां झारभूमि पोर्टल चल रहा है वहां की स्थिति खराब है जिसमें सुधार की संभावना भविष्य में नहीं दिख रही है। पहले जो सिस्टम था वह वाईफाई को मोबाईल से भी कनेक्ट किया जाता था तथा दूसरे नेटवर्क से जोड़ने पर साइट खुल जाता था लेकिन सरकार के द्वारा झारनेट को लाया गया था ताकि सारे चीज सुरक्षित रहे, इससे झारनेट काफी स्लो हो गया। अगर झारनेट का स्पीड बढ़ा दिया जाय तो काम तेजी से हो सकता है।

सामाजिक कार्यों का विरोध बीजेपी की घटिया मानसिकता का परिचायक : डॉ.अजय

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डा.अजय कुमार ने शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि बीजेपी गरीबों का भला नहीं चाहती है. यही भाजपा का दोहरा चरित्र है. एक तरफ बीजेपी गरीबों के विकास की बात करती है. वहीं दूसरी ओर गरीब बच्चों को दिए गए जर्सी और जूता का शिकायक चुनाव आयोग में करती है. उन्होंने कहा कि यही भाजपा का असली चेहरा है. मईंया सम्मान योजना को बंद करवाने के लिए भी बीजेपी द्वारा रांची हाईकोर्ट में मामला दर्ज करवाया गया था. वही भाजपा के नेताओं द्वारा गरीबों के विकास की बड़ी बड़ी बाते की जाती है. जो बाद में जुमला में तब्दिल हो जाता है. मेरे निवेदन पर एक स्वंय सेवी संगठन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था. जिसमें मैं एक अतिथि के तौर पर उपस्थित हो कर बच्चों के बीच सामग्री का वितरण किया. डा. अजय ने कहा कि दरअसल बीजेपी का चरित्र गरीबों को परेशान करना है. गरीबों के घर उजाड़ने के लिए बीजेपी के एक बड़े नेता ने एनजीटी में शिकायत की थी. जिसके संबंध में मेरे द्वारा खुलासा किया गया था. दरअसल भाजपा हार के डर से बौखला गई है और मुझे बदनाम करने के लिए तमाम हथकंडे अपना रही है. मजे की बात है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के पास जमशेदपुर पूर्वी से कोई प्रत्याशी मेरे विरोध में चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है. इसलिए बीजेपी मुझे बदनाम और परेशान करने का कोई मौका खोना नहीं चाहती है. भुनेश्वर में भी एक साजिश के तहत मुझे बदनाम करने के लिए बीजेपी के इशारे पर मामला दर्ज कराया गया है.

जुगसलाई विस सीट आजसू के खाते में जाने से भाजपा में हुआ हलचल

भाजपा नेता विमल बैठा जल्द ले सकते हैं बड़ा फैसला

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में पिछले करीब 12 सालों से सक्रिय भाजपा नेता विमल बैठा चुनाव लड़ने को लेकर जल्द बड़ा फैसला ले सकते हैं। पहले झामुमो और 2014 से भाजपा में रहकर समाज सेवा के माध्यम से क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ बना चुके विमल बैठा को एनडीए की सीट शेयरिंग की घोषणा के बाद बड़ा झटका लगा है। उन्हें उम्मीद थी कि इस बार का चुनाव जुगसलाई सीट से गठबंधन के तहत भाजपा ही लड़ेगी और उन्हें ही पार्टी चुनाव लड़ाएगी। लेकिन गठबंधन में यह सीट आजसू पार्टी के खाते में जाने से उनके पास अब सीमित विकल्प बचा है। वह निर्दलीय या झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से भी किस्मत अजमा सकते हैं। क्योंकि जिले की 6 सीटों में से जेएलकेएम की ओर से पार्टी सुप्रीमो जयराम कुमार महतो ने सिर्फ 3 सीटों जमशेदपुर पूर्वी (तरुण कुमार डे), पोटका (भगीरथ हांसदा) व घाटशिला (रामदास मुर्मू) से ही प्रत्याशियों की घोषणा गुरुवार को की है। जबकि जुगसलाई, बहरागोड़ा व जमशेदपुर पश्चिम की सीट पर एक से अधिक दावेदार होने की वजह से घोषणा नहीं हो पाई है। इस संबंध में पूछने पर विमल बैठा ने बताया कि उन पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का भारी दबाव है इसलिए वह चुनाव तो जरूर लड़ेंगे लेकिन अभी यह तय नहीं कर पाए हैं कि किस दल से चुनाव लड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि समर्थकों व शुभचिंतकों से विचार विमर्श के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा। फिलहाल यह तो तय हो चुका है कि एनडीए से आजसू पार्टी चुनाव लड़ेगी जिसमें पूर्व मंत्री और जुगसलाई से दो बार विधायक रहे रामचंद्र सहिस प्रत्याशी हो सकते हैं। जबकि इंडिया गठबंधन से वर्तमान झामुमो विधायक मगंल कालिंदी ही प्रत्याशी बन सकते हैं। दोनों ही गठबंधनों ने अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है।

जमशेदपुर पूर्वी से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे समाजसेवी तरुण दें

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने पूर्वी सिंहभूम के छह विधानसभा में से तीन पर अपना उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है जिसके तहत जमशेदपुर पूर्वी से समाजसेवी तरुण दे को अपना उम्मीदवार बनाया है वही पोटका से भागीरथ हांसदा व घाटीला से रामदास मुर्मू को पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है गुरुवार को पार्टी के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो ने इस संबंध मे लिस्ट जारी किया है मालूम हो कि हम आपसे भी तरुण दे क्षेत्र में समाज सेवा के क्षेत्र में बाढ़ चलकर हिस्सा लेते हैं और गरीबों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

खरसावां विधायक के भाई डॉ विजय सिंह गागराई ने चक्रधरपुर सीट से ठोकी ताल

प्रभात मंत्र संवाददाता

चक्रधरपुर : झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय सदस्य सह पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव व खरसावां विधायक दशरथ गागराई के छोटे भाई डॉ विजय सिंह गागराई चक्रधरपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से ताल ठोंकने चुनावी समर में कूद गए हैं। शुक्रवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ रांची पहुंचे। चक्रधरपुर सीट से बतौर झामुमो उम्मीदवार अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में आवेदन पत्र जमा कर 51 हजार रुपये की पर्ची कटाई। दावेदारी पेश करने के बाद डॉ विजय सिंह गागराई ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव लड़ने का सबको समान अधिकार है। मैंने चक्रधरपुर से अपना आवेदन पार्टी कार्यालय में दे दिया है। पार्टी का निर्णय सर्वमान्य होगा। उन्होंने कहा मुझे चक्रधरपुर विधानसभा के मुखिया, मानकी , मुंडा, पंचायत प्रतिनिधि तथा ग्रामीणों का समर्थन प्राप्त है। सभी लोगों की मांग पर मैं चक्रधरपुर का विकास एवं बदलाव को लेकर चुनाव लड़ना चाहता हूं। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता, मुखिया, मुंडा, मानकी व ग्रामीण उपस्थित थे।

कोल्हान नितिर तुरतुंग चक्रधरपुर ने अग्निवीर में सफल हुए जवानों को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

चक्रधरपुर : शुक्रवार को कोल्हान नितिर तुरतुंग के चक्रधरपुर केंद्र के विद्यार्थी जो अग्निवीर में सफलता प्राप्त किए हैं, उन्हें सफलता की बधाई दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए भी शुभकामनायें दी गई। संगठन के शिक्षकों, बुद्धिजीवियों, प्रशिक्षकों और नौकरी पेशा समूह के सहयोग व मार्गदर्शन में अबतक कोल्हान नितिर तुरतुंग संस्था से पिछले चार सालों में सभी केंद्रों से कुल 68 अभ्यर्थी अलग-अलग क्षेत्रों में सेवा के लिए चयनित हो चुके हैं। इनमे से भारतीय सेना (अग्निवीर) में 29 और अभी झारखंड उत्पाद सिपाही में 122 लोग फिजिकल पास कर चुके हैं। आज के भारतीय सेना (अग्निवीर) - 2024 में सफल जवान हरीश डांगिल, मधु सरदार, सचिन नायक, बुदलाल तियु एवं शिवनाथ बोदरा को पुष्पगुच्छ देकर एव पुष्प माला उन्हें पहन कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोल्हान नितिर तुरतुंग के दया सागर केराई (पूर्व सैनिक सह प्रशिक्षक, बीर सिंह पूर्ति(आर्मी अफसर), रबिन्द्र गिलुवा, हेमंत सामड, सत्यजीत हेमब्रम , ओड़िया हेम्ब्रोम (पूर्व बीएसएफ), शिक्षक लखन बोदरा, गौतम गगराई, जीतू बोदरा, सूरज डांगिल (अग्निवीर) एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

बाबा की हत्या के सवाल

महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री, तीन बार के विधायक, वरिष्ठ राजनेता और मुंबई की जिंदगी के एक अति विशिष्ट चेहरा बाबा सिद्दीकी की सरेआम हत्या कर दी गई। यह खौफनाक और चिंताजनक वारदात 'दशहरा पर्व' की शाम में ही की गई। त्योहार की आतिशबाजियां चलाई जा रही थीं। उन्हीं के शोर में हत्यारों की गोलीबारी की आवाज गुम होकर रह गई। बाबा सिद्दीकी को 3-4 गोलियां छाती में मारी गईं और जिंदगी थम कर रह गई। अस्पताल ने भी पुष्टि की कि बाबा अब मृत हैं। मुंबई में यह अपराध एक लंबे अंतराल के बाद हुआ है। जब अंडरवल्र्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और उसका गिरोह पूरी तरह सक्रिय था, तब मुंबई सुलगा रहता था। विस्फोट होते रहते थे। कत्ल करना सामान्य बात थी, लेकिन दाऊद कमजोर होकर अस्त होने लगा और तत्कालीन अपराध की दुनिया के सरगना या तो दिवंगत हो चुके थे अथवा जेल में सजा काट रहे हैं, लिहाजा मुंबई अपेक्षाकृत शांत और स्थिर होने लगी थी। अब बाबा सिद्दीकी जैसे राजनेता और रसूखदार आदमी की सरेआम जिस तरह हत्या की गई है, वह महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के लिए एक डरा और कंपा देने वाली चेतावनी है। चुनाव नवंबर में कराए जा सकते हैं। चुनाव आयोग के कार्यक्रम की घोषणा की प्रतीक्षा है। आखिर बाबा की हत्या क्यों की गई? अब नए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को 'नया डॉन' माना जा रहा है। उसे दाऊद का विकल्प करार दिया जा रहा है। वह दाऊद की 'प्रतिच्छाया' भी हो सकता है। उसके तार 'डी' कंपनी से कहीं जुड़े हों! लॉरेंस गैंग की ओर से सोशल मीडिया पर बाबा की हत्या की जिम्मेदारी ली गई है। उसके अलावा, गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा सरीखे गैंगस्टर पर भी 'शक की सुई' टिकी है। वे फिलहाल अमरीका और कनाडा में सक्रिय बताए जाते हैं। लॉरेंस गुजरात की 'साबरमती जेल' में कैद है। सवाल है कि क्या जेल से ही किसी के कत्ल की सुपारी दी जा सकती है? क्या गैंगस्टर जेल से ही अपने हत्यारे नेटवर्क को चलाने में सक्षम और कामयाब हैं? धन कहां से आता है? हत्यारों को हथियार कैसे सप्लाई किए जाते हैं और हथियारों की खरीद कैसे और कहां से संभव है? लॉरेंस गैंग में करीब 700 शूटर बताए जाते हैं। उनकी भर्ती कैसे हुई और उन्हें पैसा किस तरह मुहैया कराया जाता है? इसी गिरोह ने पंजाब के होनहार गायक मूसेवाला की हत्या की, अन्य गायक ढिल्लों पर कनाडा में हमला किया और बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान के घर पर गोलीबारी की। सलमान की जान के अब भी पीछे हैं ये हत्यारे। यदि वाकई ऐसी वारदातें हो रही हैं, तो देश में कानून-व्यवस्था के मायने क्या हैं? चूंकि यह चुनाव का मौसम है, लिहाजा महाराष्ट्र में राजनीतिक रंजिश के सवाल भी उठ रहे होंगे! बॉलीवुड में शाहरुख, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी आदि असंख्य चेहरे होंगे, जो बाबा के करीबी होंगे। उनके साथ मित्रता होगी या साथ काम किया होगा। बॉलीवुड ऐसी सामाजिक दुनिया है, जिसमें असंख्य रिश्ते पलते हैं। गैंगस्टर किस-किस पर सवाल चस्पा कर उसकी हत्या करेंगे? बाबा की हत्या के पीछे बिल्डर लॉबी भी हो सकती है। पुलिस का संदेह उस पर भी गहरा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की दिलचस्पी 'धारावी पुनः विकास परियोजना' में रही है। उनका मानना है कि यह योजना उनकी दोबारा ताजपोशी कर सकती है। बहरहाल पुलिस की जांच से यह जरूर साफ होना चाहिए कि हत्याकांड के पीछे असली सरगना कौन है।

> त्योहार की आतिशबाजियां चलाई जा रही थीं। उन्हीं के शोर में हत्यारों की गोलीबारी की आवाज गुम होकर रह गई। बाबा सिद्दीकी को 3-4 गोलियां छाती में मारी गईं और जिंदगी थम कर रह गई। अस्पताल ने भी पुष्टि की कि बाबा अब मृत हैं। मुंबई में यह अपराध एक लंबे अंतराल के बाद हुआ है। जब अंडरवल्र्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और उसका गिरोह पूरी तरह सक्रिय था, तब मुंबई सुलगा रहता था। विस्फोट होते रहते थे। कत्ल करना सामान्य बात थी, लेकिन दाऊद कमजोर होकर अस्त होने लगा और तत्कालीन अपराध की दुनिया के सरगना या तो दिवंगत हो चुके थे अथवा जेल में सजा काट रहे हैं, लिहाजा मुंबई अपेक्षाकृत शांत और स्थिर होने लगी थी। अब बाबा सिद्दीकी जैसे राजनेता और रसूखदार आदमी की सरेआम जिस तरह हत्या की गई है, वह महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के लिए एक डरा और कंपा देने वाली चेतावनी है। चुनाव नवंबर में कराए जा सकते हैं। चुनाव आयोग के कार्यक्रम की घोषणा की प्रतीक्षा है। आखिर बाबा की हत्या क्यों की गई? अब नए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को 'नया डॉन' माना जा रहा है।

अपने दृढ़ निश्चय के साथ वे स्टील, ऑटोमोबाइल और विमानन सहित टाटा समूह के व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर ले गए

मानवता-बिजनेस के संगम थे रतन टाटा

डा. अश्वनी महाजन

> आजादी से पहले टाटा समूह के संस्थापक श्री जमशेद जी टाटा ने देश में सबसे बड़े स्टील उद्योग की नींव रखी, जिसे आज हम टाटा स्टील के नाम से जानते हैं। जमशेद जी ने भारत के आम लोगों से एक-एक रुपया इक्विटी पूंजी के रूप में इक_ा करके इस बड़ी स्टील कंपनी का निर्माण करके यह दिखा दिया कि देशभक्त भारतीयों द्वारा ही राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। श्री रतन टाटा का जीवन न केवल हमारे देश के, बल्कि पूरे विश्व के उभरते उद्यमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है।

भारत और दुनिया के सबसे महान उद्योग नेताओं में से एक पद्म विभूषण श्री रतन नवल टाटा का दुःखद निधन, केवल उद्योग जगत के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के लिए बड़ी क्षति है। आजादी से पहले टाटा समूह के संस्थापक श्री जमशेद जी टाटा ने देश में सबसे बड़े स्टील उद्योग की नींव रखी, जिसे आज हम टाटा स्टील के नाम से जानते हैं। जमशेद जी ने भारत के आम लोगों से एक-एक रुपया इक्विटी पूंजी के रूप में इक_ा करके इस बड़ी स्टील कंपनी का निर्माण करके यह दिखा दिया कि देशभक्त भारतीयों द्वारा ही राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। श्री रतन टाटा का जीवन न केवल हमारे देश के, बल्कि पूरे विश्व के उभरते उद्यमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। लाभ कभी भी टाटा समूह का एकमात्र उद्देश्य नहीं रहा है और श्री रतन टाटा के दूरदर्शी नेतृत्व में श्रमिकों, गरीबों और दलितों की देखभाल हमेशा उनका मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है। अपने दृढ़ निश्चय के साथ वे स्टील, ऑटोमोबाइल और विमानन सहित टाटा समूह के व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर ले गए। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने हमेशा भारत को गौरवान्वित किया। टाटा समूह को अन्य व्यावसायिक घरानों से जो बात अलग बनाती है, वह यह है कि श्री रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह हमेशा से ही मजदूरों, लोगों और खासकर गरीबों के पक्ष में रहा है। उन्होंने एक बार कहा था कि जब उन्होंने भारी बारिश में बस का इंतजार कर रहे एक गरीब परिवार को देखा, तो उनके दिमाग में एक ऐसी छोटी कार बनाने का विचार आया जो आम आदमी के लिए सस्ती हो और उन्होंने दुनिया की सबसे सस्ती और किफायती कार बनाने का कार्य पूरा किया।

जहां उनकी व्यावसायिक सोच में आम आदमी और श्रमिक के प्रति संवेदनशीलता दिखाई देती है, उनके व्यवहार में सदैव देश के प्रति अथाह प्रेम भी झलकता है। उनके बारे में एक किस्सा प्रसिद्ध है कि जब पाकिस्तान द्वारा भेजे गए आतंकवादियों द्वारा मुम्बई के ताज होटल पर आक्रमण किया गया, तो अगले कुछ दिनों में पाकिस्तान के उद्योगपति उनसे मिलने के लिए भारत आए, लेकिन श्री रतन टाटा ने उनसे मिलने के लिए मना कर दिया। ऐसी स्थिति में जब भारत सरकार के एक तत्कालीन मंत्री ने उनसे उस मुलाकात को करने के लिए आग्रह किया, तो

उन्होंने स्पष्ट रूप से यह कह दिया कि आप लज्जाहीन हो सकते हैं, लेकिन मैं नहीं। जब-जब देश पर आपत्ति आई, श्री रटन टाटा ने दिल खोलकर योगदान दिया। हाल ही में कोरोना काल के दौरान रतन टाटा ने न केवल 500 करोड़ रुपए का योगदान दिया, बल्कि इसके अलावा टाटा समूह ने कुल 1500 करोड़ रुपए का कुल योगदान कोविड संकट के दौरान दिया। यह राशि देश के किसी भी व्यावसायिक समूह से अधिक थी। लोगों को साथ लेकर चलने के सिद्धांत के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उनके एक वाक्य से स्पष्ट होती है, जिसमें उन्होंने कहा कि 'अगर आप तेज चलना चाहते हैं, तो अकेले चलें। लेकिन अगर आप दूर चलना चाहते हैं, तो साथ-साथ चलें।' हालांकि वे देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के मुखिया थे, लेकिन जो भी उनसे मिलता था, उन्होंने कभी भी यह अहसास नहीं होने दिया। कुल मिलाकर वे विनम्रता की एक मिसाल के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने जब टाटा समूह का नेतृत्व संभाला तो उस समय अन्य औद्योगिक समूह विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार कर रहे थे। रतन टाटा ने अपनी एक अलग राह चुनी और अपने पूर्व स्थापित उद्योगों को गति देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कंपनियों का अधिग्रहण किया। अधिग्रहण के समय, वार्षिक इस्पात उत्पादन के मामले में कोरस, टाटा स्टील से चार गुना बड़ी थी। कोरस दुनिया की 9वीं सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी थी, जबकि टाटा स्टील 56वें स्थान पर थी। अधिग्रहण के बाद टाटा स्टील दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी बन गई। सामान्यतया जब भी कोई विदेशी किसी कंपनी का अधिग्रहण करता है तो वहां के लोगों और कर्मचारियों में उसके प्रति विरोध होता है, लेकिन इस अधिग्रहण में सबसे गौरवान्वित करने वाली बात यह थी कि कर्मचारियों ने इस बाबत खुशी जताई, क्योंकि टाटा को हमेशा कर्मचारी हित को सर्वोपरि रखने वाली कंपनी के रूप में जाना जाता है।

इसी प्रकार दुनिया की सबसे बड़ी कार कंपनी फोर्ड का भी अधिग्रहण रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने किया, जिसके चलते टाटा मोटर्स ने भारत में ही नहीं, दुनिया में एक बड़ा स्थान बना लिया। वे हमेशा नीति निर्माताओं के लिए मार्गदर्शक रहे हैं। उनका व्यक्तित्व ऐसा था कि वे नीति निर्माताओं सहित अन्य लोगों को उनकी गलती के लिए टोक देते थे। रतन टाटा ने टाटा समूह के प्रति अपने दूरदर्शी नेतृत्व से हमेशा ही मजदूरों, उपभोक्ताओं और आम आदमी का स्नेह, प्रशंसा और वफादारी जीती है। सभी बड़े औद्योगिक घरानों में से यह टाटा समूह ही था, जिसने कोविड-19 महामारी के दौरान न केवल अपने कर्मचारियों को पूरा वेतन दिया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि कोविड-19 के दौरान जान गंवाने वालों के परिवारों को उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक पूरा वेतन मिलता रहे। रतन टाटा निश्चित रूप से मानवता, राष्ट्रवाद और व्यापार के बेजोड़ संगम थे। उनका सरोकार समाज का कल्याण था। बिजनेस को उन्होंने कभी भी लाभ की दृष्टि से नहीं देखा। लाभ कमाना उनका प्रथम लक्ष्य नहीं था।

उनका प्रथम लक्ष्य था समाज का कल्याण, कर्मचारी और मजदूरों का कल्याण। इसीलिए समाज, कर्मचारी व मजूदरों से उनके घनिष्ठ संबंध थे। उनका लक्ष्य था कि उन्हें बिजनेस के बजाय मानवतावादी, राष्ट्र और समाज हित के चिंतक के रूप में याद किया जाए। समाज के प्रति उनकी निष्ठाएं एकदम स्पष्ट थीं। वह बिजनेस के ऊपर समाज कल्याण को प्राथमिकता देते थे। अब उनकी भावनाओं को प्राथमिकता देने, उनके मूल्यों को विस्तार देने तथा उनके द्वारा स्थापित बहुमूल्य परंपराओं को आगे बढ़ाने का काम टाटा ट्रस्ट के नए चेयरमैन नोएल टाटा को करना है। नोएल टाटा के समक्ष जहां इस कंपनी के बिजनेस को विस्तार देने की चुनौती रहेगी, वहीं यह भी चुनौती रहेगी कि उद्योग जगत के सामाजिक उत्तरदायित्वों को किस तरह निभाया जाए।

दृष्टि कोण

बहुआयामी स्वतंत्रता सेनानी : बाबा कांशी राम

जिन्हें दुनिया फक्कड़ मस्त फकीर कहती है वो वास्तव में चेतना की वृहतता और ऊंचाई के धनी होते हैं। किसी शायर ने भी कहा है : 'मिला किसी को क्या है देखिए अमीरी से/दिलों के शाह तो अक्सर गरीब होते हैं।' कुछ ऐसे ही थे कवि, गीतकार, गायक और, सबसे अहम, स्वतंत्रता सेनानी 'पहाड़ी गांधी' बाबा कांशी राम। चौबीस वर्ष की आयु का, सुरीले कंठ वाला, संवेदनशील कवि हृदय युवा जब वर्ष 1906 के परतंत्र भारत में लाला हरदयाल, सरदार अजीत सिंह जैसे देशभक्तों के सम्पर्क में आता है तो उसके मानस पटल की उर्वरा भूमि पर देशभक्ति के बीज अंकुरित होने स्वाभाविक ही हैं। कहते हैं कुछ व्यक्ति के रक्त में जुंबिश होती है और शेष उसको परिस्थितियां परवान चढ़ा देती हैं। विज्ञान में इसे 'नेचर' और 'नरचर' कहा जाता है। यूं तो बाबा के खून में देशभक्ति का जज़्बा जन्म से ही हिलोरें लेता था, परंतु समकालीन सामाजिक परिदृश्य ने उस चिंगारी को अग्नि पुंज बना दिया और कालांतर में यह धधकती मशाल बन कर जनमानस का पथ आलोकित कर उठी। जहां उनकी चेतना के एक स्तर पर देशभक्ति का रंग जमा था, वहीं दूसरे पर साहित्य, समाज, परम्परा, भूख, लाचारी, वियोग और वेदना के स्वर थे। वह भुक्तभोगी वियोगी थे। सुमित्रा नंदन पंत की यह पंक्तियां बाबा पर अक्षरशः चरितार्थ होती हैं : 'वियोगी होगा पहला कवि/आह से उपजा होगा ज्ञान/निकल कर आंखों से चुपचाप/बही होगी कविता अनजान।' जब जेल की अंधेरी कोठरियों में स्वतंत्रता सेनानियों की भौतिक आंखों के देखने के लिए बहुत कुछ नहीं होता था तो वहां नेहरु, तिलक और बाबा कांशी राम जैसे लोग, मन की आंखों के दीप जला कर, लेखन के पथ पर अग्रसर होते रहे हैं।

चेतना में यह तथ्य उजागर होते ही, रघुपति सहाय 'फिराक गोरखपुरी' की पंक्तियां मुखर हो उठती हैं : 'कुछ क$फस की तीलियों से छन रहा है नूर सा/कुछ फ॰ा कुछ हसरतें परवा॰ की बातें करो/शामे $गम कुछ उस निगाहे ना॰ की बात करो/बेख़ुदी हद से बढ़ी है रा॰ की बातें करो।' जिस तरह नोआ$खली के दंगों में, विंस्टन चर्चिल द्वारा विशेषित 'अधनंगे फकीर' महात्मा गांधी को 'एकल मानव फौज' कहा गया था, उसी तरह कांगड़ा का यह सेनानी, पहाड़ी गांधी, वीराने में अकेली पुकार बन कर, परतंत्रता के गगन पर परवा॰ बन कर, अपनी आवा॰ जनमानस तक पहुंचाता रहा। आ॰ादी के गीत गाता रहा। जहां 'जोश मलीहाबादी' ने जनता में आजादी का जोश और जज़्बा उभारा, यह गा-गा कर : 'क्या हिंद का जिंदा कांप रहा है/गूंज रही हैं तकबीरें/उकताए हैं शायद कुछ कैदी और तोड़ रहे हैं जंजीरें/दीवारों के नीचे आ आ कर यूं जमा हुए हैं जिंदानी/सीनों में तलातुम बिजली का आंखों में झलकती शमशीरें।' वही बाबा कांशी राम का शंखनाद कांगड़ा वासियों के लिए, कुछ ऐसा था : 'इन्हां पहाडियां दी मारी गयी मत लोको/उजड़ी कांगड़ा देस जाणा/प्रदेसे दे लोक जागी उठे/सारे कांगड़े दे लोक खूब सुत्ते/इन्हां बड्डेया अपणा नक लोको/उजड़ी कांगड़ा देस जाणा/हुण मन्नों गलाया कांशी दा/डर रक्खो न तुसां फांसी दा/असां लैणा सुराज झट लोको/फिरी बस्सी कांगड़ा देस जाण।' हिंदी रूपांतर : 'मति भ्रष्ट हुई पहाडियों की/यह कांगड़ा देस उजड़ जाएगा/जब प्रदेश के लोग सब जाग उठे/सब कांगड़े के लोग क्यूं सोए हैं/नाक कटाया इन सब ने/यह कांगड़ा देस उजड़ जाएगा/मानो रे बात तुम कांशी की/दहशत रखो न मन में फांसी की/स्वराज जो झट हम ले लेंगे/तो कांगड़ा देस भी बस जाएगा।' यह क्रांति का बिगुल एक मिली जुली आवाज थी। जहां इसमें निराशा की निशा और खेद की धुंध थी, तो तत्पश्चात आशा का उजाला और जीत-ख़ुशहाली का स्वप्न भी था। गालिब के इन दो मिसरों की तरह, पहले तो बदहाली के काले बादल : 'यूं ही गर होता रहा गालिब तो, एहले/जहां देखना इन बस्तियों को तुम की तन्हा हो गईं/और फिर बादलों में प्रकट होती सुनहरी किरण/रंज से खूगर हुआ इन्सां तो मिट जाता है रंज/मुश्किलें मुझ पर पड़ी इतनी की आसां हो गईं।' जैसे अपने परिचय को लेकर किसी शायर ने कहा है- 'भटका हुआ खयाल हूं वादी में जेहन की अलफाज के नगर का पता पूछता हूं मैं।'

उसी तरह, बाबा कांशी राम भी अपनी पहचान में दार्शनिकता का पुट लाकर कहते हैं : 'ए मत पुच्छ मेरिये भैणे/मैं कुण, कुण घराना मेरा/सारा हिंदुस्तान है मेरा/भारत मां है माता मेरी/ओ जंजीरा जकड़ी है/ओ अंग्रेजां पकड़ी है/कांशी उस जो आजाद कराना है।' 'कांशी राम सुण एह कैहंदा /जेहड़ा गुरदासपुर जेल च रहंदा/कागज खलारी डयोढी बिच बैहंदा/वायदा स्वराज भुली न जाणा।' हिंदी रूपांतर : भावार्थ :'न पूछ बहिन तू मेरा पता/सारा हिंदुस्तान है मेरा/भारत माता है मां मेरी/गुलामी की जंजीरों से मुक्त करवाना है भारत माता को।' मैं गुरदासपुर जेल में रहता हूं।

कुछ अलग

गठरी तेरी चोर

साधो! आजकल घाटों पर संतों की भीड़ है। घाट भी संतों के हैं और भीड़ भी। इसलिए गठरी चोरी होने की पूरी संभावना है। नहान के लिए जाते वक्त ज़रा ध्यान रखें कि डुबकी लगाते समय कपड़े सही-सलामत रहें। नहीं तो हो सकता है कि आपको कच्छे में ही घर वापस आना पड़े। किन्तु कच्छा फटा होने पर आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। संसार की नज़र आपके कपड़ों पर रहती है। शरीर पर कपड़े न हों तो कोई सोशल मीडियावीर आपका वीडियो बना सकता है। पर आत्मा के नंगे होने का वीडियो कोई नहीं बनाता। इस बात की पूरी संभावना है कि वीडियो बनाने वाले की आत्मा भी नेतनयाहू या बाईडेन की तरह वस्त्रहीन हो। लेकिन आप यह सोचकर क़तई ख़ुश न हों कि हमारे देश के नेताओं की आत्मा ढकी हुई है। आज़ादी के अमृत काल में चल रहे सार्वजनिक नंग नहान के दौर में अब न हमाम की ज़रूरत है और न कपड़ों की। बेशर्मी ही वस्त्र हैं। जो जितना बड़ा बेशर्म होगा, वह उतना ही बड़ा नेता होगा या सार्वजनिक जीवन में उतना ही सफल व्यक्ति होगा। आत्मा नंगी होने पर लोगों की गठरिया पर हाथ साफ करने में आसानी रहती है। चोरों के कच्छा गिरोह के बारे में आपने सुना होगा। चोरों का यह गिरोह अपने शरीर पर तेल मल कर चोरी करने निकलता है। ऐसे में उन्हें पकड़ना मुश्किल होता है क्योंकि फिसल कर चोर आसानी से भाग जाता है। लेकिन आत्मा नंगी हो तो शरीर पर तेल लगाने की ज़रूरत भी नहीं पड़ती। बस आपको वे तमाम हिकमतें आनी चाहिए जो आपको सत्ता के केन्द्र में बनाए रखें। इसके लिए यह भी ज़रूरी नहीं कि आप मंत्री या नेता हों। तरीक़े पता हों तो चाहे कोई मंत्री हो या संतरी, उसे पता होता है कि गठरी चुरानी कैसे है और रंगे हाथ पकड़े जाने के बावजूद अपने आपको संत कैसे साबित करना है। बेचारा आम आदमी यह सोचकर भ्रमित होता रहता है कि गठरी में चोर लगा है या गठरी ही चोर है। क्योंकि गठरी चोरी करने का आरोपी या तो मंत्री है या फिर नेता, अफसर, अभिनेता, संतरी, बिजनेसमैन या कोई बड़ी तोप। ऐसे भले लोग तो देश के सेवक होते हैं या फिर चौकीदार। अतः उन पर रत्ती भर भी शक नहीं किया जा सकता। हां, गठरी पर अवश्य संदेह किया जा सकता है। ऐसे में आम आदमी सिर खुजाते हुए सोचता रहता है कि गठरी ही चोर होगी। ये सभी तो भले आदमी हैं। कबीर ने पता नहीं क्या सोच कर कहा था कि 'तेरी गठरी में लागा चोर, मुसाफिर जाग ज़रा।' कबीर आज होते तो अपने शब्दों को बदल कर कहते, 'गठरी तेरी चोर है, या गठरी में चोर। ग़ाफ़िल तू सोया हुआ, बाहर-भीतर चोर।' नंगी आत्माओं ने अपनी सुविधा के हिसाब से सिस्टम को गठरी बना दिया है। जब उनका जी करता है सिस्टम को चुरा लेते हैं या उसमें सेंध मार कर चोरी कर लेते हैं। अब तो सेंध मारने की ज़रूरत भी नहीं पड़ती। बस सिस्टम के जादू से ईवीएम में आंकड़े बदलते हैं और सरकार बन जाती है। सभी जादूगर हैं। लोकतंत्र के तीन स्तम्भों में जादूगर बैठे हैं और चौथे स्तम्भ में विदूषक, जो सिस्टम की किसी भी गड़बड़ को कुतर्क के हाजमोले से पचा डालते हैं। भेड़ों को अपनी मैं-मैं में पता ही नहीं चलता कि किस कोने में चोर उनकी गठरी पर हाथ साफ कर गए हैं। आज़ादी के बाद बड़े जतनों से रहनुमाओं ने बिखरे गूदड़ों को इक_ा कर देश की गठरी बांधी थी। सिस्टम को गठरी के अंदर रखा था। लेकिन अब गठरी सिस्टम के अंदर आ चुकी है और गठरी की गांठ नंगी आत्माओं के हाथ है। ढीली गांठ से गूदड़ बिखरना शुरू हो चुके हैं। मुझे डर है कि गूदड़ों को एक रंग में रंगने का सपना देखने वाली नंगी आत्माएं इन गूदड़ों की चिन्दी-चिन्दी न कर दें। ख़ुदा ख़ैर करे। क्षमा करें।

देश दुनीया से

नये जिलों के सृजन की तार्किकता का सवाल

> विभाजन के समय भारत में ज़िलों की संख्या सटीक रूप से ज्ञात नहीं है, लेकिन 1951 में स्वतंत्रता के बाद पहली जनगणना के समय कुल 402 जिले थे। ये जिले 27 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों (यूटी) में फैले हुए थे। नवीनतम आंकड़े के अनुसार, देश में 28 राज्य, 8 केंद्रशासित प्रदेश और 806 जिले हैं। इनमें 5 जिले हाल ही में लद्दाख में जोड़े गए हैं–जो कि सबसे नया केंद्रशासित प्रदेश है और जिसकी स्थापना 2019 में हुई है। अब इसके जिलों की संख्या 2 से बढ़कर 7 हो गई है।

कहने को 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन'– एक बढ़िया और उपयुक्त नारा है। अन्य लोकप्रिय मुहावरा यह है कि भारत की शासकीय संरचना केवल तीन शक्तिशाली स्तंभों पर टिकी है : प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और जिलाधीश; जिसको लेकर आमतौर पर कहा जाता है कि पीएम-सीएम-डीएम नामक त्रिमूर्ति भारत का राजकाज चलाती है। विभाजन के समय भारत में ज़िलों की संख्या सटीक रूप से ज्ञात नहीं है, लेकिन 1951 में स्वतंत्रता के बाद पहली जनगणना के समय कुल 402 जिले थे। ये जिले 27 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों (यूटी) में फैले हुए थे। नवीनतम आंकड़े के अनुसार, देश में 28 राज्य, 8 केंद्रशासित प्रदेश और 806 जिले हैं। इनमें 5 जिले हाल ही में लद्दाख में जोड़े गए हैं–जो कि सबसे नया केंद्रशासित प्रदेश है और जिसकी स्थापना 2019 में हुई है। अब इसके जिलों की संख्या 2 से बढ़कर 7 हो गई है। देशभर के जिलों की संख्या साल 1951 में 402 थी व साल 1991 तक उसमें 74 नए जिले बनकर जुड़े। अगले दशक (1991-2001) में 117 नए जिले जोड़े गए, 2001 से 2011 के बीच इनकी संख्या 47 रही। पिछले 13 वर्षों में 166 नवीन जिलों का निर्माण हुआ है। साल 1951 में, आंध्र प्रदेश में 19 जिले थे और हैदराबाद सूबे में 17 जिले थे, आज आंध्र प्रदेश में 26 तो आंध्र प्रदेश से अलग होकर बने तेलंगाना में ही 33 जिले हैं। इसी तरह, असम में यह संख्या 13 से बढ़कर 35 हो गई, बिहार में 18 से 38, दिल्ली में 1 से 11, हिमाचल प्रदेश में 6 से 12, जम्मू-कश्मीर में 6 से 20, पंजाब में 12 से 23, ओडिशा में 13 से 30, राजस्थान में 21 से 50, उत्तर प्रदेश में 40 से 75 और पश्चिम बंगाल में संख्या 15 से 30 हो गई है। राज्य पुनर्गठन अधिनियम-1956 लागू होने के बाद बनाए गए कुछ नए राज्यों का रिकॉर्ड चौंकाने वाला है। हरियाणा में 22 जिले हैं, जबकि 1966 में इसके निर्माण के समय 7 जिले थे। तेलंगाना की गिनती 10 से बढ़कर 33 हो गई है, उत्तराखंड में 9 से 13, झारखंड 18 से 24 और छत्तीसगढ़ में 16 से बढ़कर 33 जिले हो गए। एक नए जिले का निर्माण, जो कि अनिवार्य रूप से एक प्रशासनिक इकाई होता है, लगता नहीं यह करते वक्त किसी भी तर्कसंगत सिद्धांत का पालन किया जाता है। जिला बनाने के लिए कोई परिभाषित भौगोलिक या जनसांख्यिकीय मानदंड नहीं हैं। भारत का सबसे बड़ा जिला कच्छ है, जिसका क्षेत्रफल 45,674 वर्ग किमी और जनसंख्या 20,92,371 है। सबसे छोटा जिला माहे है, जिसका क्षेत्रफल महज 8.69 वर्ग किमी. और जनसंख्या 41,816 है। आबादी के हिसाब से उत्तर 24 परगना सबसे बड़ा जिला है, जहां पर 1,00,09,781 लोग बसे हैं और कुल क्षेत्रफल 4,094 वर्ग किमी है, जबकि सबसे कम आबादी दिबांग घाटी की है जहां पर 8,004 निवासी हैं और 9,129 वर्ग किमी क्षेत्र है। अविभाजित लेह जिले की जनसंख्या 1,33,487 और क्षेत्रफल 45,110 वर्ग किमी था वहीं कारगिल की जनसंख्या 1,40,802 और क्षेत्रफल 14,086 वर्ग किमी था। अब कारगिल से काटकर द्रास और झांस्कार को जिला बनाया गया है और लेह को विभाजित कर चांगथांग, नुब्रा और शाम घाटी नामक जिले बनाए गए हैं। यह सच है कि मूल लद्दाख जिला प्रशासन चलाने के लिहाज से अत्यंत विशाल था। कारगिल और लेह सांस्कृतिक रूप से अलहदा हैं। इस कारण 1979 में कारगिल को एक अलग जिले के रूप में रखा गया। छोटा किए जाने के बावजूद लेह जिला भौगोलिक दृष्टि से देश का दूसरा सबसे बड़ा जिला बना रहा। भारत में नए जिले का निर्माण आम तौर पर किसी वस्तुनिष्ठ मानदंड की बजाय राजनीतिक मांगों का परिणाम होते हैं। मसलन, लद्दाख के मामले में, कारगिल से अलग करके एक नया मुस्लिम बहुल जिला 'सन्कू' बनाने के लिए विरोध प्रदर्शन हुए, शायद इसलिए भी कि सर्दियों के दौरान यह इलाका अक्सर कारगिल से कटा रहता है। कारगिल से अलग करके एक नया जिला बनाने की इस किस्म की मांग झांस्कार के लोगों द्वारा भी की गई थी। यही बात लेह के सभी हिस्सों जैसे द्रास, चांगथांग, खालत्सी और तुरतुक के बारे में भी कही जा सकती है। हालांकि, क्या एक जिले का दर्जा देने की मांग के पीछे महज एक नई प्रशासनिक इकाई बनाने वाला औचित्य काफी है, जबकि इससे राजकोष पर काफी वित्तीय बोझ पड़ता है। एक नया जिला बनते ही अतिरिक्त कर्मी, नए कार्यालय और आवासीय भवनों का निर्माण जरूरी हो जाता है। नया जिला आम तौर पर उपखंड मुख्यालय को अपग्रेड कर बनाया जाता है, साथ ही पुलिस अधीक्षक और अन्य जिला-स्तरीय कार्यालय जैसे सहायक तंत्र की स्थापना करनी पड़ती है। लेकिन अक्सर ऐसा होता नहीं क्योंकि संलग्न कार्यालय बनने में लंबा वक्त लगता है। कभी-कभी, बजटीय बाधाओं के कारण सभी विभागीय कार्यालयों के अपग्रेडेशन की न तो जरूरत होती है और न ही यह संभव है। मुख्य बिंदु यह है कि नया जिला बनने से जिलाधिकारी को अधिकारों का कोई बहुत बड़ा हस्तांतरण नहीं होता।

आप का नजरीया

एचआरटीसी का मेकअप

पचास साल के हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में फिर से जोश भरने की कवायद शुरू हुई, जिसका स्वागत करना होगा। योजनाएं महत्त्वाकांक्षी हैं, फिर भी सोचना यह होगा कि अंततः घाटा इतना कैसे बढ़ गया कि आगे बढने के बजाय एचआरटीसी अपने ही पाप नहीं धो पा रहा है। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों के लंबित मामलों को आसरा देते हुए पचास करोड़ की अदायगी का वास्ता दिया है, तो इसी परिप्रेक्ष्य में कई अन्य मांगें भी स्वीकार की गईं। बहरहाल एचआरटीसी के रूट पर वादों की फेहरिस्त लंबी होती दिखाई दे रही है, जहां आने वाले समय में पंद्रह सौ इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी, रिक्तियां भरी जाएंगी तथा वोल्वो जैसी बसें भी नए मेकअप में सामने आएंगी। कहना न होगा कि हिमाचल में सडक़ परिवहन की क्षमता, संभावना और आर्थिकी निरंतर बढ़ी है और बढ़ रही है, लेकिन राज्य की देनदारी में एचआरटीसी का फलक हमेशा से नुकसानदायी साबित हुआ। बेशक हर नई सरकार ने जनता की उम्मीदों की एचआरटीसी साबित करते-करते इसके बेड़े को हानि का अस्तबल बना दिया, लेकिन हिमाचल की आर्थिक यात्रा की यही सहचरी रही है। दरअसल हिमाचल निर्माण के हर क्षेत्र में परिवहन निगम की भूमिका इसलिए भी दिखाई देती है, क्योंकि इसका ताल्लुक गांव-देहात से कबाइली इलाकों तक रहा। कहना न होगा कि पीडब्ल्यूडी महकमा भी अगर सडक़ें बना रहा था, तो उसकी प्रमाणिकता के लिए सर्वप्रथम एचआरटीसी बस ही इसके ऊपर दौड़ी होगी। पर्यटन अगर आज प्रदेश की आर्थिकी को चार चांद लगा रहा है, तो परिवहन निगम के पहियों पर ही प्रदेश प्रारंभिक तौर पर डेस्टिनेशन बना। साक्षरता दर बढ़ाने के लिए कोई बच्चा स्कूल या छात्र कालेज तक पहुंचा, तो सरकारी उद्देश्य को सरकारी बस ने ढोया होगा। ऐसे में अगर पचास साल का सफर अब एक मोटे घाटे में दिखाई दे रहा है, तो यह समाज की बेहतरी और सरकारों के लक्ष्यों को ढोने का सबब भी है। यह दीगर है कि अब वो आरंभिक दौर नहीं रहा और इस युग की प्रतिस्पर्धा और प्रासंगिकता में परिवहन निगम को अपना वित्तीय संतुलन बनाना पड़ेगा, लेकिन इससे पहले एक बार सरकार को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए इसे वित्तीय घाटे के जंजाल से मुक्त कराने का खास प्रबंध करना होगा ताकि सारा प्रारूप बदले। एचआरटीसी पर हुआ राजनीतिक सफर अगर नहीं रोका गया, तो न कहने का कोई फायदा और न करने की कोई जिरह मुकम्मल होगी। एचआरटीसी की कार्यप्रणाली में बाहरी सुधार तो दिखाई देते हैं, लेकिन आंतरिक दशा सुधारने की जरूरत को समझना होगा। कर्मचारियों पर अधिकारियों की संख्या की औसत फिलहाल भारी है और इसी तरह अनावश्यक बस डिपो की शुमारी भी अनावश्यक है। एचआरटीसी को हिमाचल का ब्रांड बनकर अंतरराज्यीय बसों का स्तर ऊंचा उठाना है, तो इसके लिए संचालन का दायरा बेहतर करना होगा, जबकि एक मुकाबला निजी बसों से भी रहेगा। हिमाचल जिस रफ्तार से पर्यटन राज्य बन रहा है, उसे देखते हुए परिवहन निगम को ट्रैवल एजेंसी के रूप में नए प्रयोग करने होंगे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया प्रेस वार्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री रमेश घोलप द्वारा प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में 15 अक्टूबर के 3ः30 बजे अपराह्न से आदर्श आचार संहिता लागू है। जिले में दो विधानसभा सभा क्षेत्र जिसके लिए नोटिस ऑफ इलेक्शन आज निर्गत किया जा चुका है। जिसका नामांकन का प्रक्रिया दोनों विधानसभा क्षेत्र चतरा और सिमरिया के लिए शुरू की जा चुकी है। प्रत्याशियों का नामांकन निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा और सिमरिया के यहां किया जा रहा है। प्रत्याशी लोक अवकाश को छोड़कर सभी दिन 25 अक्टूबर तक 11 बजे से 3 बजे तक अपना नामांकन करा सकते है। जिसकी स्क्रुटनी 28 अक्टूबर को होगा वहीं नाम वापसी का तिथि 30 अक्टूबर को है। जिले के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित कर लिया गया है वहां स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भी विशेष कार्यक्रम किए जाएंगे। जिससे मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो। आगे कहा जिले में इंटर डिस्ट्रिक्ट कुल 07 और इंटर स्टेट 2 चेक पोस्ट बनाए गए है। अग्रणी जिला प्रबंधक और बैंक समन्वयक के साथ भी बैठक कर ली गई है। नामांकन कराने वाले प्रत्याशियों का नया खाता खोले जाने हैं प्रत्याशियों को खाता खुलवाने में समस्या ना हो उसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी बैंक कैश वाहन के द्वारा जो राशि का स्थानांतरण करते है उनका विवरण सीविजिल एप्प पर किया जाएगा। साथ ही साथ कैश वाहन पर सीविजिल एप्प के द्वारा प्राप्त क्यूआर कोड को भी लगाने का निर्देश दिया गया है।ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न हो। जिले के ऐसे मतदान केंद्र जो सुदूरवर्ती व जंगली क्षेत्र में है। वैसे कुल 66 मतदान केंद्रों पर 7 बजे से 4 बजे तक होगी। जिसमे वैसे बूथ सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 27 हैं और चतरा में 40 हैं। 66 बूथों को छोड़कर सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगी। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाता जो बूथ तक मतदान करने के लिए आने में असमर्थ हैं वैसे मतदाताओं को लिए पोस्टल वैलेट के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। उक्त प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु समेत अन्य सम्बंधित उपस्थित थे।

नामांकन के प्रथम दिन बिका एक नामांकन प्रपत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : सिमरिया अनुमंडल कार्यालय में विधानसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार को विधिवत प्रारंभ की गई है। नामांकन के प्रथम दिन एक नामांकन प्रपत्र बिका है। यह प्रपत्र झामुमो नेता सह महागठबंधन उम्मीदवार मनोज कुमार चंद्रा के लिए उनकी पत्नी प्रेमलता चंद्रा ने खरीदी है।इधर नामांकन प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए अनुमंडल कार्यालय के पहूंच पथ में बेरीकेटींग लगाई गई है। कार्यालय के सौ मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू किया गया है। कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी व चाक चौकस कर दी गई है। अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने सभी राजनीतिक दलों को आचार संहिता का पालन करने का निर्देश दिया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नामांकन के पहले दिन निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय का किया निरीक्षण

चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता): विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र आज 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक प्रत्याशियों का नामांकन निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा और सिमरिया के कार्यालय कक्ष में होना है। आज नामांकन के पहले दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप एवं पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार पांडेय ने सिमरिया और चतरा अनुमंडल कार्यालय पहुंच नामांकन प्रक्रिया, नियुक्त पदाधिकारियों, कर्मियों की उपस्थित, सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई, प्रतीक्षालय कक्ष, सीसीटीवी समेत अन्य का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को दिए गए दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करने की बात कही, आगे कहा सभी पदाधिकारी आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करें। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने की कही बात। उक्त मौके पर निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा/ सिमरिया समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल, रेफर

सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र के सिमरिया हजारीबाग मुख्य पथ स्थित बानासाडी गांव के समीप गुरुवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में एक व्यक्ति को लेने से गंभीर रूप से घायल हो गया है। उक्त वाहन घटना स्थल से फरार हो गया है घायल व्यक्ति एदला गांव निवासी सुरेश यादव है। ग्रामीणों की मदद से घायल सुरेश यादव को रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार सुरेश यादव साप्ताहिक हाट सिमरिया से अपने घर एदला जा रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है।

अफीम की खेती के लिए ट्रैक्टर से जुताई करते दो आरोपी गिरफ्तार, जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा/लावालौंग : लावालौंग थाना क्षेत्र के सांभे मड़वा गांव में अफीम की खेती करने के उद्देश्य से ट्रैक्टर से वन भूमि को जुताई करते हुए लावालौंग थाना प्रभारी रूपेश कुमार एवं वनकर्मी के द्वारा संयुक्त कारवाई में सरयू गंझू ग्राम विशनपुर एवं बबलू खान को गिरफ्तार किया गया है। वहीं जुताई में प्रयुक्त ट्रैक्टर को जप्त कर लावालौंग थाना कांड संख्या 69/24 दर्ज किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत चतरा में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी रूपेश कुमार ने लावालौंग क्षेत्र के सभी लोगों से अपील किया है कि अफीम पोस्ता की खेती ना करे। वर्ना आप जेल के सलाखों के पीछे जाओगे। अफीम एक जानलेवा तथा घातक हथियार के तरह पदार्थ है। जिसके जद में जाने से जिंदगी तबाह और मौत का शिकार हो जाता है। आपकी जिंदगी बहुत कीमती है साथ हीं अपने बच्चों और परिवार को आप बहुत जरूरी है इसे त्याग करें सुखी जीवन बिताए।

प्रभारी ने एएनएम व बिटीटी के साथ किया समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में प्रभारी चिकित्सक सुमित जायसवाल व बीपीएम महरूफ खान ने शुक्रवार को एएनएम व बिटीटी के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में प्रसव, टीकाकरण, बीसीजी, परिवार नियोजन की समीक्षा किया। कार्य मे लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को जमकर फटकार लगाया। इस दौरान बताया गया कि प्रखंड का कोई ऐसा गांव नही है, जहां कोई लोग बीमार नही है। सिर्फ फोटो खींचा कर सिर्फ खाना पूर्ति नही करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिसका जख्म हो रहा है, उसी को टीवी बीमारी से ग्रस्त हो रहे है। बैठक में रोहित कुमार, एएनएम संगीता कुमारी, सहिया साथी सुचिता कुमारी, स्वास्थ्य सहिया समेत अन्य मौजूद थे।

22 अक्टूबर को नामांकन करेंगे जेएमएम प्रत्याशी मनोज चंद्रा

सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): सिमरिया अ.ज. 26 से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा सह महा गठबंधन के प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने अगले 22 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। 22 अक्टूबर को नामांकन में झारखंड के मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन शामिल होंगे। जिसके लिए सभी तरह की तैयारी जोरो पर है। हालांकि नामांकन के लिए जेएम एम प्रत्याशी मनोज चंद्रा की पत्नी प्रेमलता चंद्रा ने नामांकन फॉर्म की खरीदी कर ली है। नामांकन के लिए मिली जानकारी के अनुशार 22 अक्टूबर को महागठबंधन के हजारों कार्यकर्ता नामांकन में शामिल होंगे।

दहेज के लालची गिरफ्तार, भेजा गया जेल

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): थान क्षेत्र के इंद्रा गांव निवासी हीरो यादव का पुत्र कामख्या यदाव को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कामख्या यादव पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया था।थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि बीते मंगलवार की देर रात खटाहा टांड़ कुआं से नवविवाहित महिला का शव बरामद किया था।दहेज को लेकर पत्नी की हत्या के आरोप में ससुर विजय यादव ने आवेदन दिया था।जिसमे चार को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

जिला जनसंपर्क कार्यालय में संचालित एमसीएमसी कोषांग का किया गया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : व्यय प्रेक्षक सुनी मैथ्यूज के द्वारा सूचना भवन के जिला जनसंपर्क कार्यालय में संचालित एमसीएमसी कोषांग का निरीक्षण किया गया।इस दौरान एमसीएमसी कोषांग के तहत किए जा रहे मॉनिटरिंग, प्रतिदिन के प्रेस कतरन, सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग, पेड न्यूज के मोनेटरिंग सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी ली गई। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों की कार्य प्रणाली एवं कार्य दायित्वों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। निरीक्षण के क्रम में व्यय प्रेक्षक एमसीएमसी कोषांग में हो रहे कार्यों पर संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन करें।मौके पर नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन उपस्थित थे।

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए पहले दिन एक उम्मीदवार ने खरीदा पर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : विधानसभा चुनाव 2024 के लिए पहले चरण में लातेहार विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को मतदान होना है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शुक्रवार से पहले चरण के लिए नामांकन पर्चा की बिक्री शुरु कर दी गई है। नामांकन पर्चा बिक्री और नामांकन दाखिल करने के लिए लातेहार विधानसभा सीट के लिए अनुमंडल कार्यालय में प्रशासन द्वारा व्यवस्था की गई है। इस क्रम में पहले दिन लातेहार विधानसभा सीट से मात्र एक नामांकन पर्चा आजसू पार्टी के नेता श्रवण पासवान ने खरीदा है। ज्ञात हो कि श्रवण पासवान पहले भी दो बार विधानसभा चुनाव 2014 में भाकपा माले के टिकट पर एवं 2019 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लातेहार विधानसभा से अपनी किस्मत आजमा चुके हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि एनडीए से लातेहार विधानसभा में एक प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे या कोई बागी होकर भी

जिला परिषद से पुल निर्माण कार्य में भारी अनियमितता

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : प्रखंड अंतर्गत पंचायत खुरा में जिला परिषद से लाखों की लागत से पुल निर्माण कार्य किया जा रहा है। जहां पुल निर्माण कार्य में शुरुआती दौर से ही अनियमितता बरतने की शिकायत ग्रामीण कर रहे हैं इस बीच शुक्रवार को ग्रामीणों की शिकायत पर खबर संकलन के दौरान पाया गया कि पुल का रिटर्निंग वाल भुमि की सतह से महज दो से तीन फीट की गहराई में निर्माण कार्य किया जा रहा है साथ ही निम्न स्तर का स्टील का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं पुल रिटर्निंग वाल नब्बे डिग्री पर सीधे सीधे सड़क से जोड़ कर निर्माण कार्य किया जा रहा है जबकि रिटर्निंग वाल 180 डिग्री पर होना चाहिए फिर पुल का बचाव कैसे होगा पानी की धारा में बह सकता है। वहीं इस संबंध जागरूक स्थानीय लोगों का कहना है कि दसकों से यहां पर पुल निर्माण की मांग की जा रही थी जो आज पुरा हो रहा है जिसके गुणवत्तापूर्ण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है पुल कुछ महीनों में धाराशाई हो सकता है। वहीं इस संबंध में विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि मामले की जांच कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

लातेहार व मनिका विधानसभा के लिए जारी हुआ अधिसूचना, नामांकन शुरू

लातेहार : झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण का गजट शुक्रवार को प्रकाशित कर दिया गया है। लातेहार और मनिका विधानसभा क्षेत्र में नामांकन की प्रक्रिया भी इसी के साथ शुरू हो गई है। लातेहार और महुआड़ांड अनुमंडल कार्यालय में नामांकन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

शपथ-पत्र

समक्ष,
कार्यपालक दण्डाधिकारी सिमरीया (चतरा)।

मैं, मोहम्मद मिन्हाज खान (MOHAMMAD MINHAZ KHAN), पिता स्व0 मोहम्मद दरगाही खान उम्र-49 वर्ष लगभग, धर्म-इसलाम, पेशा-खेती, ग्राम-मंघनीया, थाना-आवालौंग, जिला- चतरा शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ

1. यह कि मेरा एक खाता बैंक ऑफ इण्डीया शाख बगरामोड़ खाता सं0 488210100005640 में मेरा नाम मिहाज (Mihaj) अंकित है जबकि मेरा सही नाम मोहम्मद मिन्हाज खान (Mohammad Minhaz Khan) पिता स्व0 मोहम्मद दरगाही खान है।

2. यह कि मेरा आधार कार्ड सवं0 9761 7760 6815 में मेरा नाम मोहम्मद मिन्हाज खान (Mohammad Minhaz Khan) अंकित है।

3.- यह कि मैं अपने पता पर उपरोक्त दोनों नामों से जाना वो पहचाना जाता हूँ।

4. यह कि भविष्य में मेरे नाम को लेकर कोई विवाद होने पर उसकी पुरी जबाबदेही मेरी होगी।

5. यह कि यह शपथ पत्र में बैंक में अपना नाम सुधार करवाने हेतु कर रहा हूँ।

सत्यापन
मो मिन्हाज

मैं, मोहम्मद मिन्हाज खान (Mohammad Minhaz Khan) सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र में अंकित सारे तथ्य मेरे जानकारी एवं विश्वास से सत्य वो सही है। चतरा दिनांक 24.09.2024 ई0।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों का किया औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के सुचारू संचालन के लिए गठित विभिन्न कोषांगों का शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, निर्वाचन कोषांग, सूचना प्रौद्योगिकी कोषांग (आईटी सेल), कार्मिक कोषांग, निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग, आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था नियंत्रण कोषांग, ईवीएम कोषांग, वेब कास्टिंग कोषांग, PwDs कोषांग, EDC–cum–Postal Ballot कोषांग, सामग्री कोषांग, एमसीएमसी कोषांग, स्वीप कोषांग का निरीक्षण कर कोषांगों के कार्यो का अवलोकन किया गया। इस दौरान कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को निर्देशित कि किया चुनाव कार्य में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करे, निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, सजग और तत्पर होकर ससमय कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें।निरीक्षण के क्रम में हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग के निरीक्षण के क्रम में 24म7 एक्टिव रहते हुए शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित पदाधिकारी को अवगत कराने का निर्देश दिया गया।निर्वाचन कोषांग, आदर्श आचार संहिता कोषांग एवं निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग के निरीक्षण के क्रम में निर्वाचन व्यय के सतत निगरानी सहित अनुश्रवण पर बल देते हुए निर्देशित किया गया कि व्यय लेखा का संधारण करते हुए प्रत्याशी के शैडो रजिस्टर में इंट्री करें। प्रत्याशियों द्वारा किए जा रहे हर चुनावी गतिविधियों पर पैनी नजर रखें, जनसभा- रैली, नुक्कड़ सभा आदि सभी आयोजनों के दौरान किए गए व्यवस्थाओं का वीडियोग्राफी करायें एवं उसके लागत का सटीक आकलन करते हुए अनुश्रवण टीम को उपलब्ध करायें।उन्हें निर्देश दिया कि सोशल मीडिया, समाचार पत्र, टीवी चैनल आदि पर पेड न्यूज पर कड़ी निगरानी रखें।इस दौरान समाहरणालय अंतर्गत कार्यालय परिसर अवलोकन के क्रम में उपायुक्त के द्वारा सभी कोषांगो एवं समाहरणालय स्थित सभी कार्यालयों में साफङ्कसफाई का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया।मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, समेत संबधित कोषांग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

आपराधिक गिरोह ने लगाई हाइवा में आग, पर्चा छोड़कर लेवी की किया मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में आपराधिक गिरोह प्रदीप गंझु के गुर्गो के द्वारा एक कोयला लोड हाइवा जेएच 19ई3300 में आग लगा दिया गया। घटना गुरुवार मध्य रात्रि लगभग 2:00 बजे की बताई जाती है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चार की संख्या में आए हथियारबंद अपराधियो ने हाईवा चालक को अपने कब्जे में कर लिया और पेट्रोल छिड़कर हाईवा में आग लगा दिया। वहीं घटना स्थल पर एक हस्तलिखित पर्चा भी छोड़ा है। जिसमें लिखा हुआ है की लातेहार जिला सहित चंदवा बालूमाथ में कोयला का काम कर रहे विभिन्न कंपनी डीओ होल्डर, लिफ्टर एवं रोड कांट्रैक्टर, रेलवे कंस्ट्रक्शन, कोयला व्यवसायी, जमीन माफिया, बालू माफिया गैंगस्टर अमन साव को रंगदारी देना बंद करो। अमन साव को जो भी रंगदारी देने सहयोग करेगा उसको इसी तरह का अंजाम भुगतना होगा

।पर्चे में प्रदीप गंझु ने आगजनी की घटना की जिम्मेवारी लेते हुए कहा कि चमातू कोलियरी में कांटा नंबर 20,21,22,23 में रामस्वरूप पांडे द्वारा हिंडालको कंपनी के लिए ट्रांसपोटिंग रहा है। इसमें कोई भी गाड़ी नहीं लगाए जब तक प्रदीप गंझु से मैनेज नही हो जाता है ।तब तक अपना काम बंद रखें ।वरना आगे इसी तरह का अंजाम भुगतना पड़ेगा ।वहीं नीचे पर्ची में निवेदक में प्रदीप गंझु और शूटर में शंकर गंझु लिखा हुआ है। वही इस घटना से विभिन्न व्यवसाईयों में दहशत व्याप्त है। घटनास्थल चमातू गांव से 100 फीट की दूरी पर है।

हड़ताल अवधि का मनरेगा योजनाओं में फिर हुआ फर्जी भुगतान

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : बरवाडीह प्रखंड में मुखिया,मनरेगा कर्मियों के द्वारा योजनाओं में फर्जी भुगतान बेखौफ कराने का सिलसिला जारी रखते वरिय अधिकारियों को चिढ़ाया जा रहा है। जहां सोमवार को दैनिक अखबारों में हड़ताल अवधि के दौरान ग़लत तरीके से आईडी लौगिंग करते योजनाओं का जियो टैग व भुगतान में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी को लेकर छपी खबर पर कार्रवाई नहीं होने या वरिय अधिकारियों की चुप्पी पर प्रतिनिधि व मनरेगा कर्मियों का हौसला बढ़ा हुआ है। जहां प्रकाशित खबर में दिखाया गया था कि हड़ताल अवधि में मुखिया, पंचायत सेवक व मनरेगा कर्मियों की मिलीभगत से मनरेगा योजनाओं के स्वीकृति देते फर्जी तरीके से लॉगिन का इस्तेमाल करते हुए योजनाओं का जियो टैग करते हजारों रुपए का भुगतान करा दिया गया है।इस तरह का काम प्रखंड के साथ पंचायत बेतला में मनरेगा योजनाएं क्रमश सरफुद्दीन मियां, अफरोज अंसारी,गिरेन्द्र सिंह, सुनिल यादव, संदीप यादव, मंदीप यादव, अखिलेश यादव, उमेश यादव समेत अन्य लाभुकों का मेढबंदी निर्माण कार्य किया गया है जिसे दिनांक 28- 8 2024 को स्वीकृति देते हुए दिनांक 5-10-2024 को भुगतान किया गया था फिर एकबार कर्मियों का हौसला देखने को मिला जब मनरेगा कानून की धज्जियां उड़ाते अखरा में निखदत बीबी,कोलपुरवा में फिरोज अंसारी, रहीमुद्दीन अंसारी,नेयमती बीबी,हुसनत बानो तारिक़ अंसारी का मेडबंदी निर्माण कार्य का एम आर दिनांक 17/10/2024 को निकाल दिया गया है। वहीं मामले पर बीपीओ त्रिवेणी राम ने बताया कि हमें जानकारी नहीं है पता कर के बताते हैं। बताते चलें कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के तत्वावधान में स्थाईकरण व वेतनमान के मांग की पूर्ति को लेकर दिनांक 18-07-2024 से लेकर 20-07-2024 तक सांकेतिक हड़ताल व दिनांक 22-07-2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर वहीं हड़ताल से वापसी करते दिनांक 09-10-2024 को बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में योगदान समर्पित किया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

नामांकन के पहले दिन बरही अनुमंडल कार्यालय से पांच लोगों ने खरीदा नामांकन प्रपत्र

विधानसभा चुनाव 2024 के नामांकन प्रक्रिया का डीसी ने लिया जायजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : शुक्रवार को नामांकन के पहले दिन बरही अनुमंडल कार्यालय से पांच लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। निर्वाचन पदाधिकारी सह बरही एसीडीओ जोहान टुडु ने बताया कि बरही से दो व बरकट्ठा से तीन लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। बरही विधानसभा से नामांकन प्रपत्र विनोद विश्वकर्मा ने दो सेट में खरीदा। वहीं चौपारण निवासी मो. सेराज ने एक सेट नामांकन प्रपत्र खरीदा। वहीं बरकट्ठा विधानसभा से जेएलकेम से महेंद्र प्रसाद व निर्दलीय से नीतिका कुमारी एवं सुनील कुमार ने एक सेट में नामांकन प्रपत्र खरीदा। इधर शुक्रवार को नामांकन के पहले दिन विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बरही अनुमंडल कार्यालय पंहुचकर आयोजित हो रहे नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने 21 बरही विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी एवं 20-बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी को सुव्यवस्थित रूप से नामांकन प्रक्रिया को करने, सभी जरूरी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा से निगरानी करने, हेल्प डेस्क आदि पर विशेष रूप से ध्यान देने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि गाईडलाइन के नियमो का पालन करते हुए सभी प्रत्याशियों के नामांकन करना है। निर्धारित समयनुसार पहुंचने वाले सभी प्रत्याशियों के नामांकन सुव्यवस्थित तरीके से एक-एक कर करना है। बता दें की विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के चुनाव की नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2024 और नाम वापसी की तिथि 30 अक्टूबर 2024 तक निर्धारित है।

हजारीबाग में न्यूज पेपर हॉकर से अहले सुबह मोबाइल व पैसे की छिनतई

शहर में अपराध की बढ़ती घटनाओं से लोगों में भय, अहले सुबह हो रही घटनाएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : लोहसिंघना थाना क्षेत्र के पेपर हाउस के समीप न्यूजपेपर हॉकर अभिषेक कुमार से अहले सुबह मोबाइल और पैसा छीनने का मामला प्रकाश में आया है। घटना सुबह 4:20 की बताई गई है। इस संबंध में अभिषेक कुमार ने थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन के अनुसार, अभिषेक कुमार अपने घर मंडई खुर्द से पेपर हाउस बुधवार की सुबह 4:20 में आ रहे थे। इसी क्रम में मंडई कल चौक के पास बाइक संख्या जेएच 02 एके 8874 पर तीन अज्ञात लोगों ने बाइक से अभिषेक के साइकिल पर धक्का मार दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। तीनों अज्ञात बाइक सवार अभिषेक के पास आए और उनके साथ मारपीट करने लगे। साथ ही उनके पास रखा मोबाइल और 17 हजार रुपए छीन लिया। अभिषेक कुमार ने पेपर ऑफिस का एक स्टाफ रोशन कुमार को आवाज लगाई तो उसे देखकर तीनों अज्ञात व्यक्ति बाइक छोड़कर फरार हो गए। आरोपियों का बाइक थाना में रखा गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी संदीप कुमार मंडल ने बताया कि अहले सुबह हुए छिनतई का आवेदन उन्हें प्राप्त है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति ने कराया लक्की ड्रा, प्रथम पुरस्कार में महिला को मिला स्कूटी

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : शहर के मटवारी गांधी मैदान में शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूजा के दौरान प्रत्येक वर्ष की तरह लॉटरी टिकट की बिक्री की गई। पूजन के उपरांत दुर्गा पूजा पंडाल के समीप लॉटरी ड्रॉ का आयोजन किया गया। वहीं मंच का संचालन अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान जितना टिकट की बिक्री हुई, उतने में ही लकी ड्रॉ करवाया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में माता रानी के जयकारों के साथ विधिवत रूप प्रारंभ कराया गया। चार घड़ा के माध्यम से लॉटरी के नंबर को निकाला गया, जिसमें उपस्थित बच्चे, छात्र छात्राओं के द्वारा नंबर निकाला गया। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके के साथ संपन्न किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार कूपन संख्या- 1433 बाबा पथ निवासी सुषमा देवी को स्कूटी सचिव रिंकू वर्मा ने अपने हाथों से पुरस्कृत किया। कुल 31 पुरस्कार बांटे गए। मौके पर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि पूजा में लोगों का अपार सहयोग और समर्थन प्राप्त हुआ। लॉटरी ड्रॉ आयोजन को मेला समिति के तमाम सदस्यों का ऐतिहासिक रूप से लकी ड्रॉ संपन्न करने के लिए बहुत-बहुत साधुवाद एवं धन्यवाद देता हूं। सभी ने काफी बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाई है । मौके पर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सचिव रिंकू वर्मा, उपाध्यक्ष विजय चौधरी, कौशल, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, प्रशांत प्रियदर्शी, बबलू मिश्रा, रवि सिंह, अतुल, अमित, जय, पच्चू, सुमन, सन्नी ,सोनू, अशोक आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

तरंग ग्रुप के कलाकार अमित व आदिश यूजीसी नेट में मे हुए सफल

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : यूजीसी नेट में हजारीबाग शहरी क्षेत्र से दो युवक चयनित हुए हैं। इनमें अमित कुमार और आदिश काशलीवाल हैं। अमित सांस्कृतिक संस्था तरंग ग्रुप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने यूजीसी नेट परीक्षा परफॉर्मिंग आर्ट (नृत्य एवं ड्रामा थिएटर) विषय से सफलता प्राप्त की। संस्था के निदेशक अमित गुप्ता ने बताया कि कलाकार अमित कुमार ने बहुत ही विषम परिस्थितियों में रह कर कलाकारी करते हुए इस परीक्षा में सफलता हासिल की है। वह मूल रूप से चौपारण प्रखंड के दैहर पंचायत के नीमा गांव के रहने वाले है। यहां बंशीधर कॉलोनी पीटीसी में रहकर अपनी तैयारी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बारहवीं विवेकानंद सेंट्रल स्कूल,स्नातक संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग एवं स्नातकोतर सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड रांची से करने के बाद तरंग ग्रुप हजारीबाग से जुड़ अभिनय क्षेत्र में लगातार 8 वर्षों से साथ जुड़े रहे। नेशनल ,जोनल यूथ फेस्टिवल में ड्रामा थिएटर के साथ शॉर्ट फिल्म, नुक्कड़ नाटकों में यहां तक की हॉलीवुड मूवी में भी काम किया। उन्होंने अपने सफलता का श्रेय अपने पिता रक्षेपाल दांगी, मां अंजू देवी,तरंग ग्रुप के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता के साथ अपने सभी गुरुजनों एवं सहपाठियों को दिया। वहीं आदिश काशलीवाल भी हजारीबाग शहर के रहने वाले हैं। उनके पिता जितेंद्र जैन व्यापारी और भाजपा नेता हैं। आदिश काशलीवाल ने जेवियर से मैट्रिक की। उसके दिल्ली विवि से पीजी किया। यूजीसी-नेट परीक्षा (जून 2024) मे अपने प्रथम प्रयास में ही सफलता प्राप्त कर असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए पहले प्रयास में क्वालिफाई कर गए हैं।

उपायुक्त के गोपनीय शाखा के अनुसेवक राम स्वरूप गोप का निधन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : उपायुक्त के गोपनीय शाखा हजारीबाग में कार्यरत अनुसेवक राम स्वरूप गोप का ईलाज में क्रम में शुक्रवार को पूर्वाह्न निधन हो गया है। उनके दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए शुक्रवार को उपायुक्त नैंसी सहाय व उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद समेत समाहरणालय के सभी अधिकारियों और कर्मियों ने सभाकक्ष में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उपायुक्त ने दिवंगत राम स्वरूप गोप के असामयिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। ईश्वर उनके परिवार को इस शोक की घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

दारू बीडीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

दारू (प्रभातमंत्र सवांददाता) : आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दारू प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रसीद, थाना प्रभारी सफीक खान एवं दारू अंचलाधिकारी राम कुमार बालक ने संयुक्त रूप से विभिन्न पंचायतों में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि सभी बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय, आवागमन के लिए सड़क आदि की सुविधा को लेकर बूथों का निरीक्षण किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव में वोट डालने के लिए आने वाले मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसको लेकर सभी बूथों पर व्यवस्था का आकलन कर सब कुछ दुरुस्त किया जा रहा है।

2 दर्जन ट्रेनों को एक दिसंबर से 28 फरवरी तक किया गया रद्द



कोडरमा/झुमरीतिलैया (प्रभात मंत्र संवाददाता) : गुलाबी ठंड का एहसास अक्टूबर माह के पहले पाक्षिक से आम आवाम को होने लगा है। पंखे की रफ्तार धीमी हो गयी है और कई लोग गर्म पानी से स्नान की शुरुआत कर चुके हैं इधर भारतीय रेलवे ठंड में कोहरे और ठंड के वजह से पहिये जगड़ जाते हैं ऐसे में पूरे देश भर में 2 दर्जन से अधिक ट्रेनों को रद्द कर दिया गया और कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। कोहरे के कारण संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित कराने के लिये एक दिसम्बर से 28 फरवरी 2025 तक लगभग 2 दर्जन ट्रेनों को रद्द किया गया है तथा कुछ ट्रेनों का परिचालन में कमी की गई है। पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र के अनुसार कोडरमा के रास्ते होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 18103 टाटा-अमृतसर एक्सप्रेस 2 दिसम्बर से 26 फरवरी 2025 तक रद्द रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18104 अमृतसर-टाटा एक्सप्रेस 4 दिसम्बर से 28 फरवरी 2025 तक रद्द रहेगी। वहीं कोडरमा के रास्ते होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 12988 अजमेर सियालदाह एक्सप्रेस 1 दिसम्बर से 28 फरवरी प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को रद्द रहेगी इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12987 सियालदाह अजमेर एक्सप्रेस प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को रद्द रहेगी। इधर बताते चलें कि दिसम्बर में शादी-विवाह एवम बड़ा दिन और नए वर्ष की छुटियां मनाने कई लोग देश के विभिन्न राज्यों में जाते हैं ऐसे में उनके पर्यटन स्थलों पर जाने के लिए दूसरी ट्रेनों को विकल्प के रूप में खोजना होगा यहाँ यह भी बताना जरूरी है कि रेलवे के द्वारा कई अन्य ट्रेनों को भी रद्द किया जा सकता है और फेरे में कटौती की जाएगी रेलवे में दिल्ली, मुंम्बई तथा उत्तर भारत से आनेवाली कई ट्रेनें विलंब से कोडरमा पहुँचती है और वीवीआइपी राजधानी सहित कई ट्रेनें काफी विलंब होने के कारण एकाएक रद्द भी किया जाता है। ऐसे में यात्रियों को काफी कठनाई का सामना करना पड़ता है।

तेजस्वी यादव का राजद कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिला अध्यक्ष हिरामन यादव उर्फ चरका यादव के नेतृत्व मे सैकड़ों समर्थकों ने हजारीबाग टोल प्लाजा के पास भव्य स्वागत किया । इस संबंध में राजद जिला अध्यक्ष के द्वारा जानकारी दी गई थी पटना से तेजस्वी यादव कोडरमा, हजारीबाग से होते हुए रांची जाने के क्रम में हजारीबाग (नगवा) टोल प्लाजा के पास भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत समारोह राजद समर्थकों में उत्साह और जोश का माहौल उत्पन्न करने वाला रहा। जिला अध्यक्ष हिरामन यादव और चरका यादव के नेतृत्व में समर्थकों ने और फूल-मालाओं से तेजस्वी यादव का जोरदार स्वागत किया। समर्थक अपने जोर में नारेबाजी कर रहे थे जिससे वातावरण में जोश और उमंग की लहर दौड़ गई। स्वागत कार्यक्रम में भारी संख्या में राजद कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी मौजूद थे, जो तेजस्वी यादव के आगमन को लेकर काफी उत्साहित नजर आए। तेजस्वी यादव ने इस अवसर पर सभी समर्थकों का आभार प्रकट किया और उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि राजद हमेशा जनता की आवाज को बुलंद करेगा और उनके हक के लिए संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने बिहार समेत पूरे देश के विकास और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए और पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस स्वागत कार्यक्रम के माध्यम से राजद कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के बीच तेजस्वी यादव की लोकप्रियता और समर्थन को देखा गया, जो आगामी चुनावों में राजद की मजबूती को दर्शाता है। राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष हीरामन गोप उर्फ चरका यादव ने कहा कि झारखंड के विधानसभा चुनाव में रजत संसदीय बोर्ड के द्वारा महागठबंधन से 22 सीट की मांग की गई है। राजद झारखंड में मजबूत स्थिति में है और आगामी चुनाव में राजद 15 से अधिक सीटों पर चुनाव जीतकर महागठबंधन को और मजबूत करेगा

एनटीपीसी पकरी बरवाडीह की अनूठी पहल

बड़कागांव क्षेत्र की छात्राओं के लिए सोहराय कला एवं संस्कृति पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा एनटीपीसी आईटीआई परिसर में बड़कागांव क्षेत्र के स्कूली छात्राओं को कौशल विकास से जोड़ने की एक अनूठी पहल की है। जिसमें बड़कागांव क्षेत्र के 40 स्कूली छात्राओं के लिए सोहराय कला और संस्कृति पेंटिंग कार्यशाला का उद्घाटन तजीन फैज अध्यक्ष जागृति महिला संघ एनटीपीसी पीवीसीएमपी के द्वारा किया गयाद्य कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह में जागृति महिला संघ की उपाध्यक्ष मीनाक्षी श्रीवास्तव, जनरल सेक्रेटरी सबरीन चौधरी वरीय प्रबंधक विदिशा पॉल, उप महाप्रबंधक एसके सेनापति एनटीपीसी की अधिकारी रिचा नंदा एवं आईटीआई के प्राचार्य मिथलेश उपाध्याय उपस्थित थेद्य कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि तजीन फैज ने महिला सशक्तिकरण की ओर सभी लड़कियों का ध्यान आकर्षित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं जीवन में निरंतर नए कौशल को सीखने, सोहराय कला एवं संस्कृत चित्रकला के अनूठे कौशल को पूरी मेहनत और लगन से सीखने की बात कही एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। प्रतिभागी के रूप में +2 हाई स्कूल बड़कागांव एवं जीडीएम हाई स्कूल बड़कागांव की छात्राओं का चयन किया गया यह छात्राएं कक्षा 10वीं एवं 12वीं की है, जिन्हें प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण किट उपलब्ध कराया गयाद्य यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्कूल के अवकाश के दौरान कराया जाना है। कार्यक्रम के सफल समापन के उपरांत छात्रों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी दिया जाएगाद्य कार्यक्रम का संचालन एनटीपीसी आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारी प्रदीप कुमार ने किया एवं कार्यक्रम में एनटीपीसी आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी प्रदीप कुमार, शाहिद अख्तर, इरफान अंसारी, मुकेश कुमार, अमरेश कुमार, श्रीनाथ श्री ,उपेंद्र कुमार, सुनील कुमार, रवि प्रजापति, संजीत मेहता, प्रदीप कुमार, विकास कुमार एवं अभिभावक शामिल थे।

अटल विचार मंच से महंत विजयानंद दास हो सकते है सदर विधानसभा से प्रत्याशी



प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास अटल विचार मंच की ओर से सदर विधानसभा हजारीबाग से प्रत्याशी हो सकते हैं और यदि ऐसा होता है तो इससे भाजपा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हजारीबाग में राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं और यह सीट चुनावी संघर्ष का केंद्र बन सकता है। महंत विजयानंद दास की लोकप्रियता और प्रभाव क्षेत्र में उनकी पकड़ को देखते हुए, वे एक मजबूत उम्मीदवार साबित हो सकते हैं। इससे भाजपा को अपने रणनीतिकारों के साथ नई योजना बनानी पड़ सकती है ताकि वे इस चुनौती का सामना कर सकें और अपनी स्थिति मजबूत बनाए रख सकें। वहीं बरही से रामाशीष सिंह (उर्फ आशीष, निजी सचिव यशवंत सिन्हा) को टिकट मिल सकती है। संभावित सूत्रों के हवाले से मिली खबर के अनुसार, पार्टी जल्द ही इन दोनों प्रत्याशियों की आधिकारिक घोषणा कर सकती है। इसकी चर्चा तेज हो गई है।

महंत विजयानंद दास का परिचय

महंत विजयानंद दास हजारीबाग बड़ा अखाड़ा के प्रमुख महंत हैं और उनकी प्रतिष्ठा और सम्मान शहर में व्यापक है। वे धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। महंत जी की लोकप्रियता और उनके धार्मिक कार्यों ने उन्हें लोगों के बीच एक सम्मानित स्थान दिलाया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनकी लोकप्रियता का लाभ पार्टी को चुनाव में मिल सकता है।

रामाशीष सिंह (उर्फ आशीष) का परिचय

रामाशीष सिंह, जो आशीष के नाम से भी जाने जाते हैं, पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा के निजी सचिव रह चुके हैं। उनकी प्रशासनिक क्षमता और राजनीतिक समझ काफी अच्छी मानी जाती है। आशीष ने अपने करियर में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं और उनके अनुभव का लाभ पार्टी को मिलने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, अटल विचार मंच के द्वारा इन दोनों नामों की घोषणा जल्द ही की जा सकती है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि दोनों प्रत्याशी जनता के बीच अपनी छवि और कार्यों के माध्यम से एक मजबूत उम्मीदवार साबित हो सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि महंत विजयानंद दास और रामाशीष सिंह की उम्मीदवारी से अटल विचार मंच को हजारीबाग क्षेत्र में एक नया ऊर्जा मिल सकती है। उनके द्वारा किए गए सामाजिक और धार्मिक कार्यों के कारण लोगों में उनके प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण है। विश्लेषक सुमित कुमार का कहना है, महंत विजयानंद दास का धार्मिक प्रभाव और रामाशीष सिंह का प्रशासनिक अनुभव, दोनों मिलकर पार्टी के लिए एक मजबूत स्थिति बना सकते हैं। हजारीबाग और बरही विधानसभा के स्थानीय निवासियों में इस खबर को लेकर उत्साह और जिज्ञासा है। एक स्थानीय निवासी ने कहा, महंत जी का समाज के प्रति समर्पण और आशीष जी का प्रशासनिक अनुभव, दोनों ही हमारे क्षेत्र के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने यह भी बताया कि आने वाले चुनावों के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। महंत श्री विजयानंद दास और रामाशीष सिंह के नामों की घोषणा के बाद, पार्टी की रणनीति और प्रचार अभियान को और भी तेज किया जाएगा। झारखंड प्रदेश की राजनीति में अटल विचार मंच के इन संभावित प्रत्याशियों की घोषणा से एक नई दिशा मिल सकती है। महंत विजयानंद दास और रामाशीष सिंह की उम्मीदवारी से पार्टी को हजारीबाग और बरही विधानसभा क्षेत्रों में एक मजबूत स्थिति प्राप्त हो सकती है। जनता की प्रतिक्रियाएं और विश्लेषकों के विचार इस बात का संकेत देते हैं कि आने वाले चुनावों में इन प्रत्याशियों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। पार्टी के द्वारा आधिकारिक घोषणा का इंतजार अब सबकी निगाहें पर

भाजपा मांडू विधानसभा के कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : रामगढ़ भाजपा जिला कार्यालय में, भाजपा मांडू विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक भाजपा नेता रंजीत कुमार सिंहा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मांडू विधानसभा के सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं के भावना को दरकिनार कर लिए गए निर्णय का एक स्वर में विरोध किया। सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि भाजपा मांडू विधान सभा में लगातार बेहतर प्रदर्शन करती रही है 2014 विधानसभा में हम कार्यकर्ताओं ने भाजपा को कांटे की टक्कर में लाकर खड़ा कर दिया, वही 2019 में कार्यकर्ताओं ने मांडू विधानसभा को जीतकर भाजपा के झोली में दिया। साथ ही साथ हजारीबाग लोकसभा चुनाव में मांडू विधानसभा से 32000 वोट से आगे होकर प्रथम स्थान पर रहे और चुनाव घोषणा होते के साथ पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के हर फोरम में एक ही आग्रह किया कि पार्टी किसी कार्यकर्ता को चुनाव लड़ाए ओर हम लोग यह सीट जीतकर भाजपा की झोली में देंगे लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने भाजपा कार्यकर्ताओं के इस भावना को दरकिनार कर मांडू सीट आजसू को दे दिया इस कारण मांडू विधानसभा के सभी कार्यकर्ता इसको बर्दाश्त करने की स्तिथि में नहीं है जल्द ही हम लोग एक बड़ी बैठक कर कोई बड़ा निर्णय लेंगे।इस बैठक में मुख्य रूप से अमरेंद्र गुप्ता, चंद्रनाथ भाई पटेल, खुशी लाल महतो, सर्वेश सिंह, रणधीर सिंह, जागेश्वर प्रजापति , डॉक्टर रामसेवक प्रसाद, मनोज गिरी, टोकेश सिंह, शशि कुमार, बसंत प्रजापति, नारायण महतो,, संजय शाह, गिरधारी महतो, रूपलाल कुमार पटेल, रमेश कुमार, प्रदीप प्रसाद, अरुण यादव, शंकर करमाली, हीरालाल तिवारी, सुनील प्रसाद,सुरेश केशरी इत्यादि उपस्थित थे।

आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर स्वीप के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो को विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों आदि के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक करने हेतु कई दिशा निर्देश दिया गया ।इसी क्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान शिक्षकों ने सभी बच्चों से आगामी विधानसभा

निर्वाचन 2024 जो के निर्धारित तिथि बड़कागांव ,ष्ट- 22,13 नवंबर 2024 एवं रामगढ़,ष्ट -23, 20 नवंबर 2024 मतदान होना है इस संबंध में अपने घर व आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का अपील किया गया। इसी क्रम में जिले के अलग-अलग क्षेत्र में बीएलओ दीदियों द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया इस दौरान उन्होंने 18 वर्ष से ऊपर सभी मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की।

महिलाओं के साथ-साथ युवा और बुजुर्गों का आजसू पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ा है : सुनिता चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : आजसू पार्टी रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी शुक्रवार को रामगढ़ शहर में जनसंपर्क के दौरान रामगढ़ पंचवटी स्थित जीएस कॉम्प्लस में आर्या स्लिमिंग थैरेपी वा सैलून में जावेद हबीब की संचालक शिवांगी प्रिया ओर आर्यन कंप्यूटर के संचालक राकेश आर्यन संयुक्त रूप से आज उनकी अगुवाई में दर्जनों महिलाएं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की द्य मौके पर सुनीता चौधरी ने कहा कि सिंवांगी प्रिया, राकेश आर्यन ओर उनकी टीम की जुड़ने से पार्टी को लाभ होगी द्य झारखंड की जनता बदलाव चाह रही है इस बार झारखंड में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी द्य जिस तरह से रामगढ़ विधानसभा

में महिलाओं का विश्वास आजसू पार्टी में बढ़ती जा रही है महिलाएं के साथ साथ युवा, बुजर्ग सभी का साथ मिल रही है। निश्चित ही रामगढ़ विधानसभा की देव तुल्य जनता विकाश के प्रति अपना मतदान करेंगे द्य मौके पर सभी से अपील किया कि आप सभी अपने अगल-बगल के लोगों को जागरूक करें ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में अपना मत का प्रयोग जरुर करें। एनडीए गठबंधन के प्रेस कांफ्रेंस के बाद झारखण्ड की देव तुल्य जनता पुरी तरह से तयार है । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल एवं संचालन नगर सचिव नीरज मंडल ने किया द्य इस कार्यक्रम के जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, जिला उपाध्यक्ष बिभन सिंह, सरिता देवी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष रोहित सोनी, दीपू गुप्ता, पंकज दांगी, सारदा देवी, टिंकू कुशवाहा मौजूद थे । जनसंपर्क मे पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में, कंचन देवी शोभा देवी , गीता देवी, प्रतिभा देवी बीना देवी स्वामी देवी शिवांगी देवी, बेबी देवी, कस्तूरा देवी, रेशमा देवी कुमार खाता देवी पार्वती देवी प्रेमा देवी प्रतिमा देवी , बबीता देवी, ममता देवी, सुमित,कमलेश, कुमार, अकरम, रोहित सिंह, शेखर, निखिल, सुप्रिया, अभिलाषा, नीतीश, संध्या , निशु ने किया ।

रामगढ़ में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : रामगढ़ जिला में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के द्वारा किया गया बैठक में निर्णय लिया गया द्य कि कल ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला जिला रांची में आयोजन किया गया द्य जिसमें राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला रामगढ़ से लगभग 400 से 500 सौ लोग ऐतिहासिक मुड़मा जतरा में शामिल होंगेद्य इस मौके पर राजेश पाहन, आदिवासी अगुआ सह समाजसेवी दीपक उराँव, भुनेश्वर बेदिया, जिला अध्यक्ष शुक्र मणि मुंडा ,नरेश मुंडा, रूपलाल मुंडा , अनु मुंडा, किरण मुंडा आदि कोई उपस्थित थे।

सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से हज़ारीबाग में बनेगा हवाई अड्डा : धनंजय कुमार पुटूस

△ सांसद मनीष जायसवाल का कार्य सराहनीय : धनंजय कुमार पुटूस

△ सांसद मनीष जायसवाल हज़ारीबाग लोकसभा वासियो के हित मे कर रहे हैं शानदार कार्य : धनंजय कुमार पुटूस

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा नागरिक उड्डयन मंत्री से हजारीबाग में हवाई अड्डा बनाने की मांग करने पर रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी, भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद किया है।जारी विज्ञप्ति में धनंजय कुमार पुटूस ने कहा है कि हमारे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल रामगढ़ व

हजारीबाग ज़िला के आम लोगो,व्यापारियों व छात्रों के हित मे लगातार कार्य कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू जी से मुलाकात कर हजारीबाग क्षेत्र में हवाई अड्डा बनाने की मांग की है। सांसद की ये मांग सराहनीय व जनहित में है। हजारीबाग में हवाई अड्डा बन जाने से हजारीबाग के साथ साथ इसके आस पास के जिला में निवास करने वाले नागरिकों,व्यापारियों व छात्रों को काफी लाभ एवं सहूलियत होगा। हमारे लोकसभा में सांसद मनीष जायसवाल लगातार हज़ारीबाग लोकसभा वासियो के हित मे कार्य कर रहे हैं।

रामगढ़ में विधानसभा चुनाव 2024 के लिए नामांकन प्रक्रिया का औचक निरीक्षण, मॉक ड्रिल का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ स्थित प्रारम्भ हो रहें 22-बड़कागाँव विधानसभा निर्वाचन की नामांकन प्रक्रिया पूर्व किया गया औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 22 बड़कागांव -सह - भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त को बताया कि नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पूर्व प्रातः 9 बजे पूरी नामांकन प्रक्रिया का मॉक ड्रिल कराया गया। ताकि पूरी नामांकन की प्रक्रिया सही तरीके से निष्पादित की जा सके । मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने नामांकन प्रक्रिया में प्रदर्शित के संबंध में उपस्थित सभी पदाधिकारी व कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर दोनो विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी,उपनिर्वाचन पदाधिकारी एवम ऋ्ह्र सेल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

जेएसएलपीएस के द्वारा हुआ मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में समाहरणालय परिसर स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय में पदाधिकारी व कर्मियों द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।शपथ कार्यक्रम के दौरान जीएसएलपीएस डीपीएम रीता सिंह द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियो व कर्मियों को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया साथ ही जेएसएलपीएस समूह की दीदियों के माध्यम से घूम घूम कर मतदान करने हेतु मतदाताओं को प्रेरित करने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए।मतदाता जागरूकता शपथ के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कर्मियों ने अपने घर व आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से बनाए जाएंगे उरीमारी में चेकनाका

बड़कागांव विधानसभा चुनाव को लेकर बिडीओ ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : बड़कागांव विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार मंडल ने शुक्रवार को उरीमारी के सीमावर्ती क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिसमें बीडीओ जितेन्द्र कुमार मंडल ने उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम को सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई जरूरी दिशा-निर्देश दिए। साथ ही श्री मंडल ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन के दिशा निर्देश पर सीमावर्ती क्षेत्र को सील कर गहनतापुर्वक वाहनों कि जांच कि जा रही है। इसे लेकर उरीमारी चेकपोस्ट में जिला प्रशासन द्वारा चेकनाका बनाया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि डिएवी स्कूल उरीमारी मे सीआइएसएफ जवानों के ठहरने हेतु विधालय परिसर का निरीक्षण किया गया। और विधालय प्रबंधन को साफ सफाई आदि कार्यो के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया। ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि जिला प्रशासन के दिशा निर्देश पर बड़कागांव विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा। जिसके लिए पुरी तैयारी कि जा रही है। वहीं इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।

रिवर साइड गुरुद्वारा में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : रामगढ़ जिले के भुरकुंडा अंतर्गत रिवर साइड गुरुद्वारा के तत्वावधान में शुक्रवार को हेल्थ प्वाइंट हॉस्पिटल रांची के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया। वहीं रक्तदान करने वाले लोगों को गुरूद्वारा कमेटी की ओर से हेलमेट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में हेल्थ प्वांइट हॉस्पीटल बरियातु, रांची के रामप्रसाद कुमार सिंह, विनीत मिश्रा, विवेक श्रीवास्तव, विकास कुमार, स्वेता कुमारी, नौशाद ने रक्त संग्रह किया।मौके पर गुरूद्वारा कमेटी की ओर से कहा गया कि हेलमेट के बिना दुपहिया वाहन चलाना खतरनाक हो सकता है। इसलिए रक्तदाताओं का आभार प्रकट करते हुए हेलमेट दिया जा रहा है और हेलमेट का उपयोग करने की अपील भी की जा रही है।शिविर को सफल बनाने में अवतार सिंह सैनी,भूपेंद्र सिंह सैनी, लव कुमार, हरविंदर सिंह बबली, बलजीत सिंह, सुखचैन सिंह, बलविंदर सिंह, हरविंदर सिंह बिट्टू, आनंद शर्मा विक्की नायक सहित अन्य लोगों ने अपना योगदान दिया।

स्वीप के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सहिया/ सेविका ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो को विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों आदि के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक करने हेतु कई दिशा निर्देश दिया गया ।इसी क्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्र में आंगनबाड़ी सहिया/ सेविका के द्वारा पोषण की प्रदर्शनी के साथ सभी महिला मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन में सत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सभी महिलाओं से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 को अपने-अपने बूथों में जाकर आवश्यक रूप से मतदान करने का अपील भी किया गया । इस दौरान सहिया/ सेविका ने ने उपस्थित सभी महिलाओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 जो के निर्धारित तिथि बड़कागांव,ष्ट- 22,13 नवंबर 2024 एवं रामगढ़,ष्ट -23, 20 नवंबर 2024 मतदान होना है इस संबंध में अपने घर व आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का अपील किया गया।

राजनीति की पिच पर बैटिंग करने के लिए तैयार हूं : ममता देवी

पूर्व विधायक ममता देवी का हुआ अभिनंदन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : झारखंड उच्च न्यायालय ने रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी की सजा पर रोक लगा दी। इस फैसले के बाद रामगढ़ कांग्रेस पार्टी के द्वारा गुरुवार के शाम ममता देवी का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने ममता देवी की कर्मठता और उनके संघर्ष की कहानी को बयां की। इस मौके पर पूर्व विधायक ममता देवी ने झारखंड उच्च न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त किया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका रामगढ़ में जोरदार स्वागत किया और फूल माला और बुके देकर उनका अभिनंदन किया है।।इस दौरान

पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि उन्हें षड्यंत्र के तहत झूठे मुकदमे में फसाया गया था, सजा दिला कर उनकी विधायक की ले ली गई। ममता देवी ने कहा कि वह पहले भी क्षेत्र में बनी हुई थी। अब अच्छे से राजनीति की पिच पर बैटिंग करने के लिए तैयार हूँ। उन्होंने कहा कि पार्टी अगर टिकट देगी तो वो रामगढ स्व चुनाव लड़ने को तैयार हैं।

स्टर्लिंग ने भारत के इस्पात शहर बोकारो में एक बिजनेस होटल खोलकर झारखंड में अपनी पारी शुरू की है

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत के सबसे प्रमुख लैज़र हॉस्पीटेलिटी ब्रैंड स्टर्लिंग हॉलीडे रेसोर्ट्स ने स्टर्लिंग सिटी सेंटर बोकारो के उद्घाटन के साथ झारखंड में प्रवेश की घोषणा की है। सेल सिटी, बोकारो में स्थित यह होटल शहर के महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट और अन्य उल्लेखनीय स्थलों के निकट है । यह बोकारो के मुख्य व्यावसायिक क्षेत्रों के साथ-साथ झारखंड के अन्य औद्योगिक क्षेत्रों जैसे रांची, धनबाद और सिंदरी के लिए एक कड़ी के रूप में काम करेगा। स्टर्लिंग देश की इस्पात शहर में पुरस्कृत हॉस्पीटेलिटी ब्रैंड लाने वाला पहला पैन-इंडिया हॉस्पीटेलिटी ब्रैंड है। यह होटल 200 वर्ग फुट से 730 वर्ग फुट तक फैले कमरे एवं सुइट्स को उपलब्ध कराता है जो सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं। इस प्रकार, यह बोकारो में कम समय या लंबी अवधि के लिए आने वाले मेहमानों के लिए आदर्श साबित होगा। सेल सिटी में एयरपोर्ट के नज़दीक स्थित यह होटल इवेंट्स एवं कॉन्फ्रेंस आदि के आयोजन के लिए विभिन्न कॉर्पोरेट्स एवं बिजनेस घरानों के लिए उपयुक्त मंज़िल के तौर पर अपनी पहचान बनाएगा। यह होटल शहर में सबसे बड़े क्षेत्रफल में इंडोर बैंक्वेटिंग वेन्यू, कॉन्फ्रेंस, एग्जीबिशंस और सामाजिक समारोहों के लिए 'कन्वेन्शिया', जो कि 6,000 वर्ग फुट क्षेत्रफल में है, की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इसकी अन्य आकर्षक खूबियों में अलोरा बॉलरूम, एट्रियम लाउंज और आउटडोर लॉन्स शामिल हैं, जहां कई तरह के इवेंट्स के अलावा मीटिंग्स से लेकर भव्य समारोहों का आयोजन किया जा सकता है।श्री विक्रम लालवानी, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, स्टर्लिंग हॉलीडे रेसोर्ट्स लिमिटेड ने कहा, ÷स्टर्लिंग सिटी सेंटर बोकारो के लॉन्च के साथ हम झारखंड में अपनी पारी की शुरुआत कर रहे हैं। इसके खुलने से 'ब्लेजर' (बिजनेस एवं लेजर) वर्ग में हम अपनी पहचान और पुख्ता बनाएंगे। इससे पहले, हमारे अन्य होटल मदुरई, देहरादून, हरिद्वार जैसे शहरों में हैं। बोकारो शहर झारखंड के इंडस्ट्रियल हब का हिस्सा है और यहाँ हमारा होटल इस शहर के अलावा राज्य के अन्य कई शहरों के बिजनेस ट्रैवलर्स की जरूरतों को पूरा करेगा।

तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

नाला (जामताड़ा)(प्रभात मंत्र संवाददाता): नाला प्रखंड के टेसजुरिया पुरानापड़ा जेएमबीएसके फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट में प्रखंड क्षेत्र के कुल 16 टीमें भाग ले रही है। शुक्रवार को टेसजुरिया पंचायत के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नवनी सोरेन लखेश्वर हसदा मनोज मरांडी बबलू सिंह मुर्मू ने फीता काटकर टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया। मौके पर नवनी सोरेन ने कहा कि तीन दिवसीय इस फुटबॉल टूर्नामेंट का 20 अक्टूबर को समापन होगा। विजेता तथा उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी टीम के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं हैं कि बढ़िया खेलें और खिताब जीते। खिलाड़ियों को समय-समय पर ऐसे आयोजनों का अवसर दिया जाना चाहिए ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। और इस खेल में सिर्फ 1 रूपया का एंट्री फी है और खेल में विजेता को 20000 एवं उपविजेता 15000 प्रस्कृत किया जाएगा।

करमदाहा के पास वाहन दुर्घटना, दो की मौत

जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के नारायणपुर थाना क्षेत्र के करमदाहा के समीप गुरुवार शाम करीब साढ़े चार बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, यह हादसा चार पहिया मालवाहन के संतुलन बिगड़ने के कारण हुआ। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए नारायणपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे मौके पर ही दो व्यक्तियों की जान चली गई और बाकी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। नारायणपुर अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

जश्ने गोसुलवारा कांफ्रेंस का महिजाम में भव्य आयोजन

जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के महिजाम स्थित मदरसा अहलेसुन्नत इस्लामिया अरबिया, मस्जिद रोड में जश्ने गोसुलवारा कांफ्रेंस का आयोजन मोहम्मद ताहिर कौसर की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में दूर-दराज से आए हुए कई प्रतिष्ठित ओलमाओं ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत तिलावत-ए-कुरान पाक से की गई, जिसके बाद नाते पाक से उपस्थित जनसमूह को मुन्नवर किया गया। इस कांफ्रेंस में शहादत हुसैन बरकाती, मुफ्ती गुलाम हैदर मिसबाही, हबीबुल्लाह फैज़ी, नदीम रज़ा फैज़ी, ज़ाकिर बुलबुल मधुपुरी, फिरोज रहबर, अब्दुल खालिक राजवी, मोहम्मद सनाउल्लाह अफजाली, हयात खान अशर्फी, मोहम्मद फखरुद्दीन, मोहम्मद अलीमुद्दीन, अब्दुल रजाक समेत कई प्रमुख शख्सियतें मौजूद रहीं। कांफ्रेंस में हजारों की संख्या में लोगों ने मस्जिद रोड और गली में उमड़ कर इस धार्मिक आयोजन में हिस्सा लिया, जिससे महिजाम का माहौल एक अद्भुत उत्सव में तब्दील हो गया। कार्यक्रम का समापन विशेष दुआओं के साथ किया गया, जिसमें सभी ने देश-समाज की खुशहाली और अमन-चैन की दुआ की।

भीठरा गाँव की सड़कों की बदतर स्थिति, ग्रामीण परेशान

जामताड़ा : नवाडीह पंचायत के। भीठरा गाँव की सड़कों की हालत बदतर होती जा रही है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों प्रयासों के बावजूद अब तक सड़क निर्माण का काम नहीं किया गया है। खासकर बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब सड़कें कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाती हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं कि हर दिन सड़क की खराब स्थिति के कारण आने-जाने वाले लोगों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्कूल जाने वाले बच्चों और बीमार व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने में भी भारी दिक्कतें आती हैं। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क का निर्माण नहीं होता, तब तक उनकी कठिनाइयाँ दूर नहीं होंगी। वे जिला प्रशासन से अपील कर रहे हैं ।

भाजपा जिला कार्यालय में किसान मोर्चा की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

जामताड़ा : शुक्रवार को जामताड़ा भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के बैनर तले एक महत्वपूर्ण जिला बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नंद किशोर झा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड चुनाव प्रभारी राम नरेश तिवारी और प्रदेश मंत्री कमलेश मंडल उपस्थित रहे।बैठक में किसानों के समक्ष आ रही समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री राम नरेश तिवारी ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान कल्याण योजनाओं पर प्रकाश डाला और किसानों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के

नेतृत्व में कृषि क्षेत्र निरंतर मजबूत हो रहा है और भाजपा सरकार किसानों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश मंत्री कमलेश मंडल ने अपने भाषण में राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि इस सरकार ने किसानों के लिए कुछ भी ठोस काम नहीं किया है। उन्होंने राज्य की किसी भी किसान हितैषी योजना का नाम बताने की चुनौती दी और कहा कि सरकार ने केवल अपनी पूंजी अर्जित करने में पांच वर्ष बिता दिए हैं। उन्होंने भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने और किसानों के हितों की रक्षा के लिए संगठित संघर्ष करने का आह्वान किया।बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील हांसदा, जिला उपाध्यक्ष सुकुमार सरखेल, जिला मंत्री मोहन शर्मा, मीडिया प्रभारी आभा आर्या, गीता मंडल, धनंजय मंडल, भीम महतो, गौर बावरी, डब्लू मिश्रा, और अन्य प्रमुख नेता उपस्थित थे।

डीसी और एसपी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

जामताड़ा : विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जामताड़ा कुमुद सहाय एवं पुलिस अधीक्षक जामताड़ा डॉ एहतेशाम वकारिब द्वारा जामताड़ा सदर प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर मतदान केंद्रों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमलचातर, बड़जोरा एवं आसनचुआँ में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर में मतदान केंद्रों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं शौचालय, बिजली, पेयजल, रैंप, साफ सफाई आदि की उपलब्धता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कमियों को अविलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने मतदाता सूची, बूथ अवेयरनेस ग्रुप के गठन, छूटे मतदाताओं को चिन्हित कर, उनका नाम जुड़वाने आदि बिंदुओं पर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं से मिलकर पढ़ाई के बारे में जानकारी ली, साथ ही बच्चों को अपने माता पिता एवं अभिभावकों को आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

साइकिलिंग में 23 पदक के साथ उपविजेता बना पाकुड़, खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में रांची के खेल गांव में आयोजित राज्य स्तरीय खेलो झारखंड साइकिलिंग प्रतियोगिता में पाकुड़ के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा दी है। अंडर- 14 बॉयज में कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर पदक जीतने में कामयाबी हासिल की है। इनमें राजकुमार ने दो रजत व तीन कांस्य पदक हासिल किया है। अंडर- 14 बालिका वर्ग में सुधा कुमारी तीन रजत व दो कांस्य पदक, अंडर- 17 बालक वर्ग में समीर अंसारी एक रजत व तीन कांस्य पदक, अंडर- 17 बालिका वर्ग में अंजली शर्मा दो रजत पदक, अंडर- 19 बालक वर्ग में राजा शर्मा दो रजत व दो कांस्य पदक, अंडर- 19 बालिका वर्ग में लक्ष्मी भगत तीन रजत पदक हासिल किया है। इस तरह कुल 23 पदक के साथ पाकुड़ उपविजेता रही। इस संबंध में जिला ओलंपिक संघ के महासचिव सह पाकुड़ जिला साइकिलिंग संघ के सचिव ने बताया कि खेलो झारखंड साइकिलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने पर सभी पदक विजेता खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षिका प्रोनोति रानी दास (एनआईएस) को पाकुड़ जिला साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष व झारखंड साइकिलिंग संघ के उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा उर्फ बुल्टी, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अर्धेंदू शेखर गांगुली ने माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सभी को सम्मानित किया। पदक जीतकर जिला को गौरवान्वित करने पर उपायुक्त मनीष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूर्ति, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला ओलंपिक संघ के महासचिव सह पाकुड़ जिला साइकिलिंग संघ के सचिव रणवीर सिंह, जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव पंकज अग्रवाल, जिला एथलेटिक्स संघ उपाध्यक्ष जयदेव कुमार मंडल, सुजीत विद्यार्थी, नारायण चंद्र रॉय, प्रशिक्षक अक्षय बावरी, कृष्णा कुमार, प्रवीण कुमार, दीपक सिंह तथा खेल संघ व राज्य के विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारी और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

डीसी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया बैठक

पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सी-विजिल एप, सुविधा पोर्टल एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई.बैठक में उपायुक्त मनीष कुमार ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि 15 अक्टूबर को भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा चुनाव की तिथि की घोषणा के पश्चात ही पाकुड़ जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है ऐसे में इसका अनुपालन आवश्यक है। इसके साथ ही चुनावी खर्च को लेकर विभागीय निर्देश की जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि से कहा की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित रूप से हो,इसके लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को दिशा-निर्देश का पालन करना अतिआवश्यक है। उपायुक्त ने कहा की कोई भी अभ्यर्थी अधिकतम चुनाव प्रचार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 40 लाख राशि खर्च कर सकता है। व्यय लेखा का संधारण प्रत्येक अभ्यर्थी को कराना होगा और उन्हें समय-समय पर जिला द्वारा निर्धारित तिथि को अपने व्यय लेखा की जांच करानी होती है।

मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर सरकारी सहायता का दिलाया भरोसा

प्रभात मंत्र संवाददाता

जामताड़ा : ग्रामीण विकास मंत्री, डॉ. इरफान अंसारी ने आज नारायणपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और दुर्घटना एवं बीमारी से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। डॉ. अंसारी बुधुडीह गांव पहुँचे, जहां बीती रात एक पिकअप वैन दुर्घटना में मारे गए तीन लोगों के परिवारों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पीड़ित परिवारों को सभी सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभों और मदद का आश्वासन दिया। इसके साथ ही, दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों के समुचित इलाज की व्यवस्था भी तुरंत सुनिश्चित की गई।अपने दौरे के दौरान डॉ. अंसारी कुर्ता गांव भी पहुँचे, जहाँ उन्होंने एक बीमारी से मृत व्यक्ति के परिवार से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने परिवार को आश्वासन दिया कि

उन्हें हर संभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वे सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हों। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन परिवारों की सहायता के लिए तुरंत आवश्यक कदम उठाए जाएं।मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि मंत्री डॉ. इरफान अंसारी एक संवेदनशील और जनप्रिय नेता के रूप में जाने जाते हैं। अपनी ज़मीन से जुड़ी सोच और जनता के प्रति समर्पण के कारण वे हमेशा समाज के कमजोर वर्गों के हितों के प्रति सजग रहते हैं। चाहे आपदा हो, बीमारी हो या दुर्घटना, डॉ. अंसारी ने हमेशा आगे बढ़कर जरूरतमंदों की मदद की है। उनकी दूरदर्शिता और समर्पण के चलते क्षेत्र के लोग न केवल उन्हें एक कुशल प्रशासक के रूप में मानते हैं, बल्कि एक सहृदय नेता के रूप में भी उनकी प्रशंसा करते हैं, जो हर कठिनाई के समय में अपने लोगों के साथ खड़े रहते हैं।

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना)/गार्डनरीच, कोलकाता, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं ई-निविदा सं., कार्य का नाम एवं उसका स्थान, इस कार्य की अनुमानित लागत, बयाना राशि: (1) आरएनबीएसईआर/जीआरसी/इंजी./डब्ल्यूटी-04 (खुली), दिनांक 17.10.2024;** 3000 एमटी लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के राजखरसावां-नयागढ़-बलानी अनुभाग के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम का 1x25 केवी से 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम में उन्नयन कार्य के लिए बांसपानी में 13 इकाई टाइप-II एवं 02 इकाई टाइप-III क्वार्टरों के निर्माण के साथ कम्पाउंड वॉल, ड्रेन, आरसीसी रोड इत्यादि जैसे अन्य सभी अनुषांगिक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा; रु. 4,43,90,861.31; रु.3,72,000/-। **(2) केबीएसईआर/जीआरसी/इंजी./डब्ल्यूटी-05 (खुली), दिनांक 17.10.2024;** 3000 एमटी लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर-मद्रक अनुभाग के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम का 1x25 केवी से 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम में उन्नयन कार्य के लिए सोरो में 08 इकाई टाइप-II एवं 02 इकाई टाइप-III क्वार्टरों के निर्माण के साथ कम्पाउंड वॉल, ड्रेन, आरसीसी रोड इत्यादि जैसे अन्य सभी अनुषांगिक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा; रु. 4,57,30,556.52; रु. 3,78,700/-। **कार्य की समापन अवधि:** दोनों के लिए से 18 (अठारह) महीने। **बंद होने की तारीख एवं समय:** आईआरईपीएस पोर्टल का प्रयोग कर ऑनलाइन ई-निविदा दिनांक 11.11.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक स्वीकार की जाएगी। **वेबसाइट का विवरण जहां सूचना पट्ट का स्थान:** वेबसाइट सं. **www.ireps.gov.in** एवं मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना)/दक्षिण पूर्व रेलवे/गार्डनरीच (इंजी.) का कार्यालय। **संशोधन:** कोई भी संशोधन बोली शुरू होने से पहले यानी दिनांक 28.10.2024 तक आईआरईपीएस पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **(PR-712)**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़
(आदर्श आचार संहिता कोषांग)

-: आदेश :-

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेशानुसार विधान सभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत चुनावी कार्य हेतु सभा, रैली, वाहन, अस्थायी निर्वाचन कार्यालय, लाउडस्पीकर, हेलीकॉप्टर एवं हेलीपैड के लिए अनुमति SUVIDHA पोर्टल के माध्यम से दिया जाना है।

एतद् द्वारा सभी राजनीतिक दलों/अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकार के किसी भी अनुमति की आवश्यकता होने पर ससमय SUVIDHA पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करना सुनिश्चित किया जाय।

ह0/-
अनुमण्डल पदाधिकारी
-सह-वरीय पदाधिकारी,
आदर्श आचार संहिता कोषांग
रामगढ़

PR 339250 Election (24-25)_D

कार्यालय, निर्वाची पदाधिकारी-63 राँची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र -सह- अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, राँची।

प्रारूप 1
(नियम 3 देखिए)
निर्वाचन की सूचना

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि-

(1) 63-राँची, झारखण्ड विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सदस्य का निर्वाचन होना है,

(2) नाम निर्देशन-पत्र निर्वाची पदाधिकारी को या मो0 जफर हसनात, सहायक निर्वाची पदाधिकारी को अभ्यर्थी या (उसके किसी प्रस्थापक द्वारा) 25.10.2024 से अपश्चात् (लोक अवकाश दिन से भिन्न) किसी दिन11.00 बजे पूर्वाह्न और 03.00 बजे अपराह्न के बीच अनुमंडल पदाधिकारी, सदर का कार्यालय प्रकोष्ठ, समाहरणालय भवन बी0 ब्लॉक, कमरा संख्या-202 में परिदत्त किए जा सकेंगे,

(3) नाम निर्देशन-पत्र के प्ररूप पूर्वोक्त स्थान और समय पर अभिप्राप्त किए जा सकेंगे,

(4) नाम निर्देशन-पत्र संवीक्षा के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, सदर का कार्यालय प्रकोष्ठ, समाहरणालय भवन बी0 ब्लॉक, कमरा संख्या-202 में दिनांक-28.10.2024 को11.00 बजे पूर्वाह्न लिए जाएंगे,

(5) अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना या तो अभ्यर्थी द्वारा या उसके किसी प्रस्थाप क द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा जो अभ्यर्थी द्वारा उसे परिदश्र करने के लिए लिखित में प्राधिकृत किया गया हो उपर पैरा (2) में विनिर्दिष्ट पदाधिकारियों में से किसी को उसके कार्यालय में 30.10.2024 को 03.00 बजे अपराह्न के पूर्व परिदश्र की जा सकेगी,

(6) निर्वाचन लड़े जाने की दशा में 13.11.2024 को 07.00 बजे पूर्वाह्न और 05.00 बजे अपराह्न के बीच मतदान होगा।

स्थानः राँची
तारीखः 18.10.2024

निर्वाची पदाधिकारी
63-राँची विधानसभा

PR NO-339289 (Ranchi) 24-25

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(प्रशिक्षण कोषांग)

संशोधित पत्र

विधान सभा आम निर्वाचन 2024 हेतु संशोधित प्रशिक्षण कार्यक्रम।
आदेश

विधान सभा आम निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त पदाधिकारियों/कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम :-

हजारीबाग जिला अन्तर्गत अवस्थित केन्द्रीय सरकार/केन्द्रीय लोक उपक्रम/राज्य सरकार के विभागों/ कार्यालयों के पदाधिकारियों/ कर्मियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए मतदान प्रक्रिया एवं ई0भी0एम0 संचालन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्व में प्रशिक्षण कोशांग के ज्ञापांक-16/प्र0को0 दिनांक 16.10.2024 में संशोधित करते हुए दिनांक 08.11.2024 से 11.11.2024 के स्थान पर 02.11.2024 से 05.11.2024 तक निम्नलिखित तिथिवार प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है:-

विधान सभा आम चुनाव-2024 हेतु विभिन्न मतदान पदाधिकारियों का संशोधित प्रशिक्षण कार्यक्रम -

Date	Sitting	Post	Total Number	Venue	Room No.
22.10.2024	10:00 AM to 1:00 PM	P.O	1120	Inter Science College, Jabra, H.Bagh	G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room)
	2:00 PM to 5:00 PM	P.O	1120		G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room)
23.10.2024	10:00 AM to 1:00 PM	P1	1120		G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room)
	2:00 PM to 5:00 PM	P1	1120		G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room)
24.10.2024	10:00 AM to 1:00 PM	P2	1120		G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room)
	2:00 PM to 5:00 PM	P2	1120		G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room)
25.10.2024	10:00 AM to 1:00 PM	P3	1120		G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room)
	2:00 PM to 5:00 PM	P3	1120		G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room)
02.11.2024	10:00 AM to 1:00 PM	P.O	1120		G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room)
	2:00 PM to 5:00 PM	P.O	1120		G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room)
03.11.2024	10:00 AM to 1:00 PM	P1	1120	Inter Science College, Jabra, H.Bagh	G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room)
	2:00 PM to 5:00 PM	P1	1120		G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room)
04.11.2024	10:00 AM to 1:00 PM	P2	1120		G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room)
	2:00 PM to 5:00 PM	P2	1120		G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room)
05.11.2024	10:00 AM to 1:00 PM	P3	1120		G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room))
	2:00 PM to 5:00 PM	P3	1120		G1, G2, G3, G4, G5, G6, 101 to 109, 201,202 205 to 210, 301, 302, 303, 304, 307 (Total 28 Room)

आवश्यक दिशा-निर्देश

1. सभी मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान मोबाईल फोन वर्जित रहेगा।
2. जो भी मतदान पदाधिकारी मोबाईल फोन लेकर आयेंगे वे अपना मोबाईल फोन बाहर के कमरा में जमा करेंगे।
3. कोई भी मतदान पदाधिकारी प्रशिक्षण के दौरान मादक पदार्थो का सेवन नहीं करेंगे।
4. सभी मतदान पदाधिकारी प्रशिक्षण के दौरान डायरी/कॉपी/नोटबुक लेकर उपस्थित रहेंगे।
5. संबंधित सभी विभागीय पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके कार्यालय के प्रतिनियुक्त कर्मी निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण में भाग लेंगे।
6. प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के विरूद्ध RPA Act-1951 के सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
-सह-उपायुक्त, हजारीबाग

PR 339269 Election(24-25)#D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, शनिवार, 19 अक्टूबर 2024 | पेज 11

विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 की अधिसूचना जारी : डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण

नामांकन प्रारंभ, 25 अक्टूबर नामांकन की अंतिम तिथि

72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के 48 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम चार बजे तक मतदान

72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के शेष 276 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान

69-बिशुनपुर (अजजा) विधानसभा क्षेत्र के 34 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम चार बजे तक मतदान

69-बिशुनपुर (अजजा) विधानसभा क्षेत्र के शेष 315 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन,2024 को लेकर आज अधिसूचना जारी कर दी गई। आज से नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन प्रारंभ हो गया। नामांकन करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2024 है। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर को की जाएगी। नामांकन से अपना नाम वापस लेने के लिए अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024 होगी। मतदान 13 नवंबर 2024 को होगा। मतों की गिनती 23 नवंबर 2024 को होगी। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची से किसी भी प्रविष्टि को हटाया या संशोधित नहीं किया जा सकेगा। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 के अंतर्गत मुद्रणालयों पर नियम लागू होंगे। लाइसेंसी हथियार ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी रहेगी। राजनीतिक दलों के द्वारा किये गये व्यय का लेखा-जोखा चुनाव की घोषणा की तिथि से लेकर चुनाव की समाप्ति तक किया जाएगा। चुनाव के दौरान नगदी के आवागमन पर नियम लागू होंगे। विधानसभा निर्वाचन 2024 में प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए 40 लाख तक का व्यय निर्धारित है। इस हेतु एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम गठित है। जिला द्वारा निर्धारित दर पर प्रति तथा सुलभ प्रसंग हेतु आदर्श आचार संहिता की मार्गदर्शिका सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध करायी गई है। नियंत्रण कक्ष स्थापित है जिसका टॉल फ्री संख्या 1950 है। सी-विजिल की मॉनिटरिंग के लिए टीम बनायी गई है जिससे चौबीसों घंटे निगरानी की जा सकेगी। निर्वाची एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा हैं। इनके साथ सहायक निर्वाची पदाधिकारी सदर प्रखण्ड के अंचल अधिकारी अशुतोष कुमार, किस्को प्रखण्ड के अंचल अधिकारी अजय कुमार और कुडू प्रखण्ड की अंचल अधिकारी मधुश्री मिश्रा हैं। 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी राजीव कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता, गुमला हैं। वहीं सहायक निर्वाची पदाधिकारी सुजाता कुजूर,भूमि सुधार उप समाहर्ता लोहरदगा, दिनेश कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी घाघरा और रंजीत कुमार सिंह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बिशुनपुर हैं।

मतदान का समय

72-लोहरदगा (अजजा) विधानसभा क्षेत्र के 48 मतदान केंद्रों में मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। इन मतदान केंद्रों की संख्या में 2, 3, 5, 6, 7, 9, 10, 12,13,14,15,16,19,20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 29, 41, 42, 44, 45, 46, 52, 57, 58, 59, 60, 61, 62, 65, 73, 74, 79, 85, 86, 90, 91, 92,156,157, 182, 183, 186 और 187 शामिल है। 72-लोहरदगा के शेष 276 मतदान केंद्रों में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक कर सकेंगे। 69-बिशुनपुर (अजजा) विधानसभा क्षेत्र के 34 मतदान केंद्रों जिसमें मतदान केंद्र संख्या 1, 3, 4, 5, 6, 7, 9, 10, 12, 13, 14, 15, 16, 17,18, 19, 20, 21, 31, 100, 101, 160, 161, 162, 219, 221, 222, 223, 224, 225, 226, 227, 228 और 229 शामिल हैं, मतदान सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। शेष 315 मतदान केंद्रों में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। आज के प्रेस कॉन्फ्रेंस में जितेंद्र मुण्डा, अपर समाहर्ता-सह-वरीय पदाधिकारी, मीडिया कोषांग,धीरज ठाकुर,उप निर्वाचन पदाधिकारी, शिवनंदन बड़ाईक, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग समेत अन्य उपस्थित थे।

स्काउटिंग सद्भावना का संदेश देता है : राजकमल मिश्रा

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): बच्चों को पढ़ाई के साथ नैतिक ज्ञान अहम है, उपर्युक्त बातें चुन्नी लाल हाई स्कूल प्रेक्षा गृह में भारत स्काउट और गाइड के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में पीडेजे ने कही । प्रधान न्यायाधीश राजकमल मिश्रा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में नीव मजबूत रहने से भविष्य सुनहरा रहता है। बच्चों का पढ़ाई के साथ साथ अतिरिक्त गतिविधि में शामिल होना अच्छा संकेत है, अनुशासन के साथ चरित्र निर्माण आज की परिस्थिति में आवश्यक है। डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि किशोरावस्था में बच्चों को ऐसे कार्यक्रमों से नई दिशा मिलती है। इन्होंने स्काउट गाइड के बीच लोगों को निःशुल्क न्याय कैसे मिले की जानकारी दिया।?भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव शैलेंद्र कुमार सुमन ने कहा कि चरित्र निर्माण के साथ प्रशिक्षण के साथ रेलवे एवं भारत सरकार के अन्य उपक्रम में रोजगार के अवसर मुहैया कराता है। डीएवी लोहरदगा के प्रिंसिपल जी पी झा ने स्काउट गाइड के बच्चों के क्रियाकलाप को देखकर जमकर तारीफ किया और कहा कि स्काउट गाइड चारित्रिक निर्माण का मानक संस्था है। जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन ने स्काउट गाइड के विषयवस्तु की जानकारी दिया और कहा कि यह वैश्विक संगठन है। संस्था के द्वारा दिए गए प्रशिक्षण को आत्मसात करने की जरूरत है। कार्यक्रम में संयुक्त सचिव मुमताज अहमद, चुन्नीलाल उच्च विद्यालय प्रिंसिपल मुकेश कुमार, ट्रेनर संध्या सिंह, पुष्पा बाखला, संध्या कुजूर, रेनू तिग्गा, अमित कुमार, बसु दत्ता, आरती कुमारी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत के पूर्व अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

आदर्श आचार संहिता के निमित राजनितिक दल के प्रतिनिधियों से बैठक कर बीडीओ ने दिये आवश्यक निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छन्दा भट्टाचार्य ने 18 अक्टूबर शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कक्ष में आगामी विधानसभा चुनाव के निमित आदर्श चुनाव आचार संहिता के नियमों को पालन करने को लेकर बैठक की गई। बैठक मे बीडीओ ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से विस चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रवृत हो जाती है। चुनाव घोषणा के 72 घन्टे के भीतर सभी निजी संपतियों से सभी राजनितिक दलों के झंडे हटा दिये जाने का प्रावधान है। भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानानुसार पार्टी कार्यकर्ताओं/समर्थकों के आवास पर किसी पार्टी/उम्मीदवार के केवल 03 झंडे ही इस्तेमाल किये जाने चाहिये। विना अनुमति के कोई भी वाहन पर झंडा नहीं लगाएंगे। वाहनों पर लगाये जाने वाले झंडे का आकार 1 फीट म 1/2 फीट होगा झंडे की छडी की लम्बाई अधिकतम 03 फीट की होगी।प्रत्येक वाहन पर उचित आकार के 01 या 02 छोटे स्टिकर लगाने की अनुमति होगी। रैलियों में राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग किये जाने की स्थिति में ध्वज संहिता,प्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग निवारण) अधिनियम 1950 और राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम 1971 के प्रावधानो का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। बीडीओ ने कहा कि उक्त सारे प्रावधान भारत निर्वाचन आयोग के वेब्साईट पर उप्लब्ध मैन्युअल ऑन मोडल कोड आफ कंडक्ट के चेप्टर 13 में वर्णित है जिसे सभी राजनितिक दलों को पालन करना अनिवार्य है। उक्त बैठक में भाजपा के विवेक प्रजापति, मनोज साहु, जेएमएम के समीद अंसारी, समीरुद्दिन अंसारी, एवं कांग्रेस के मोजाहिर अंसारी बैठक में उपस्थित थे।

ओम प्रकाश सिंह ने एनडीए गठबंधन में सीटों के बंटवारे की घोषणा का किया स्वागत, कहा

वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार झूठ की बुनियाद पर खड़ी है

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने एनडीए गठबंधन में सीटों के बंटवारे की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि एनडीए गठबंधन पर झारखंड की जनता हमेशा से भरोसा तथा विश्वास प्रकट करती रही है, गठबंधन सरकार के शासनकाल में राज्य का निरंतर विकास होता रहा है। वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार झूठ की बुनियाद पर खड़ी है, कांग्रेस राजद तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की तिकड़ी ने राज्य को केवल लूटने का कार्य किया है, उग्रवाद, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार तथा किसानों का शोषण इस शासन के कार्यकाल में अपने चरम पर पहुंच गया है। इस सरकार के शासन में झारखंड की अस्मिता खतरे

में है यह चुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है। रोटी, बेटी और माटी को बचाने के लिए एनडीए गठबंधन पूरी तरह संकल्पित है।

ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस युवा जिलाध्यक्ष ऐनुल अंसारी द्वारा लोहरदगा अंजुमन के सदर और सेक्रेटरी के बयान की कड़े शब्दों में निंदा की

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के लोहरदगा युवा जिलाध्यक्ष ऐनुल अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर और सेक्रेटरी के द्वारा खुद से फैसला करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में लोहरदगा सीट पर स्थानीय प्रत्याशी की मांग को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर को लिखित ज्ञापन सौंप कर स्थानीय प्रत्याशी की मांग करना न्यायसंगत नहीं है। ऐनुल अंसारी ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से मिली जानकारी के मुताबिक लोहरदगा अंजुमन के सदर व सेकेट्री के द्वारा देही अंजुमन को दरकिनार करते हुए मुस्लिम समाज के नाम पर स्थानीय प्रत्याशी की मांग की गई जो काफी सोचनीय और दुखदाई है। ऐसी घटिया बयान जारी करना इनकी ओछी राजनीति को दर्शाता है, इन्हें यह मालूम होना चाहिए कि लोहरदगा विधानसभा एवं जिला क्षेत्र अंतर्गत कुडू कैरो किस्को, पेशरार,भंडरा, सेन्हा और लोहरदगा सदर के विभिन्न गांवों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज रहते हैं, जहां पर अंजुमन भी बनी हुई है और अंजुमन काफी मजबूत भी है और किसी भी तरह के निर्णय के लिए सक्षम है लेकिन इनके द्वारा देही अंजुमन के एक भी ओहदेदारों और सदस्यों से बगैर रायशुमारी किए तथा, अंजुमन की गाइडलाइंस का धज्जियां उड़ाते हुए इस तरह की बयान जारी कर समाज को एकसूत्र में बांधने के जगह बांटने का घिनौनी हरकत की गई है, जिसका ऑल इंडिया यूथ मोमिन कांफ्रेंस और लोहरदगा विधानसभा एवं जिला क्षेत्र अंतर्गत देही अंजुमन के ओहदेदारों और सदस्यों के अलावा समाज के लोग पूरजोर विरोध करती है। मोमिन कांफ्रेंस के लोहरदगा युवा जिलाध्यक्ष ऐनुल अंसारी ने कहा कि लोहरदगा सदर व सेकेट्री के द्वारा निवर्तमान विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पर आरोप लगाया गया है कि समाज हित में एक भी विकास का कार्य नहीं किया गया है तथा दंगा पीड़ित लोगों का मदद नहीं किया गया है तो यह जानकारी देते हुए लोहरदगा सदर व सेकेट्री को बताना चाहेंगे कि इस मामले को लेकर लोहरदगा अंजुमन के साबिक सदर से ऐनुल अंसारी ने संपर्क साधा और साबिक सदर से पूरे मामले पर जानकारी ली तो साबिक सदर के द्वारा ऐनुल अंसारी को बताया गया कि डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा दंगा पीड़ित 80 से 90 लोगो के लिए डॉक्टर रामेश्वर उरांव के सकारात्मक प्रयास से झारखंड सरकार से मुआवजा की मांग की गई और उसी समय लोहरदगा अंजुमन के अगुवाई में सभी पीड़ित लोगों को मुआवजा दिलाने का कार्य किया जा चुका है इसके अलावा बाबा दुख्खन शाह न्यू मदरसा के निर्माण हेतु तथा अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के अधीन संचालित आयशा कच्छी बालिका स्कूल के लाइब्रेरी भवन निर्माण कार्य के लिए विधायक मद से फंड दी गई है ऐनुल अंसारी ने आगे लोहरदगा सदर और सेक्रेटरी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोहरदगा अंजुमन के सदर और सेक्रेटरी द्वारा जारी बयान में उल्लेख करते हुए कहा गया है कि लोहरदगा विधानसभा में मुस्लिम समाज का लगभग 65 हजार मतदाता हैं, जिनका एकमुश्त मतदान इंडिया गठबंधन के विरुद्ध कराए जाने की बात कही गई है, यह बात कितनी न्यायसंगत है और किस आधार पर की गई है ये अधिकार इनको कहा से मिला जो लोहरदगा विधानसभा के सभी मुस्लिमों का वोट इंडिया गठबंधन के विरोध कराने की बात की गई है लोहरदगा सदर और सेक्रेटरी देही अंजुमन और मुस्लिम समुदाय को अपनी मंशा स्पष्ट करें ऐनुल अंसारी ने लोहरदगा

लोहरदगा जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निकाले गए पत्र की समीक्षा करुंगा : डीसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा चुनाव सम्बन्धी प्रेस कॉन्फ्रेंस मे पत्रकारों द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा सरकारी विद्यालयों मे अनाधिकृत प्रवेश वर्जित किया जाना लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर गहरा आघात है और लोकतंत्र पर हमला है प्रश्न पूछने पर डीसी ने कहा की राज्य सरकार का आदेश है या लोहरदगा के लिए है तब पत्रकारों ने कहा की मात्र लोहरदगा जिला के लिए ऐसा पत्र निकाला गया है तब उन्होंने इसकी समीक्षा करने की बात कही। ज्ञातव्य हो की अभी आदर्श अचार सहिंता लागु है ऐसे मे पत्रकार स्कूल मे बूथ निमित्त आना जाना कर सकते है लोगों की परेशानी देख सकते है और ऐसा कोई राज्य सरकार द्वारा आदेश भी कभी निर्गत नहीं किया गया है ऐसे मे चुनाव आयोग के बिना अनुमति के जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा अपने पत्रांक 1924 दिनांक 17अक्टूबर 24 द्वारा प्रेस मिडिया को जाना वर्जित किया जाना न्यायोचित नहीं है और चुनाव आयोग तथा झारखण्ड सरकार के आदेश लिए बिना ऐसा लोकतंत्र पर हमला करना अपने पद का दुरूपयोग तथा अनुचित लाभ उठाना प्रतीत होता है इस सम्बन्ध मे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोहरदगा को भी अंधरे मे रखा जाना कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ी है जिसे छिपाने की मंसा लगती है, चुंकि इसके पूर्व भी शिक्षकों को परमोशन देकर पुरुष शिक्षक नेताओं से मिलीभगत करके पुरुष शिक्षकों को शहरी क्षेत्र मे और महिलाओं को दुरुस्त क्षेत्रों मे स्थानांतरण किया जाना भी संदेह के घेरे मे है जिसके लिए कई महिलाओं ने त्रुटि सुधार निमित्त विभाग मे आवेदन भी दिया गया है ऐसे त्रुटियों को भी संभवतः सच को छिपाने की साजिश ये पत्र है। साथ ही लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के साथ घोर अन्याय है।

हेमंत सोरेन चुनाव के वक्त मंईयां योजना ला कर सिर्फ जनता को गुमराह करने का किया है काम : विश्वजीत भारती

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिले के कुडू में लोहरदगा आगामी चुनाव विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त रखी गई बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विश्वजीत भारती के द्वारा की गई। बैठक में पंचायत संयोजक सहसंयोजक मंडल पदाधिकारी मंडल कार्यसमिति एवं भारतीय जनता पार्टी के मंच मोर्चा के सभी अध्यक्ष सहित पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में मंडल अध्यक्ष विश्वजीत भारती ने कहा कि आगामी चुनाव के मद्देनजर यह बैठक रखी गई है और बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि एनडीए गठबंधन के लोहरदगा विधानसभा के प्रत्याशी को हर हाल में जिताना है। सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया गया कि सभी का एक ही लक्ष्य हो की एनडीए प्रत्याशी को हर हाल में पूर्ण बहुमत के साथ हम जिताने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा वर्तमान के झारखंड सरकार हेमंत सरकार ने जितने भी वादा किया जो भी योजनाएं लाई सभी विफल रहा और जनता का किसी भी तरह से लाभ नहीं हुआ है। और अभी चुनाव के मात्र दो महीना पहले मैंईयां योजना ला करके सिर्फ जनता को गुमराह करने का काम किया है। एक तरह से उसने जनता को रिश्वत दिया है और ऐसे अनेकों कार्य हेमंत सोरेन ने सिर्फ जनता को बरगलाने के लिए किया है। उन्होंने कहा की हेमंत सरकार में बालू की किल्लत इतनी ज्यादा बढ़ गई और बालू का रेट भी आसमान छू गया कि जनता परेशान हो गया है। इसके अलावा जमीन घोटाला हो या कोयला घोटाला हो चाहे आम जनता को ठगने का कार्य हो यह सभी कार्य हेमंत सोरेन ने किया । उन्होंने 2019 के चुनाव के मेनिफेस्टो में यह वादा किया था कि 5 लाख युवाओं को हर साल नौकरी देंगे लेकिन किसी को नौकरी आज तक नहीं मिली और यहां तक जीपीएससी हो या जेएसएससी हो या अन्य प्रकार के जो कंपटीशन एग्जाम हो सब में उन्होंने घोटाला किया,पेपर लीक किया और युवाओं का भविष्य के साथ खिलवाड़ किया तो ऐसी सरकार को हमें उखाड़ फेंकना है। बैठक में मुख्य रूप से निवर्तमान अध्यक्ष सुदामा प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश प्रसाद, उपस्थित थे। बैठक में सभी पंचायत संयोजक सह संयोजक से अपना अपना सुझाव मांगी गई कि किस तरह से हम लोग रणनीति बनाएं की चुनाव जीत जाए। कार्यक्रम में मंच संचालन महामंत्री यदुनंदन तिवारी और कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन एवं कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा मंडल महामंत्री कृष्णा मोदी के द्वारा की गई। मौके पर पंकज भारती, वरुण बैठा, सुभाष यादव, महादेव भगत, नवीन कुमार चुन्नू, आनंद कुमार यादव, सौरभ मुखर्जी, दीपक पासवान, श्याम किशोर गुप्ता, पीतांबर साहू, रामदीप सिंह एवं इसके अलावा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थें।

मजदूरों के ऊपर हो रहे शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : मुखिया हरमू

अस्पताल पहुंचकर मजदूरों ने बकाया राशि का भुगतान करने की मांग को लेकर घंटो किया नारेबाजी

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : नादिया गांव में बना रहे 100 शैय्या वाले क्रिटिकल केयर यूनिट अस्पताल में शुक्रवार को संवेदन द्वारा गुपचुप तरीके से काम प्रारंभ करने एवं बाहरी मजदूरों से काम करवाने के खिलाफ हरमू मुखिया सुनील लकड़ा के नेतृत्व में सैकड़ो मजदूर ने अस्पताल पहुंचकर जमकर नारेबाजी की और कहा कि जब तक मजदूरों का बकाया राशि का भुगतान नहीं होता है काम प्रारंभ नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि 5 अक्टूबर को जनता के शिकायत पर लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, लोहरदगा कार्यपालक दंडाधिकारी अभिनीत जी, अंचलाधिकारी आशुतोष जी, लोहरदगा सिविल सर्जन, डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी, लेबर ऑफिसर दयानंद कुमार, कनीय अभियंता भवन निर्माण के गणेश मुंडा, किशोर मुर्मू ने बन रहे अस्पताल का निरीक्षण किया था तो उसे समय पाया था कि निर्माण कार्य काफी घटिया हुआ है। यहां काम कर रहे मजदूरों को 425 रुपया के जगह मात्र ?300 दिया जा रहा है ।उस समय सांसद ने संवेदक को कहा था कि प्रत्येक मजदूरों को 425 रुपया जब से मजदूर काम कर रहे हैं तब से भुगतान करना होगा और जब तक मजदूरों का बकाया राशि के भुगतान नहीं होता है और सभी मामलों में आपसी सहमति नहीं बनती है तब तक काम को स्थगित रखा जाए ।कम मजदूरी देने के लिए लेबर ऑफिसर को प्राथमिक की दर्ज करने का निर्देश दिया गया था तथा कनीय अभियंता को एस्टीमेट के आधार पर सबके सहमति के बाद कार्य प्रारंभ करवाने की बात कही गई थी। आज मजदूरों को जानकारी हुआ कि संवेदक बाहरी मजदूरों से काम प्रारंभ करवा दिया है तो मजदूर सभी भड़क गए। अस्पताल पहुंचकर जमकर नारेबाजी किया और कहे कि जब तक हमारा बकाया राशि का भुगतान नहीं होता है हम लोग काम नहीं करने देंगे और जब भी यहां काम प्रारंभ होगा तो हम स्थानीय मजदूर ही काम करेंगे क्योंकि जब से अस्पताल का काम प्रारंभ हुआ है हम लोग ही यहां पर काम कर रहे हैं। मुखिया ने कहा कि यह पांचवी अनुसूचित क्षेत्र है। संवेदक को चेतावनी देते हुए मुखिया ने कहा कि मजदूरों के ऊपर हो रहे शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।मजदूरों को बकाया राशि का भुगतान करना होगा ।मौके पर लेबर ऑफिसर और पुलिस अधिकारी भी पहुंचे और संवेदक के मुंशी को फटकार लगाते हुए कहा कि मजदूरों के बकाया राशि का भुगतान करें ।लेबर ऑफिसर ने कहा कि संवेदक को मजदूरों को कम मजदूरी देने के लिए नोटिस भेजा था जिसका जवाब अभी तक संवेदक ने नहीं दिया है। मौके पर मनोज सोन तिर्की, सहित मजदूर एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

लोहरदगा कांग्रेस पार्टी में उम्मीदवारी को लेकर दो दिग्गज नेताओं के बीच आर पार की लड़ाई, तीसरा लपकने को तैयार

➲ जगदीप भगत संगठन के लिए किया बेहतर काम बावजूद टिकट की दौड़ में उनका नाम तक नहीं

प्रभात मंत्र @ राजेश गुप्ता

लोहरदगा : राज्य भर में विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर आचार संहिता लागू हो गई है। जिसके साथ ही राजनीतिक खेमे में लोहरदगा हॉट सीट को लेकर राजनीतिक मारामारी भी शुरू हो गई है। एक ओर वर्तमान में रहे विधायक डॉ रामेश्वर उरांव फिर से लोहरदगा विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं तो वहीं दूसरी तरफ 2024 के नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत अपने ही खेमे के लोग को उम्मीदवार के रूप में विधानसभा चुनाव में उतरना चाह रहे हैं जिस मुश्किल अटकलें के बीच कांग्रेस में आपसी राजनीतिक मारामारी देखी जा रही है।इन दिनों कांग्रेस पार्टी में उम्मीदवारी को लेकर दो गुटों के बीच आर पार की लड़ाई देखने को मिल रही है एक तरफ सिटिंग विधायक डॉक्टर रामेश्वर उरांव तो दूसरी तरफ सुखदेव भगत अपने बेटे

अभिनव सिद्धार्थ के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। सुखदेव भगत के खेमे के लोग स्थानीय उम्मीदवार की मांग प्रमुखता के साथ उठा रहे हैं साथ ही इन्होंने सामाजिक संगठन अंजुमन इस्लामिया के द्वारा भी सुखदेव भगत के पक्ष में आ खड़े हुए हैं। सुखदेव भगत के खेमे के द्वारा गांव-गांव में जाकर वीडियो बना रहे हैं उन लोगों से बुलावा रहे हैं कि मुझे स्थानीय उम्मीदवार चाहिए ना कि डॉक्टर रामेश्वर उरांव। बाहरी भीतरी का खेल बहुत जोरों से कांग्रेस पार्टी में चल रही है। जिसमे सुखदेव भगत के खेमे के लोग डॉक्टर रामेश्वर उरांव जो सेटिंग विधायक है उनका पत्ता साफ करने के लिए साम दाम दंड भेद की नीति अपनाते हुए उनको आउट करने में लगे हुए हैं। सबसे मजेदार की बात यह है कि सुखदेव भगत के द्वारा स्थानीय उम्मीदवार की बात तो करते हैं पर वह उम्मीदवार कौन होगा यह बताते नही।ऐसे में बहुत लंबे समय से संगठन में काम करते आ रहे हैं जगदीप भगत ने जब 2004 लोकसभा चुनाव में डॉ रामेश्वर उरांव के लिए और 2005 विधानसभा चुनाव में सुखदेव भगत के लिए पूरी ईमानदारी के साथ यह सोचकर काम किया था कि आने वाला समय में उन्हें मौका मिलेगा पर ऐसा नहीं है दूर दूर तक जगदीप भगत का नाम तक नहीं है। इस मंजर को देखकर अब ऐसा लग रहा है की जगदीप भगत के सारे उम्मीदों पर पानी फिर गया हो। इस राजनीति में कांग्रेस को विरासत में मिला परिवारवाद जो सब लोग अपने अपने बेटे को उम्मीदवार बनाने में जुटे हुए हैं। जबकि संगठनात्मक सोच किन्ही में नहीं दिख रही है। जबकि पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने अपने एक बयान में कहा था कि कांग्रेस पार्टी में ऐसा कोई संविधान नहीं है की स्थानीय उम्मीदवार ही होना चाहिए उन्होंने कहा कि डॉ रामेश्वर उरांव काफी लंबे समय से संगठनात्मक दृष्टिकोण से जिले के विकास में सकारात्मक कार्य करते आ रहे हैं जिसे झूठ लाया नहीं जा सकता। इसको लेकर भी जनता बड़ी दुविधा में देखे जा रहे है कही ऐसा न हो की इस आपसी राजनीतिक मारामारी में किसी और को फायदा मिल जाए।बताते चलें की इस राजनीतिक भागदौड़ में कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवारी को लेकर लोहरदगा जिला में उपायुक्त रह चुके दिलीप टोप्पो भी लगे हुए है।अब देखना होगा की लोहरदगा हॉट सीट के लिए उम्मीदवार की नामो की घोषणा कब होती है।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

प्रभात मंत्र

विविध

रांची, शनिवार, 19 अक्टूबर 2024 | पेज 12

चलते चलते एक नजर

राज्यपाल से पूर्व मंत्री और मौसम विभाग के प्रमुख ने की मुलाकात

रांची (प्रभाम मंत्र संवाददाता): राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को राज्य के पूर्व मंत्री राधाकृष्णन किशोर ने राजभवन में मुलाकात की। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग (स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज) के अंतर्गत एचआर विषय में संविदा शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के संबंध में राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया। दूसरी ओर, राज्यपाल से भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने राजभवन में मुलाकात की। आनंद ने भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रांची में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राज्यपाल को आमंत्रित किया।

रांची नगर निगम ने डीएवी स्कूल में 200 पौधों का किया वितरण

रांची (प्रभाम मंत्र संवाददाता): रांची नगर निगम, लायंस क्लब ऑफ समर्पण और रिलेशंस की ओर से शुक्रवार को कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल में छात्रों के बीच 200 पौधो का वितरण किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत सेमिनार का भी आयोजन किया गया। रांची नगर निगम के नगर आयुक्त संदीप सिंह के निर्देश पर पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण अभियान हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को पर्यावरण एवं प्रकृति की रक्षा के लिए आगे आना पड़ेगा, तभी हम अपनी प्रकृति को हरा भरा, स्वच्छ एवं सुंदर रख सकते हैं। इस दौरान रांची नगर निगम के सहायक अभियंता सौरभ केशरी, लायंस क्लब ऑफ समर्पण की अध्यक्ष सीमा सिंह, रीना अग्रवाल,हेमा बंका, सुमिता बेदी, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, सिंधु बाला, आर्य प्रहलाद, रांची नगर निगम के सुपरवाइजर राज कुमार, सुधाकर यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

किसी के लिए आसान नहीं है मधुपुर की राह?

अरशद मधुपुरी @ प्रभात मंत्र

मधुपुर : झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का चुनावी घंटी बजते ही चौक चौराहे पर चाय की चुस्की के साथ चुनावी चर्चा शुरू हो गई है कि कौन होगा मधुपुर विधानसभा का किंग ? इसकी क्यास लगाना अब जनता ने शुरू कर दिया है। बता दें कि इस बार की मधुपुर विधानसभा का चुनाव काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि भाजपा की इस सीट पर कड़ी निगाह है और किसी भी तरह इस बार मधुपुर विधानसभा सीट भाजपा अपनी झोली में डालने के फिराक में है। अभी तक किसी पार्टी ने मधुपुर विधानसभा के लिए उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। मगर यह तय है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा इंडिया गठबंधन की तरफ से उम्मीदवार वर्तमान मंत्री हफीजुल हसन ही होंगे। वही भाजपा की तरफ से इस बार कौन उम्मीदवार होगा, इसका चर्चा जोरों पर है। चर्चा है कि गंगा नारायण सिंह या राज पालीवार दोनों में कोई एक उम्मीदवार हो सकते हैं। मगर जो भी हो भाजपा मुकाबला देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इसलिए इस बार का चुनाव वर्तमान मंत्री हफीजुल हसन के लिए काफी संघर्ष वाला रहेगा।

क्योंकि बहुजन समाज पार्टी की तरफ से पूर्व नपा उपाध्यक्ष जिया उल हक टार्जन और ए.आइ.एम.आइ.एम की तरफ से अब्दुल लतीफ अंसारी की उम्मीदवारी का चर्चा जोरों पर है। वही जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा की तरफ से सहीम खान भी उम्मीदवार हो सकते हैं। जिसकी भी चर्चा हो रही है। इसीलिए इस बार वर्तमान मंत्री हफीजुल हसन के लिए सर दर्द बन सकता है। क्योंकि मधुपुर का इतिहास रहा है कि जब-जब अल्पसंख्यक के मतो का बिखराव होता है, झारखंड मुक्ति मोर्चा की शिकस्त तय है। इतना ही नहीं भाजपा के वोटो की भी बिखराव होता है तो भाजपा की जीत बड़ा मुश्किल हो जाता है। मधुपुर विधानसभा का चुनाव दिलचस्प रहा है। क्योंकि यहां जाति समीकरण बनाने में जो फिट रहता है, जीत उसी का होता है। मगर इस बार ऐसा नहीं लग रहा है। वर्तमान मंत्री से अल्पसंख्यक के लोग नाराज चल रहे हैं। इसीलिए वर्तमान मंत्री को चाहिए कि अल्पसंख्यकों को सिमट कर रखें। वरना 2024 की चुनाव इनके लिए ठीक नहीं होगा। क्योंकि मधुपुर विधानसभा में जाति समीकरण को बनाए रखना सबसे बड़ी जीत की कला है। जो इसमें कामयाब होगा वही मधुपुर विधानसभा का किंग रहेगा। मधुपुर विधानसभा में लगभग कुल 3 लाख 50 हजार मतदाता है। जिसमें 27 प्रतिशत अल्पसंख्या 15 प्रतिशत आदिवासी 25 प्रतिशत दलित 15 प्रतिशत यादव 7 प्रतिशत ब्राह्मण 5 प्रतिशत प्रतिशत राजपूत 4 प्रतिशत प्रतिशत कास्य 10 प्रतिशत भूमिहार अन्य तीन प्रतिशत है। इसीलिए जाति समीकरण मधुपुर विधानसभा चुनाव के लिए बहुत बड़ी अहमियत रखती है। मधुपुर विधानसभा सीट 1995 में पहली बार झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कांग्रेस के कद्दावर प्रत्याशी बिहार सरकार के मंत्री कृष्णानंद झा को पराजित कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के हाजी हुसैन अंसारी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की झोली में डाला था। और 2004 तक विधायक रहे।

मगर 2005 की चुनाव में भाजपा के राज पालीवार ने यह सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा से झपटकर भाजपा की झोली में डाली। मगर 2009 की चुनाव में दोबारा झारखंड मुक्ति मोर्चा के हाजी हुसैन अंसारी ने भाजपा से यह सीट छीन लिए और तीसरी बार विधायक चुने गए। 2014 में फिर भाजपा के राज पालीवार ने हाजी हुसैन अंसारी को पराजित कर दोबारा मधुपुर से विधायक चुने गए। वही 2019 की चुनाव में फिर चौथी बार मधुपुर विधानसभा से हाजी हुसैन अंसारी को विधायक चुन कर भेजा गया और झारखंड सरकार में तीसरी बार मंत्री बने। मगर कोरोना काल में हाजी हुसैन अंसारी की मृत्यु हो गई और 2021 में उप चुनाव करना पड़ा। इस उपचुनाव में भाजपा ने अपने प्रत्याशी बदलकर गंगा नारायण सिंह को प्रत्याशी बनाया। वही झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के हर दिल अजीज नेता पूर्व मंत्री हाजी हुसैन अंसारी के बड़े पुत्र हफीजुल हसन को प्रत्याशी बनाया गया।

उप चुनाव से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरे ने प्रत्याशी हफीजुल हसन को झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल कर उन्हें मधुपुर विधानसभा सीट के प्रत्याशी बनाकर उतारा। मगर उपचुनाव में मात्र 5247 मतों से भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह को पराजित कर अपने पिता कि वकार को बरकरार रखने में कामयाब हो गए और हफीजुल हसन मधुपुर विधानसभा से विधायक चुन लिए गए। 2021 की उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी हफीजुल हसन को 110 812 मत मिले वही भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह को 105565 मत लाकर कड़ी मुकाबला दिए। इस तरह भाजपा प्रत्याशी उपचुनाव में पराजित हो गए।अब देखना है कि भाजपा अपना किसे प्रत्याशी बनाते हैं ? गंगा नारायण सिंह को या पूर्व मंत्री राज पालीवार को। क्योंकि भाजपा जब भी राज पालीवार के जगह प्रत्याशी बदलकर दूसरे को प्रत्याशी बनाया है तो भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा हैं। मगर इस बार ऐसा नहीं होने जा रहा है। भाजपा जिसे भी प्रत्याशी बनाए मुकाबला कड़ी होगी। मगर अब देखना है कि मधुपुर विधानसभा चुनावी मैदान में कौन-कौन प्रत्याशी के रूप में उतरते हैं। मगर इतना तो तय है कि मधुपुर विधानसभा में असल लड़ाई भाजपा और इंडिया गठबंधन झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच ही होगी।

दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री जय भीम योजना को दोबारा किया शुरू

नई दिल्ली : दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने गरीबों के बच्चों की पढ़ाई के लिए एक क्रांतिकारी फैसला लिया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले गरीब परिवार के छात्रों को मुफ्त कोचिंग दिलाने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री जय भीम योजना को दोबारा शुरू कर दिया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आतिशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कैबिनेट ने इस पर मोहर लगा दी।आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस योजना के तहत एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस समाज के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी मुफ्त में कराई जाएगी। भाजपा ने काम रोककर दिल्लीवालों को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिल्लीवाले मेरे परिवार का हिस्सा हैं, वे उन्हें तकलीफ में नहीं देख सकते। अब वे जेल से बाहर आ गए हैं और भाजपा द्वारा रोके गए जय भीम योजना समेत सभी कामों को दोबारा शुरू करा रहे हैं।केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में 2017 में हमने मुख्यमंत्री जय भीम योजना शुरू की थी। इसके तहत हम दलित, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस कैटेगरी से आने वाले बच्चों को कोचिंग करने में मदद करते थे।

झामुमो ने झारखंड में बने एनडीए गठजोड़ पर जमकर साधा निशाना

कॉरपोरेट लूट के लिए यह गठजोड़ भाजपा ने बनाया है : झामुमो

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने झारखंड में बने एनडीए गठजोड़ पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में लूट, समाज को बांटने, समाज में जहर घोलने, जाति-धर्म की फसाद खड़ा करने के लिए एक नापाक गठजोड़ का स्वरूप दिखा।

उन्होंने आजसू पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पिछली बार गांव की सरकार बनाने निकले थे, अब सरकार बदलने के लिए वह पार्टी दस पर आकर अटक गयी। अब सरकार बदलने के लिए पता नहीं 10 में एक सीट भी जीत पाएंगे या नहीं, यह तो 23 नवंबर को पता चल पाएगा। उन्होंने कहा कि जिसकी बदौलत केंद्र में सरकार है, वह दो सीट पर आकर सिमट गए। एक केंद्रीय मंत्री एक सीट के लिए याचना करते रहे। मगर झारखंड में यह गठजोड़ नहीं चलेगा, आगामी 13 एवं 20 नवंबर को झारखंड के आदिवासी-मूलवासी, किसान, युवा, ग्रामीण, महिला ऐसी चोट करेंगे कि यह लोग डबल डिजिट में भी नहीं आ पाएंगे। रही बात भाजपा की तो यहां पर कॉरपोरेट लूट के लिए यह गठजोड़ उसने बनाया है। भट्टाचार्य शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज जो लोग झामुमो में आए वह एक बानगी थी। अभी तो इनके कैंडिडेट आने बाकी हैं, सूची जारी होते ही तबाही मचेगी। एक नहीं हजारों हमारे दल से संपर्क में हैं। हमने कहा दिया है कि अभी नो एंट्री, पहले पश्चताप करो, फिर संघर्ष करो तब ही मिलेगी एंट्री। उन्होंने कहा कि उनके पार्टी में आज दो दलित नेता शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वो जहां थे, वहां न तो उन्हें बोलने की आजादी थी, ना अपने लोगों के लिए कुछ करने की। वे लोग घुटन महसूस कर रहे थे। इससे पता चलता है कि भाजपा एवं उनके सहयोगी दलों में आदिवासी, दलित और वंचित समाज के लोगों की क्या स्थिति है, क्या सोच है। उन्होंने कहा कि शहीदों के शहादत पर इस राज्य का गठन हुआ है। इस राज्य को लूटने नहीं दिया जायेगा।

'गंगा विलास' क्रुज से दुनिया के लंबे सफर पर निकलेंगे 30 पर्यटक

रांची : गंगा में राष्ट्रीय जलमार्ग-एक (हल्दिया से प्रयागराज) के रास्ते कई देशों के 30 पर्यटक दिसंबर-जनवरी में दुनिया के सबसे लंबे सफर पर निकलेंगे। ये पर्यटक सितारा सुविधाओं से लैस 'गंगा विलास' क्रूज पर सवार होकर कोलकाता से रवाना होंगे। वहां से साहिबगंज होते हुए बनारस जाएंगे। फिर कोलकाता वापस लौटकर बांग्लादेश होते हुए असम के डिब्रूगढ़ तक जाएंगे। इस यात्रा के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने रूट फाइनल कर दिया है। करीब 3200 किलोमीटर की यात्रा के दौरान क्रूज 27 रिवर सिस्टम से गुजरेगा, इसमें तीन डेक और 18 सुईट उपलब्ध हैं। 51 दिनों की यात्रा के लिए पर्यटकों को करीब साढ़े 25 लाख रुपये खर्च करने होंगे। 24 घंटे के लिए 50 हजार रुपये (प्रति सूईट) किराया तय किया गया है। वर्ष 2023 में किराया 25 हजार रुपये (24 घंटे का) था लेकिन इस बार किराये में दोगुणी वृद्धि की गई है।

पीएम के दौरे को लेकर मुख्य सचिव व डीजीपी ने ली जानकारी

प्रभाम मंत्र संवाददाता

वाराणसी : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित वाराणसी दौरे की तैयारियों पर प्रदेश सरकार की भी नजर है। शुक्रवार को प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार तथा डीजीपी प्रशांत कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्थानीय जिला प्रशासन के अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री मोदी के वाराणसी दौरे की अब तक हुई तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान सभी सम्बंधित विभाग अपनी तैयारी पूरी तन्मयता से करें। मुख्य सचिव ने पूरे कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक डायवर्जन तथा वीवीआईपी मूवमेंट को लेकर उचित व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। प्रदेश के डीजीपी ने सुरक्षा के मजबूत प्रबंध के साथ किसी भी स्तर पर कोई कोताही नहीं बरतने की खास हिदायत दी। बैठक में मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित आगमन के दौरान की गयी तैयारियों को मुख्य सचिव के समक्ष रखा। इस दौरान अफसरों ने बताया कि पूरे शहर में साफ-सफाई के साथ सड़कों को गड्ढामुक्त किया जा रहा है। लाइटिंग की उचित व्यवस्था भी की गई है। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि प्रधानमंत्री के मौजूदगी के दौरान बिजली विभाग का कोई भी पावर कट न होने पाये इसको विभागीय अफसर सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने प्रधानमंत्री के वाराणसी आगमन के दौरान प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान की गयी तैयारियों को मुख्य सचिव के समक्ष रखा।

अपनी ताकत का अहसास कराएगी जनता, होगा महाजुटान : मंत्री मिथिलेश

मंत्री मिथिलेश 21 को करेंगे नामांकन, सीएम हेमंत होंगे शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में होने वाले चुनाव के लिए गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र से गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर 21 अक्टूबर को झारखंड मुक्ति मोर्चा से नामांकन करेंगे। मंत्री श्री ठाकुर के नामांकन में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि उनके नामांकन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित महागठबंधन के कई नेता शामिल होंगे। नामांकन कार्यक्रम में महागठबंधन के कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित आमजनों का महाजुटान होगा।विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा, रंका, मेराल, चिनियां, रमकंडा व डंडा सभी प्रखंडों के प्रत्येक गांव से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता शामिल होंगे। सभी लोग रामासाहू उच्च विद्यालय के स्टेडियम में एकत्रित होंगे। वहां से मंझिआव मोड़, मेन रोड, रंका मोड़ होते हुए रैली टाउन हॉल के मैदान में पहुंचेगी। टाउन हॉल से मंत्री श्री ठाकुर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ नामांकन के लिए जाएंगे। नामांकन के बाद टाउन हॉल के मैदान में मुख्यमंत्री एवं मंत्री श्री ठाकुर जनसभा को संबोधित करेंगे। मंत्री ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सभी लोगों से नामांकन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की चाबी जनता के हाथ में होती है। जनता अपनी ताकत का अहसास कराएगी। गढ़वा की जनता अपना हक अधिकार लूटने वालों एवं विकास विरोधियों को उखाड़ फेंकने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

अपराधियों की कमाई को निवेश करने वाले लोगों की सूची तैयार कर रही एटीएस

रांची : आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) राज्य में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार एटीएस को अमन साव, सुजीत सिन्हा, डब्लू सिंह और प्रिंस खान जैसे कई कुख्यात अपराधियों की करोड़ों की संपत्ति की जानकारी मिली है, जिसकी जांच शुरू कर दी गई है। एटीएस अब कुख्यात अपराधियों को आर्थिक रूप से कमजोर करने में जुटी है। एटीएस राज्य में सक्रिय सभी संगठित आपराधिक गिरोहों की कमाई पर नजर रख रही है। यह भी पता चला है कि कुख्यात अपराधियों की रांची जैसे शहरों में करोड़ों की संपत्ति है। ऐसी सभी संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। गैंगस्टर अमन साहू सहित अन्य सभी अपराधियों का आर्थिक स्रोत खंगाला जा रहा है।

मुख्यमंत्री धामी को सौंपा गया समान नागरिक संहिता नियमावली का ड्राफ्ट

एजेंसी

देहरादून : समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड 2024 अधिनियम के राज्य में क्रियान्वयन के लिए सेवानिवृत्त आईएएस शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में बनाई गई 'नियमावली और क्रियान्वयन समिति' ने सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को नियमावली का ड्राफ्ट सौंपा।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा और स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा मौजूद रहे। समिति द्वारा समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड 2024 अधिनियम की नियमावली का ड्राफ्ट सौंपे जाने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 2022 में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद हमने मंत्री मण्डल की पहली बैठक में निर्णय लिया कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देशाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति बनाई गई। कमेटी के रिपोर्ट सौंपने के बाद 07 फरवरी, 2024 को राज्य विधान सभा में पारित किया गया। उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता विधेयक 2024 पर राष्ट्रपति की सहमति के बाद 12 मार्च, 2024 को समान नागरिक संहिता उत्तराखण्ड, 2024 अधिनियम पारित हुआ। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, विनय शंकर पाण्डेय, विशेष सचिव रिद्धिम अग्रवाल, महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी उपस्थित रहे।